ಶುಭ್ ಲಾಭ್

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

DAILY

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



हम्पी सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । मंगलवार, 11 मार्च, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-6 रु.। वर्ष-7 । अंक-69

### हंगामे के साथ शुरू हुआ बजट सत्र का दूसरा चरण

# वोटर लिस्ट और एनईपी पर पक्ष-विपक्ष में फिर टकराव

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आजे से शुरू हुआ। पहले ही दिन विपक्ष और सरकार के बीच राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के माध्यम से कथित तौर पर 'हिंदी' भाषा थोपे जाने को लेकर एक बार फिर टकराव देखने को मिला। डीएमके सांसदों ने केंद्र पर शिक्षा निधि रोकने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या राज्य सरकार के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध के लिए स्कूल फंड का इस्तेमाल करना उचित है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हमले का जवाब दिया और विरोध करने वाले सदस्यों पर एनईपी पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही राहुल गांधी ने मतदाता सूची के मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की मांग उठाई। वहीं, संसद के दोनों सदनों ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने पर सोमवार को भारतीय क्रिकेट टीम को बधाई दी और भविष्य के मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं।



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के जवाब के बाद द्रमुक सदस्यों ने किया हंगामा

लोकसभा में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर द्रमुक सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित करनी पड़ी। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्षी दल पर तमिलनाडु के छात्रों के भविष्य को बर्बाद करने का आरोप लगाया। पीएमश्री योजना को लेकर द्रमुक सांसद टी सुमति के पूरक प्रश्न पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के जवाब के बाद द्रमुक सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में द्रमुक सदस्यों के विरोध के बाद अपने वक्तव्य से एक शब्द वापस ले लिया और आसन ने भी इस शब्द को सदन की कार्यवाही से हटाने का निर्देश दिया।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं इस बात से सहमत हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''पूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए।''

कांग्रेस के कई सदस्यों ने केरल में 'आशा' कार्यकर्ताओं के आंदोलन का विषय सोमवार को लोकसभा में उठाया और केंद्र सरकार से आग्रह किया कि बैठक बुलाकर मामले का समाधान किया जाए। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, शशि थरूर, वीके श्रीकंदन और शफी परम्बिल ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाया।समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद आनंद भदौरिया ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले में एक पत्रकार की हत्या का मुद्दा सोमवार को लोकसभा में उठाया और इस घटना की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आग्रह किया।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक पर चुनाव जीतने के लिए भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए सोमवार को दावा किया ▶10पर

### बिहार चुनाव से पहले अमित शाह का बड़ा ऐलान

## राम मंदिर के बाद अब सीता माता मंदिर की बारी



### सीता माता मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा

**पटना, 10 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने गुजरात के विकास में योगदान देने के लिए मिथिलांचल और बिहार के लोगों की सराहना की और कहा कि इस क्षेत्र में प्राचीन काल से लोकतंत्र और दर्शन को सशक्त बनाने का इतिहास रहा है। 'शाश्वत मिथिला महोत्सव 2025' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी वादा किया कि सीता माता का एक भव्य मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जब मैं बिहार गया था, तो मैंने कहा था कि राम मंदिर तो बन गया, अब सीता माता का भव्य मंदिर बनाने की बारी है। मंदिर पूरी दुनिया को नारी शक्ति का संदेश देगा और यह भी कि जीवन को हर तरह से आदर्श कैसे बनाया जाए।

शाह ने कहा कि गुजरात में बसे मिथिलांचल और बिहार के लोगों ने इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य में उनका सम्मान, सुरक्षा और स्वागत है। मिथिला की भूमि रामायण और महाभारत के समय से ही बुद्धिजीवियों की भूमि रही है, जिसमें प्राचीन विदेह राज्य लोकतंत्र की जननी है। उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिलजुलकर रहेंगे, उन्हें कोई नहीं हरा सकता। मिथिलांचल लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत साबित हुआ, जो सालों तक पूरे देश को अपना संदेश देता रहा। मिथिलांचल शास्त्रार्थ की भी भूमि रही है।

शाह ने कहा, ''महात्मा बुद्ध ने कई बार कहा था कि जब तक विदेह के लोग मिल-जुलकर रहेंगे, उन्हें कोई नहीं हरा सकता। मिथिलांचल लोकतंत्र की एक मजबूत ताकत साबित हुआ, जो वर्षों तक पूरे देश को अपना संदेश देता रहा। मिथिलांचल शास्त्रार्थ की भी भूमि रही है। शाह के बयान पर भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि बिहार के लोग इस खबर से उत्साहित हैं। भारत सरकार ने बिहार के लोगों के कल्याण के लिए काम करने का संकल्प लिया है और यह गर्व की बात है कि उनकी जन्मभूमि पर एक भव्य मंदिर बनाया जाएगा।

## महाकुंभ के दौरान स्नान लायक था गंगा का पानी : केंद्र ने संसद में दी जानकारी

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोमवार को कहा कि हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले से जुड़े प्रयागराज के निकट सात स्थानों पर गंगा जल की गुणवत्ता मेले के दौरान स्नान के लिए सभी मानकों को पूरा करती है। यादव लोकसभा में सपा सांसद आनंद भदौरिया और केरल से कांग्रेस सांसद के. सुधाकरन द्वारा मेले के दौरान पानी की गुणवत्ता पर पूछे गए सवालों का जवाब दे रहे थे। विपक्षी सांसदों द्वारा उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए यादव ने कहा कि कमलेश सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य में एनजीटी के आदेश के अनुसरण में,



सीपीसीबी ने 12 जनवरी, 2025 से संगम नोज (गंगा और यमुना के संगम बिंदु) सहित श्रृंगवेरपुर घाट (प्रयागराज के ऊपर) से दीहाघाट (प्रयागराज के नीचे) तक के खंड में सात स्थानों (सप्ताह में दो बार) पर नियमित जल गुणवत्ता ▶10पर

## रेलवे संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी, 5 वर्ष में सभी ट्रेनों में कवच लगाने का संकल्प

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में यात्री सुरक्षा के बारे में सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता को दोहराते हुए सोमवार को राज्यसभा में कहा कि नयी विकसित टक्कर रोधी प्रणाली कवच अगले पांच वर्षों में पूरे नेटवर्क पर लगा दी जायेगी।

श्री वैष्णव ने सदन में रेल संशोधन (विधेयक) 2024 पर करीब तीन घंटे से अधिक चली चर्चा का जवाब देते हुए महाकुंभ के दौरान नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान सीसी टीवी कैमरे बंद किये जाने के विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई कैमरा बंद नहीं किया



गया था।रेल मंत्री के जवाब के बाद सदन ने विपक्ष के संशोधन प्रस्तावों को खारिज करते हुए विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया जिससे इस पर संसद की मुहर लग गयी। लोकसभा इस विधेयक को पहले ही पारित कर चुकी है। ▶10पर

## वानुआतु के पीएम ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया : रिपोर्ट




**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** वानुआतु के प्रधानमंत्री जोथम नापत ने नागरिकता आयोग को पूर्व आईपीएल प्रमुख और भगोड़े ललित मोदी को जारी वानुआतु पासपोर्ट रद्द करने का निर्देश दिया है। रिपोर्टों और प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक कथित प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री नापत ने कहा कि हालांकि जांच में कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ है, लेकिन हाल ही में उन्हें बताया गया कि इंटरपोल ने अपर्याप्त साक्ष्य के कारण ललित मोदी पर अलर्ट जारी करने के भारतीय अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया है।

प्रेस विज्ञप्ति में प्रधानमंत्री के हवाले से कहा गया है, मैंने नागरिकता आयोग को श्री मोदी के वानुआतु पासपोर्ट को रद्द करने की कार्यवाही तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया है। श्री नपत के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, जबकि उनके आवेदन के दौरान की गई इंटरपोल स्क्रीनिंग सहित सभी मानक पृष्ठभूमि जांचों में कोई आपराधिक दोष सिद्ध नहीं हुआ, मुझे पिछले 24 घंटों में पता चला है ▶10पर

## एयर इंडिया के विमान को मिली बम की धमकी

**मुंबई, 10 मार्च (एजेंसियां)।** मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाले एयर इंडिया के विमान (एआई119) को सोमवार को बम की धमकी के बाद बीच उड़ान से ही वापस लौटना पड़ा।

एयर इंडिया के बयान के अनुसार, उड़ान भरने के आठ घंटे बाद विमान के शौचालय में विस्फोट की धमकी भरा नोट मिला। बोइंग 777 विमान, जिसमें 303 यात्री और 19 चालक दल के सदस्य सवार थे, अजरबैजान के ऊपर से उड़ रहा था। उसी दौरान, विमान ने अपना रास्ता बदला और मुंबई लौट आया। लैंडिंग के बाद, विमान की जांच की गई लेकिन बाद में, ▶10पर

### राज ठाकरे के गंगाजल बयान पर सियासी संग्राम

## हिंदू धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं : नितेश राणे

**मुंबई, 10 मार्च (एजेंसियां)।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे की गंगाजल और महाकुंभ पर टिप्पणी से सियासी हलचल तेज हो गई है। उनके बयान पर प्रहार करते हुए भाजपा के नेता और महाराष्ट्र में मंत्री नितेश राणे ने ठाकरे को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि गंगा की सफाई को लेकर पीएम मोदी की



सरकार ने कई बड़े कदम उठाए है। लेकिन राज ठाकरे को इसकी पूरी जानकारी नहीं है। उन्होंने ठाकरे पर हिंदू धर्म का अपमान करने का आरोप भी लगाया। बीजेपी विधायक नितेश राणे ने कहा कि राज ठाकरे को कम जानकारी है कि मोदी सरकार ने गंगा को स्वच्छ करने के लिए कितने प्रयास किए हैं। हिंदू धर्म का अपमान करने का अधिकार किसी को नहीं है। मैं खुद महाकुंभ में गया हूं और मेरी मां भी मेरे साथ थीं। लेकिन इससे हमें कोई नुकसान नहीं हुआ. राणे ने ठाकरे की टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे केवल हिंदू परंपराओं पर सवाल उठाते हैं। जबकि अन्य धार्मिक प्रथाओं पर चुप्पी साधे रहते हैं। राणे ने कहा कि राज ठाकरे ने कभी बकरीद को लेकर सवाल क्यों नहीं उठाए? बकरीद के दौरान बड़ी मात्रा में खून नदियों और ▶10पर

### प्रयागराज महाकुंभ में उपयुक्त था स्नान के लिए गंगा और यमुना का पानी : सीपीसीबी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले के दौरान गंगा और यमुना नदियों का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। यह रिपोर्ट राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पानी की गुणवत्ता प्रमुख मापदंडों पर सही पाई गई है। ▶10पर

### बशीरहाट में काली माता मंदिर पर हमला कर कट्टरपंथियों ने मूर्तियाँ तोड़ी

## बंगाल को 'ग्रेटर बांग्लादेश' बना रहीं ममता बनर्जी : भाजपा



**कोलकाता, 10 मार्च (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल में एक बार फिर हिंदू मंदिरों पर हमले की खबर सामने आई है। रविवार (9 मार्च 2025) को बशीरहाट शहर के शंखचूरा बाजार में काली माता के मंदिर में कट्टरपंथियों ने तोड़फोड़ की और काली माता की मूर्ति को खंडित कर दिया गया। इस भीड़ की अगुवाई स्थानीय टीएमसी नेता शाहनूर मंडल कर रहा था। भाजपा नेता दिलीप घोष ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि माँ काली की मूर्ति को नुकसान पहुँचाया गया। ▶10पर

### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

**सोना : 88,700/-**
**(प्रति 10 ग्राम)**
**चाँदी : 99,300/-**
**(प्रति किलोग्राम)**

### मौसम बेंगलूरु

**अधिकतम : $34^0$**
**न्यूनतम : $22^0$**

### शराब घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई

# छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर छापा

**रायपुर, 10 मार्च (एजेंसियां)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल और उनके बेटे के ठिकानों पर आज सुबह ईडी ने छापा मारा है। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन मामले से जुड़े कथित शराब घोटाले में कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने आज सोमवार की तड़के भिलाई स्थित भूपेश बघेल के निवास और चैतन्य बघेल के घर पर छापेमारी की है। इसके अलावा टीम अन्य कई स्थानों पर कार्रवाई कर रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले से जुड़े कथित शराब घोटाले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के ठिकानों पर छापा मारा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी छापेमारी की जानकारी लगाने पर उनके बड़ी संख्या में समर्थकों ने निवास पहुंचकर ईडी के खिलाफ नारेबाजी कर रहे है।

पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने ईडी की कार्रवाई को लेकर कहा कि सात वर्षों से चले आ रहे झूठे केस को जब अदालत में बर्खास्त कर दिया गया तो आज ईडी के मेहमानों ने पूर्व मुख्यमंत्री, कांग्रेस



### बघेल के बेटे चैतन्य के कई ठिकानों पर भी रेड

महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई निवास में आज सुबह प्रवेश किया है। अगर इस षड्यंत्र से कोई पंजाब में कांग्रेस को रोकने का प्रयास कर रहा है, तो यह गलतफहमी है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के घर पर चल रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी कर रही है। ईडी कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ में 14 स्थानों पर छापेमारी कर रहा है। भूपेश बघेल महादेव बैटिंग ऐप से चर्चा में आए थे और अब बेटा शराब नीति में अनियमितताओं के मामले में फंस गया है। भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य के खिलाफ आज सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी छापेमारी की। केंद्रीय एजेंसी ने चैतन्य के 15 ठिकानों पर ताबड़तोड़ रेड की। चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी की टीम कार्रवाई करने बिल्कुल सुबह पहुंची। उनके खिलाफ शराब नीति में अनियमितताओं, मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ये छापेमारी की जा रही है। एजेंसी ने दस्तावेजों की जांच के साथ-साथ अन्य सबूतों की तलाश की। इस दौरान एजेंसी ने कई सारे डाटा को जब्त भी कर लिया। दिल्ली की ही तरह छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस राज में एक शराब घोटाला किया गया था। ये घोटाला 2161 करोड़ रुपयों का है। ▶10पर

### कार्टून कॉर्नर



### शी राइजिंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# महिलाओं को सशक्त करने वाला समाज की वास्तव में करता है प्रगति: रंजीत सोलंकी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

जीतो महिला विंग बेंगलूरु साउथ द्वारा पहचान वर्टिकल के अंतर्गत नारी सशक्तिकरण का जश्न मनाने, 'शी राइजिंग' कार्यक्रम का भव्य आयोजन, सीबी भंडारी कॉलेज, केआर रोड में किया गया, जो इस आयोजन के लिए वेन्यू स्पॉन्सर भी रहा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में 200 से अधिक महिलाओं ने उत्साह-पूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षा बबीता रायसोनी ने सभी का स्वागत किया और अपने प्रेरणादायक संबोधन में महिलाओं की तुलना हीरे से की।

उन्होंने कहा यदि हीरा धरती के अंदर ही पड़ा रहे तो उसकी कोई कीमत नहीं होती, लेकिन जब उसे निकाला जाता है, तराशा जाता है, तब वह चमकता है और मूल्यवान बनता है। इसी तरह, यदि महिलाएं अपनी क्षमताओं को बाहर नहीं लाएंगी, तो न तो वे खुद के लिए और न ही समाज के लिए उपयोगी बन पाएंगी। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्यास्त पूर्व भोज से हुई, जिसके बाद नवकार मंत्र का पाठ और गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया।

जीतो बेंगलूरु साउथ के चेयरमैन रंजीत सोलंकी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, जो समाज महिलाओं को सशक्त करता है, वही वास्तव में प्रगति करता है।

महिलाओं के प्रति हमारा व्यवहार ही सच्ची प्रगति को दर्शाता है। भविष्य केवल महिलाओं का नहीं है, बल्कि समानता का है। लैंगिक समानता कोई सपना नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है। जीतो बेंगलूरु साउथ मुख्य सचिव नितिन लूनिया ने सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं और आगामी नवकार दिवस (9 अप्रैल) के लिए सभी को पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया। उनके इस प्रयास से हजारों लोगों को प्रेरित करते हुए वीडियो संदेश भी साझा किया गया। सीबी भंडारी स्कूल के कोषाध्यक्ष व जीतो बेंगलूरु नॉर्थ के सचिव अशोक भंडारी और सीबी भंडारी स्कूल के सचिव चंपालाल ने कहा कि उनका स्कूल हमेशा जीतो और सशक्तिकरण कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध रहेगा। मुख्य ट्रेनर ज्योति चितांगलिया ने अपनी प्रभावशाली वाणी से महिलाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक प्रेरणादायक पैनल चर्चा रही, जिसमें प्रसिद्ध हस्तियों ने हिस्सा लिया। जिसमें सनम जैन, सुप्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट, सुमित्रा बारड़िया, इवेंट मैनेजमेंट विशेषज्ञ और समता जैन, जानी-मानी फैशन डिजाइनर शामिल थी। इस चर्चा को कुशलतापूर्वक डिंपल सियाल ने मॉडरेट किया। परिचय प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी, मॉडरेटर व पैनलिस्ट्स का परिचय, अस्मिता चौहान (संयोजक), मुख्य ट्रेनर ज्योति का परिचय, निशा कोठारी (सह-संयोजक) ने दिया। पैनल चर्चा के मुख्य संदेश, सुमित्रा ने अपने जीवन के उतार-चढ़ाव को इतनी वास्तविकता से प्रस्तुत किया कि सभी उसमें खो से गए, समता का लाइफ लॉन्ग लर्निंग का दृष्टिकोण सभी के लिए एक प्रेरणा बना और सनम के पारिवारिक मूल्यों के साथ संतुलित जीवन जीने के मंत्र को सभी ने सराहा।



### सशक्तिकरण का एक यादगार उत्सव

शी राइजिंग, महिलाओं के सशक्तिकरण का एक यादगार उत्सव था। यह आयोजन महिलाओं को सशक्त करने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें अपनी क्षमताओं को पहचानने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। ज्ञानवर्धक सत्रों और प्रेरणादायक चर्चाओं के साथ, शी राइजिंग, ने हर प्रतिभागी को यह संदेश दिया कि हर महिला एक हीरे की तरह है। बस उसे तराशने की जरूरत है। इस कार्यक्रम में महिला विंग के संयोजक प्रवीण सोफड़िया ने अपनी शुभकामनाएँ दीं। इसके अलावा, केकेजी जोन संयोजक, पिंकी जैन, पहचान एपेक्स सह-संयोजक, नीलम शांड, जीफ एपेक्स ट्रेनिंग संयोजक, अंजलि जैन, जीतो हॉस्टल सह-संयोजक, चित्रा मेहता, उपाध्यक्ष लता बोहरा व नीलम शांड, कोषाध्यक्ष संगीता पारख, संयुक्त सचिव साक्षी जैन व चंद्रा जैन, प्रबंधन समिति के सदस्यगण हेमा सोलंकी, वनिता बचावत, तरुणा मेहता, रेखा विनोद, रेखा किशोर, प्रिया गांधी और संगीता सियाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

### रिश्ते अनमोल है इन्हें संवार कर, संभाल कर रखना

# जिन्होंने हमे खुशी दी है उन्हें कभी दु:खी ना करें: डॉ. समकितमुनि

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ राजाजीनगर में विराजित डॉ. समकितमुनि ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए बात अपनों की बात अपनों से प्रवचन श्रृंखला के अंतर्गत कहा कि आज के आधुनिक युग में सद्भावना कम हो रही है। रिश्तों में अपनापन कम हो रहा है। रिश्तों के कारण तनाव और डिप्रेशन बढ़ रहा है। रिश्ते स्वयं के बनाने के बावजूद आपसी समझ कम हो रही है और रिश्ते टूट रहे है, बिगड़ रहे है। अगर रिश्तों को सुधारना संवारना चाहते हो तो एक बात ध्यान में रखना कि सामने वाले का सिर्फ पॉजिटिव देखना। भले ही उसमें एक प्रतिशत पॉजिटिविटी है और 99 प्रतिशत नकारात्मकता है। हमें एक प्रतिशत पॉजिटिविटी ही देखनी है।

तभी हमारे रिश्ते लंबे और गहरे बन सकते है। हमारा यह जीवन धर्म कर्म और रिश्तों की कहानी है। रिश्तों को कैसे संवारा सम्भाला जा सकता है यह कला हमें बखूबी आनी चाहिए। तभी हमारा जीवन ए-वन बनेगा। हमने भगवान की जीवन को तो समझ लिया लेकिन स्वयं के जीवन को अभी तक नहीं जाना है। धर्म कर्म और किस्मत की बात अपनी है और अपनों की है। हमारे जीवन में जो चलने की यात्रा है वहीं संभलने की यात्रा है। चलते चलते अगर संभल नहीं पाए तो ऐसी जगह पर कभी मत पहुंचना जहाँ से वापस लौटना नामुमकिन हो। जीवन में संभलना बड़ा कठिन है।



जब हम स्वयं नहीं संभलेंगे तो औरो को कहाँ से संभालेंगे। चाहे आप घर के बड़े हो, परिवार के बड़े हो या समाज के संभलना अति आवश्यक है।

समाज के कर्णधारो के आचरण का प्रभाव जनमानस पर पड़ता है। ऐसा जीवन में कतई ना करें जिससे समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़े। जिसने हमारे सुख के लिए हमारी खुशियों के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया है कम से कम उन्हें कभी दुःखी मत करना। प्यास लगने पर पानी पी लेना और अगर प्यास लगने पर पानी नहीं मिला तो भी जीने का सामर्थ्य रखना। जिन्होंने हमें खुशी दी है उन्हें दुखी कभी मत करना। जो खुद रिश्ते चुनते है, एक दूसरे को चुनते है और वे ही एक दिन रिश्तों को चुना लगा देते है। रिश्ते अनमोल है इन्हें संवार कर संभाल कर रखना। इस मौके पर मुमुक्षु भाई दिलीप धोका का संघ की ओर से अभिनंदन किया गया। मुमुक्षु दिलीप धोका ने कहा कि अपनी आत्मा को पवित्र बनाने का सर्वश्रेष्ठ मार्ग दीक्षा है। संयम के इस मार्ग पर चलकर मानव जन्म-मरण के चक्र से मुक्त होकर मानव से महामानव बन जाता है। सभी से आगामी 11 जून को रायचूर में जयगच्छाधिपति आचार्य पार्श्वचंद्र के निश्रा में आयोजित दीक्षा में पधारने की विनती की। डॉ. समकितमुनि ने दीक्षार्थी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि संयम के मार्ग पर बढ़ कर आप जिनशासन की महत्ती प्रभावना करें। इसके पूर्व जयवंतमुनि ने सुंदर स्तवन की प्रस्तुति दी। साध्वी सुप्रभा ने भी दीक्षार्थी भाई को आशीर्वाद प्रदान किया। त्रिशला महिला मंडल एवं जयमल जैन श्रावक संघ की ओर से भी दी-क्षार्थी का अभिनंदन किया गया। डॉ. समकितमुनि का होली चातुर्मास 13 मार्च को राज-ाजीनगर संघ के तत्वावधान में 2-2 सामायिक एवं धर्म आराधना द्वारा अशोका कन्वेंशन हॉल, राजाजीनगर में आयोजित होगा। अध्यक्ष प्रकाशचंद चाणोदिया, जंबूकुमार दुगड़, महावीर मेहता व अन्य ने अपने विचार रखे। इस मौके पर जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय एवं प्रांतीय तथा विभिन्न संघ संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे। संचालन संघ मंत्री नेमीचंद दलाल ने किया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशानुसार तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं राउंड ईयर ह्युमनिटी थीम के अंतर्गत मेगा ब्लड डो-नेशन ड्राइव कैंप का आयोजन मंत्री ग्रीन अपार्टमेंट मल्लेश्वरम एवं शोभा इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट राज-ाजीनगर में किया गया। रक्तदान शिविर की शुरुआत सामूहिक नमस्कार महामंत्र के उच्चारण से की गई।

मंत्री ग्रीन एवं शोभा इंद्रप्रस्थ अपार्टमेंट के निवासियों ने तेयुप सदस्यों की खूब प्रशंसा करते हुए आगे भी ऐसे कैंप लगाने की बात कही। तेयुप अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया ने दोनों अपार्टमेंट मैनेजमेंट का सम्मान किया। शिविर प्रायोजक का सभा उपाध्यक्ष विमल पितलिया, तेयुप अध्यक्ष कमलेश चौरडिया ने स्वागत करते हुए जैनपट द्वारा सम्मान किया। ब्लड बैंक के सहयोग से कुल 24 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ।

ब्लड बैंक ने परिषद परिवार को सम्मानित करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। तेयुप राजाजीनगर अध्यक्ष कमलेश चौरडिया ने सभी रक्तदाताओं को आभार जताया। शिविर को सुव्यवस्थित आयोजित करने में निवर्तमान अध्यक्ष कमलेश गन्ना, अध्यक्ष कमलेश चौरड़िया, जयंतीलाल गांधी, एमबीडीडी प्रभारी सुनील मेहता, किशोर मण्डल से दर्शन पोरवाड़, हर्ष कोठारी, हर्ष बरलोटा एवं संयोजक योगेश मेहता, राहुल चावत का अथक श्रम रहा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली स्नेह मिलन का आयोजन

**हासन/शुभ लाभ ब्यूरो।**

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार हासन तेरापंथ महिला मंडल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली स्नेह मिलन तेरापंथ सभा भवन में आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र से हुई।

फिर बहनों ने प्रेरणा गीत का संगान किया। मुख्य अतिथि के रूप में कर्नाटक से ऐंटी करप्शन एसोसिएशन की साउथ विंग से रिया मौजूद थी। अध्यक्ष कौशल्या तातेड़ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए स्वागत उद्बोधन दिया।

साथ ही कहा कि आज की बेटी अपनी राह खुद चुनती हैं और उस पर चलते हुए अपने घर परिवार समाज का नाम रोशन करती हैं।

मंत्री पिंकी गुलगुलिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सिर्फ एक दिन नहीं नारी सदा सम्मान की पात्र है, जो किसी भी फील्ड में नाम दर्ज करती है, उसको तो पुरस्कृत किया ही जाता है, परन्तु मेरा मानना है कि हर वो औरत जो चौबिसों घंटे अपने घर, परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए सक्रिय रहती है उसे भी सम्मान और पुरस्कार दिया जाना चाहिए। सपना सुराणा, नम्रता सुराणा, ममता कोठारी, पिंकी गुलगुलिया, निकिता कोठारी, दिव्या सेठिया ने आज की नारी सक्षम है, उसने प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के परंचम लहराए हैं, अपने भावों को व्यक्त करते हुए नाटक किया।

सूरज तातेड़ ने कहा कि बेटी को घर के कार्य भी सिखाएं अच्छे संस्कार दें ताकि मर्यादा और अनुशासन में रहकर नाम कमाए। साथ ही होली पर भी अपने विचार व्यक्त किए। संगीता कोठारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम चाहे कितना भी कहे कि आज की नारी स्वतंत्र है, परन्तु कुछ पिछड़े लोगों की सोच बंधन में है। सोच बदल जाए तो सब सही हो जाएगा। पूजा कोठारी, प्रियंका कोठारी, मनीषा कोठारी, निकिता कोठारी, वर्षा सोनिगरा, नीता भंसाली, राजुल भंसाली, ज्योति तातेड़ ने होली उत्सव पर मस्ती से भरा ग्रुप डांस किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री पिंकी गुलगुलिया ने किया। सहमंत्री सज्जन बरलोटा ने महिला दिवस पर अपने विचार रखते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।





**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

पूज्य गुरुदेव आनंदपीठाधीश्वर आचार्य महामण्डलेश्वर अनंत श्री विभूषित श्रीश्री 1008 स्वामी श्री बालकानंद गिरि जी का बेंगलूरु के अग्रसेन भवन में प्रवचन का आयोजन हुआ। पूज्य महाराज ने अपने मुखारविंद से युवाओं को विशेष सन्देश देते हुए धर्म अर्थ काम मोक्ष इन चारों पुरुषार्थों में धर्म को प्रधान बताते हुए संस्कारवान जीवन शैली अपनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। माता-पिता की आज्ञा को धर्माज्ञा तुल्य बताते हुए युवा शक्ति को धर्मोचित पथ प्रदर्शित करते हुए संस्कारों का संरक्षण करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज कर्नाटक के अध्यक्ष सुभाष बंसल, उपाध्यक्ष संजय जालान, उपाध्यक्ष ललित गुप्ता, सचिव सतीश गोयल, जय प्रकाश गुप्ता, रतन लाल सिंघल, बिपिन राम अग्रवाल, नरेश गुप्ता, संयुक्त सचिव विक्रम अग्रवाल, अग्रवाल युवा संघ के अध्यक्ष रोहित केडिया, अग्रवाल महिला मंडल अध्यक्ष नीरू तायल समेत अनेक अग्रकुल के प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति रही।

# फाल्गुनी होली चातुर्मास हेतु आचार्य श्री पार्श्वचंद्र ने किया प्रवेश

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्व-ावधान में फाल्गुनी होली चातुर्मास हेतु आचार्य श्री पार्श्वचंद्र जी, डॉ. पदमचंद्र, जयदुरंधर मुनि, जयकलश मुनि, जय पुरंदर मुनि जी ने विशाल स्वागत जुलूस के साथ अलसूर स्थित महावीर भवन में प्रवेश किया। अपने प्रथम उद्बोधन में आचार्य पार्श्वचंद्र जी ने कहा कि सुख और समृद्धि का सारा खजाना प्रत्येक की आत्मा के पास है।

हमने अंतर में झांकने का सम्यक प्रयास नहीं किया और मात्र दूसरों को सूखी देख कर लाचारी को महसूस किया है। हम अपनी शक्ति और सामर्थ्य को पहचाने और सुख का आनंद लें। अलसूर संघ की ओर से आचार्य एवं समस्त मुनि वृंद का स्वागत करते हुए संघ मंत्री अभय कुमार बांठिया ने कहा कि आचार्य का आगमन संघ के लिए पर्व का प्रसंग है। आचार्य पार्श्वचंद्र जी को अलसूर संघ ने सबसे छोटे मुनि के बाद उपाध्याय पद के सान्निध्य का भी लाभ लेते हुए आज संघ नायक के रूप में संघ को सान्निध्य मिल रहा है। इससे पूर्व मल्लेश्वरम से विहार यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए। कुमारा पार्क होते हुए आचार्य का अपनी शिष्य संपदा के साथ अलसूर सीमा में प्रवेश पर जगह जगह पर श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ संघ नायक की अगवानी की और महावीर भवन पहुंचे। महिला मंडल ने स्वागत गीत का संगान किया। जैन युवक संघ, महिला मंडल, नवकार बहु मंडल, बालक बालिका मंडल ने स्वागत जुलूस में भाग लिया। संघ अध्यक्ष धनपत राज बोहरा ने सभी का स्वागत किया।





*__बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।__ फाल्गुन एकादशी पर श्री श्याम मन्दिर दरबार में बाबा श्याम का फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में शाम 4.15 बजे से भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें स्थानीय भजन गायकों ने बाबा श्याम को मधुर भजनों से रिझाते हुए फूलों की होली खेली व गुलाल से भी भक्तों ने होली खेल कर आनन्द लिया। सायं 7.15 बजे मंगल आरती हुई। मनमोहक श्रृंगार को भक्तों ने निहारते हुए कतारबद्ध होकर दर्शन किये। भक्तों की बड़ी भीड़ को देखते हुए मंदिर कमेटी ने सभी से शांतिपूर्ण दर्शन करने का आह्वान किया व मन्दिर परिसर को साफ सुथरा रखने का आग्रह किया।*

# निशान यात्रा में उड़ा गुलाल



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

फाल्गुन मास में बाबा श्याम के भक्तों को भी होली का रंग चढ़ जाता है। फाल्गुन मास में मनोकामना के लिए बाबा श्याम को निशान चढ़ाने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। रविवार को पिन्या धाम श्याम परिवार के तत्वावधान में जेकेडबल्यू लेआउट के गणेश मन्दिर में प्रातः 7.30 बजे पुजारी गौरव वशिष्ठ के सानिध्य में बड़ी संख्या में भक्तों ने निशान पूजन कर ज्योत प्रज्वलित की। तत्पश्चात जय श्री श्याम के जयघोष के साथ गाजेबाजे के साथ विशाल निशान यात्रा निकाली गई। सभी भक्तों ने हाथ में रंग बिरंगे निशान व भजनों की धुन पर नाचते झूमते पिन्या स्थित राज गोपाल नगर स्थित बाबा श्याम के मन्दिर पहुंच कर निशान अर्पित किए। सभी भक्त गुलाल से एक दूसरे को रंगते हुए मस्ती में डूबे हुए थे। सभी पिन्या धाम परिवार के सदस्यों के सहयोग से बहुत ही सुंदर आयोजन हुआ।

# विधानसभा में माइक्रोफाइनेंस विधेयक पारित

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक सूक्ष्म ऋण और लघु ऋण (जबरदस्ती उपायों की रोकथाम) विधेयक, 2025, जिसका उद्देश्य उन असहाय लोगों की रक्षा करना है जो ऋण लेना चाहते हैं और बाद में खुद को कर्ज में डूबा हुआ पाते हैं, विधानसभा में पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया की ओर से बोलते हुए विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री एच.के.पाटिल ने कहा कि विधेयक का उद्देश्य जबरन ऋण वसूली, उच्च ब्याज दरों और उत्पीड़न को रोकना है, जो ऋण लेने वालों को सड़कों पर आने और आत्महत्या करने के लिए मजबूर करते हैं, तथा दोषियों को 10 वर्ष की जेल और 5 लाख रुपये के जुर्माने की सजा दी जाएगी। यह विधेयक जुर्माना लगाने का प्रावधान करने के लिए पेश किया गया है। सूक्ष्म एवं लघु ऋण, निजी वित्त और अन्य अनियमित साहूकारी माफियाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, शहरी श्रमिकों, विकलांगों और समाज के कमजोर लोगों पर अत्याचार



करने और उनका दम घोंटने के मामले सामने आए हैं। यह विधेयक कर्जदारों को दोगुना ब्याज वसूल कर मुसीबत में फंसने से बचाने के लिए लाया गया है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य काले धन पर अंकुश लगाना तथा साहूकार माफियाओं से कर्ज लेने वालों को परेशान होने से बचाना है। दलीय मतभेदों को भुलाकर विधायकों ने इस विधेयक के संबंध में कुछ उपयोगी सुझाव दिए। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने कहा कि वित्तीय धोखाधड़ी करने वालों से वर्तमान में लागू कानूनों के जरिए निपटा जा सकता है। सरकार उचित कार्रवाई करने में पूरी तरह विफल रही। उन्होंने कहा कि कुछ गरीब लोगों की जान चली गई। इस प्रस्तावित कानून से यह सुनिश्चित होना चाहिए कि अदालत में कोई देरी न हो। उन्होंने सलाह दी कि यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जानी चाहिए कि जो लोग उचित उधार देते हैं, उन्हें नुकसान न हो। विपक्ष के उपनेता अरविंद बेलाड ने कहा वित्तीय घोटाला गंभीर है। इस्पात रैकेट और गांजा माफिया सहित बुरे व्यवसायी वित्त का प्रबंधन करते हैं। एक बड़ा नेटवर्क भी है जो 10 प्रतिशत ब्याज लेता है। इसमें पुलिस का भी अप्रत्यक्ष सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कानून के जरिए गरीबों पर अत्याचार न हो। कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी, रंगनाथ और नंजेगौड़ा के साथ-साथ भाजपा विधायकों ने भी चर्चा में हिस्सा लिया और सुझाव दिए। बाद में जवाब देने वाले कानून मंत्री ने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूह (एमएसजी) का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर समूहों और व्यक्तियों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा करना नहीं है। विधेयक में माइक्रोफाइनेंस संस्थाओं, ऋण देने वाली एजेंसियों और अन्य संस्थाओं को विनियमित करने के लिए एक प्रभावी प्रणाली लागू करने के प्रावधान शामिल हैं। इसमें अपंजीकृत साहूकारों पर नियंत्रण तथा मौलिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे पहलू शामिल हैं। यह वैधानिक धन उधार देने पर प्रतिबंध नहीं लगाएगा, लेकिन जबरन ऋण वसूली को प्रतिबंधित करेगा। अमानवीय ऋण वसूली के दोषियों के लिए कारावास की अवधि बढ़ाकर 10 वर्ष तथा जुर्माना 5 लाख रुपए किया गया है।

# राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आज बारिश की संभावना

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कर्नाटक में तापमान में उछाल के साथ, भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मानसून-पूर्व वर्षा के रूप में बहुप्रतीक्षित राहत की भविष्यवाणी की है। 11 और 12 मार्च को दक्षिण कर्नाटक और तटीय क्षेत्र के कुछ हिस्सों में हल्की वर्षा होने की संभावना है, जिससे चिलचिलाती गर्मी से कुछ समय के लिए राहत मिलेगी। मौसम विशेषज्ञ सी एस पाटिल ने पुष्टि की है कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक परिसंचरण क्षेत्र के मौसम को प्रभावित कर रहा है। नतीजतन, बेंगलूरु, मैसूरु, कोलार, चिकबल्लापुर, रामनगर, हासन, चिकमंगलूरु, मांड्या, शिवमोग्गा, दक्षिण कन्नड़ और उडुपी में अगले दो दिनों में हल्की वर्षा होने की संभावना है। यह कर्नाटक में मानसून-पूर्व मौसम की आधिकारिक शुरुआत का संकेत है, जो बढ़ते पारे के स्तर से जूझ रहे निवासियों के लिए राहत की बात है। दक्षिण कर्नाटक और तटीय क्षेत्रों में हल्की राहत मिल



सकती है, जबकि उत्तर कर्नाटक में लंबे समय तक सूखा रहने की संभावना है। आईएमडी के पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि कलबुर्गी, धारवाड़, गदग, विजयपुरा, बागलकोट और कोप्पल सहित क्षेत्रों में उच्च तापमान जारी रहेगा, तथा बारिश के तत्काल कोई संकेत नहीं हैं। कलबुर्गी में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने की उम्मीद है, जबकि अन्य जिलों में 37-38 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान रह सकता है। तापमान में वृद्धि के साथ, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और अधिकारियों ने जनता से आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया है। अधिकारियों ने निवासियों को हाइड्रेटेड रहने, सीधे सूर्य के संपर्क में आने से बचने और गर्मी से सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी है। आईएमडी के अनुसार, इस गर्मी में सामान्य से अधिक गर्मी रहने की उम्मीद है, तथा आने वाले महीनों में शुष्क हवाएँ तेज होंगी। नागरिकों से अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया गया है, क्योंकि मौसम की बदलती परिस्थितियों के कारण गर्मी से संबंधित बीमारियों का जोखिम बढ़ सकता है।

# सीबीआई को रान्या राव मामले में मंत्री की संलिप्तता की जांच करनी चाहिए: परमेश्वर

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

गृहमंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कहा कि सोना तस्करी मामले में पकड़ी गई रान्या राव के मामले के बारे में राज्य सरकार को कोई जानकारी नहीं है। भाजपा के वी. सुनील कुमार ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि सभी जानते हैं कि अभिनेत्री रान्या राव दुबई से सोने की तस्करी करते हुए पकड़ी गई थीं।



यह एक गंभीर मामला है, सोने की तस्करी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की जा रही है। ऐसी आशंका है कि बेंगलूरु देश के अन्य राज्यों में तस्करी का केन्द्र बन गया है। आरोप है कि पुलिस ने खुद अभिनेत्री रान्या राव को प्रोटोकॉल जारी किया था। इसके अलावा, दो मंत्रियों के शामिल होने की भी मीडिया में खबरें आई हैं। उन्होंने तीखे सवाल किए कि क्या यह सरकार सोने की तस्करी में संलिप्त है।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री परमेश्वर ने कहा कि हवाई अड्डे पर सोने की तस्करी की सूचना मिली थी और केंद्रीय राजस्व खुफिया विभाग के अधिकारियों ने अभियान चलाया था। वे सम्पूर्ण केन्द्रीय सरकार को रिपोर्ट करते हैं। यह हवाई अड्डा भी केन्द्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। इस मामले के बारे में न तो राज्य पुलिस और न ही सरकार को कोई जानकारी है।

रान्या के पिता पुलिस महानिदेशक हैं। अतः ऐसी जानकारी है कि वे पुलिस वाहन में आ-जा रही थी। इसकी भी जांच हो रही है। उन्होंने कहा कि सीबीआई को मंत्री की संलिप्तता की भी जांच करनी चाहिए और अगर रिपोर्ट में सच्चाई पाई गई तो आगे क्या होगा, यह सभी जानते हैं। जिसके बाद सुनील ने कहा गृह मंत्री द्वारा यह कहकर लाचारी व्यक्त करना उचित नहीं है कि उनके पास जानकारी नहीं है। इतने बड़े पैमाने पर हुए अपराध के बारे में अनभिज्ञ रहना अस्वीकार्य है। भले ही वह पुलिस वाहन का उपयोग कर रही हैं, लेकिन राज्य सरकार को जांच सीबीआई को सौंप देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों के नाम का उल्लेख किया गया है, इसलिए केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा जांच करना उचित है। इसका जवाब देते हुए परमेश्वर ने कहा कि पहले राज्य सरकार को तभी सूचित किया जाता था जब सीबीआई जांच कर रही होती थी। हमने इसके बारे में मीडिया में भी पढ़ा। हम अपने स्तर पर पुलिस वाहन में उसके ड्राइविंग करने की जांच करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार की जांच के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है। विपक्ष के नेता आर. अशोक ने पुलिस वाहन में यात्रा करने की घटना की जांच की मांग की।

# हम्पी सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**कोप्पल/शुभ लाभ ब्यूरो।**

पुलिस ने गंगावती शहर के पास एक इजरायली पर्यटक और एक भारतीय होमस्टे मालिक से जुड़े क्रूर सामूहिक बलात्कार मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान साईनगर के 27 वर्षीय शरणबसवा के रूप में हुई है, जिसे चेन्नई में पकड़ा गया, जहां वह अपराध के बाद भाग गया था।

यह भयावह घटना 6 मार्च को हुई, जब 'हार्टलैंड होमस्टे' में ठहरे चार पर्यटक तुंगभद्रा नहर के पास तारों को देखने के लिए निकले। समूह में अमेरिका के 23 वर्षीय डेनियल, इजरायल की एक महिला पर्यटक, नासिक के पंकज राव अमृत राव पाटिल और ओडिशा के बेबाश शामिल थे। हमलावरों ने पैसे मांगने की आड़ में पर्यटकों से संपर्क किया। जब पीड़ितों ने 20 रुपये की पेशकश की, तो हमलावरों ने और पैसे मांगे, जिससे विवाद हो गया। इसके बाद आरोपियों ने समूह पर हमला किया, डेनियल, पंकज और बेबाश को नहर में धकेल दिया और दो महिलाओं का यौन उत्पीड़न किया। डेनियल और पंकज भागने में सफल रहे, जबकि बेबाश डूब



गया। अगले दिन मल्लापुरा गांव में हाइडल पावर पार्क के पास उसका शव बरामद किया गया। पुलिस ने पहले दो अन्य आरोपियों, 22 वर्षीय मल्लेश (उर्फ हांडी मल्ला) और 21 वर्षीय चेतन साई सिलेक्यातर को गिरफ्तार किया था, जो दोनों साईनगर के रहने वाले थे। हमले के दौरान हमलावरों ने पर्यटकों पर पत्थरों से हमला किया और दो महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न किया। पीड़ितों ने बाद में सीआरपीसी की धारा 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया। हमले के बाद पीड़ित अस्पताल में ठीक हो रहे हैं। मृतक पर्यटक, 40 वर्षीय बेबाश, पिछले शनिवार को तुंगभद्रा लेफ्ट कैनाल में पाया गया था। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए अधिकारियों ने यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल हम्पी सहित पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। इससे पहले रविवार को हम्पी में एक इजरायली नागरिक सहित दो महिलाओं के कथित बलात्कार के बाद, कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा था कि राज्य सरकार इस घटना को बहुत गंभीरता से ले रही है और कई गिरफ्तारियाँ की गई हैं। परमेश्वर ने कहा हमने इस घटना को बहुत गंभीरता से लिया है। हमने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को घटनास्थल पर भेजा है। कई लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अधीक्षक टीम का गठन करेंगे। आईजी पहले ही वहाँ जा चुके हैं। परमेश्वर ने आश्वासन दिया कि बलात्कार के मद्देनजर पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा उपायों को काफी मजबूत किया जाएगा। मंत्री ने यह भी कहा कि आगे बढ़ते हुए, कर्नाटक आने वाले पर्यटकों को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, इस बारे में जानकारी दी जाएगी। परमेश्वर ने कहा निश्चित रूप से हम हम्पी और अन्य पर्यटन स्थलों जैसे स्थानों पर अपने सुरक्षा उपायों को बढ़ाने जा रहे हैं। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि सरकार मौजूदा सुरक्षा उपायों का पुनर्मूल्यांकन करेगी। मंत्री ने यह भी कहा कि एक इजरायली नागरिक सहित दो महिलाओं के बलात्कार से पर्यटन क्षेत्र पर असर पड़ने की संभावना है। एक ओर हम दुनिया भर से पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस तरह की घटनाएं पर्यटकों को हमारे देश में आने से रोकती हैं।

# दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने गोमांस के अवैध परिवहन को रोका

**मेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

दक्षिणपंथी संगठन के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को मेंगलूरु में कादरी मंदिर के प्रवेश द्वार के पास अवैध रूप से गोमांस ले जाने के प्रयास को विफल कर दिया और संदिग्धों को पुलिस के हवाले कर दिया। एक टेम्पो में अवैध रूप से गोमांस ले जाए जाने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए कार्यकर्ताओं ने कादरी मंदिर के पास वाहन को रोक लिया। जांच करने पर उन्हें वाहन में गोमांस की मौजूदगी का पता चला। कार्यकर्ताओं ने तुरंत कादरी पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की गहन तलाशी ली, जिसमें 100 किलोग्राम से अधिक गोमांस बरामद हुआ। अधिकारियों ने गोमांस और वाहन दोनों को जब्त कर लिया। कादरी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# अयोग्य बीपीएल लाभार्थियों की पहचान के लिए गांव स्तर पर होगी समिति गठित: मंत्री मुनियप्पा

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री के.एच. मुनियप्पा ने कहा कि गांव स्तर पर एक समिति गठित की जाएगी जिसका उद्देश्य अयोग्य बीपीएल लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें बाहर करना तथा पात्र लोगों को सरकारी लाभ प्रदान करना है। विधान परिषद सदस्य सी.टी. रवि के प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि सत्र समाप्त होने के बाद सबसे पहले जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक होगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद राजस्व निरीक्षकों, ग्राम लेखाकार, पीडीओ और अन्य के नेतृत्व में ग्राम स्तर पर एक समिति गठित की जाएगी। सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वास्तविक लाभार्थियों को सरकारी लाभ मिले। यदि सदन के सभी सदस्य सहयोग करेंगे तो बीपीएल के अपात्र लाभार्थियों की सूची संशोधित करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसे गंभीरता से लिया है। अतीत में जब संशोधन का प्रयास किया गया था तो भारी



विवाद हुआ था। कोई यह नहीं पूछेगा कि 99 एपीएल कार्ड बीपीएल में शामिल हैं या नहीं। लेकिन उन्होंने इस बात पर असंतोष व्यक्त किया कि केवल एक बीएपीएल कार्ड छोड़ने से बड़ा विवाद पैदा हो जाएगा। हमारा उद्देश्य यह है कि वास्तविक लाभार्थी सरकारी लाभ से वंचित न रहें।

हमें केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों को अनिवार्य बनाना होगा। मंत्री ने बचाव करते हुए कहा कि इसलिए वह संशोधन करने के लिए तैयार हैं। राज्य में कुल 2,95,000 बीपीएल राशन लाभार्थी थे। इनमें से 2,40,000 लाभार्थी वर्तमान में सरकारी लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसमें कुछ अपात्र लोगों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि वे संशोधन के बाद एपीएल में शामिल होंगे। केंद्र सरकार ने हमें केवल एक करोड़ दस लाख लाभार्थियों को सूची में जोड़ने की अनुमति दी है। प्रदेश में कुल चार करोड़ 50 लाख लाभार्थियों को लाभ दिया जा रहा है।

25 लाख राशन कार्डों को बीपीएल सूची से हटाने की जरूरत है। पुनरीक्षण के दौरान कुछ भ्रम उत्पन्न होना स्वाभाविक है। हमारा एकमात्र लक्ष्य अयोग्य लोगों को हटाकर योग्य लोगों को अधिकार दिलाना है। इस बारे में तनाव महसूस होना स्वाभाविक है। जनप्रतिनिधियों ने इसमें सहयोग का अनुरोध किया। सभी दलों के सदस्यों के सहयोग के बिना इसे लागू नहीं किया जा सकता। हमारे मुख्यमंत्री ने यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं कि किसी भी कारण से वास्तविक लाभार्थियों के साथ कोई अन्याय न हो।

एक साथ होने वाली यह प्रक्रिया तकनीकी समस्याएं उत्पन्न करती है। इसके कई तकनीकी कारण हैं, जिनमें सर्वर और कंप्यूटर भी शामिल हैं। उन्होंने इसके लिए सभी से सहयोग की अपील की। इससे पहले बोलते हुए सदस्य सी.टी. रवि ने कहा कि बीपीएल कार्डों के संशोधन से काफी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। वास्तविक लाभार्थी इस चिंता में अपना समय बर्बाद कर रहे हैं कि सरकार उन्हें हटा देगी। उन्होंने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए कि वास्तविक लाभार्थियों के साथ अन्याय न हो।

# अभिनेत्री रान्या राव का सोना तस्करी मामला निश्चित रूप से एक अपराध: भरत शेट्टी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

भाजपा नेता भरत शेट्टी ने कहा कि अभिनेत्री रान्या राव का सोना तस्करी मामला निश्चित रूप से एक अपराध है। अपराध के दौरान, उसने बाहर निकलने के लिए विभिन्न कांग्रेस मंत्रियों से संपर्क करने की कोशिश की। अब यह लगभग सार्वजनिक हो चुका है कि दो मंत्री इसमें शामिल हैं और उसे मामले से बाहर निकालने में मदद करने की कोशिश की।

अब, सीबीआई ने मामले को अपने हाथ में ले लिया है और निश्चित रूप से कुछ ठोस सामने आएगा। शेट्टी ने कहा कंपनी को आवंटित भूमि के संबंध में सीबीआई मामले की जांच कर रही है और उस बिंदु को भी शामिल किया जाएगा। भूमि आवंटन में कोई अवैधता नहीं थी। पूरी आवंटन प्रक्रिया का सही तरीके से पालन किया गया था। कांग्रेस के लोग कह रहे हैं कि यह तेजी से आवंटित किया गया है, और यही एकमात्र समस्या है, हालांकि, सीबीआई को जांच के बाद पता चलेगा कि क्या हुआ




है। सोना तस्करी का मामला एक अपराध है, और राज्य सरकार को इससे दूर रहना चाहिए था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। अगर वह बयान देती हैं, तो मंत्री मुश्किल में पड़ जाएंगे। यह कानून और व्यवस्था की स्थिति को दर्शाता है।

कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करता रहा है और कभी भी कानून और व्यवस्था पर ध्यान नहीं देता है। वे दोवेन्सिम के कानून के बारे में बात करते हैं, जहां वे समान कानून और व्यवस्था चाहते हैं। कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) के सीईओ महेश ने रविवार को स्पष्ट किया कि कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव से जुड़ी कंपनी क्षीरोदा इंडिया प्राइ-वेट लिमिटेड, जिस पर सोने की तस्करी के मामले में आरोप लगाया गया है- को 2 जनवरी, 2023 को 12 एकड़ जमीन आवंटित की गई थी। महेश ने कहा कि यह जमीन तुमकुरु जिले के सिरा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित है, जिसे उसी दिन आयोजित 137वीं राज्य स्तरीय एकल खिड़की मंजूरी समिति (एसए-लएसडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान आवंटन के लिए मंजूरी दी गई थी, जब पिछली सरकार सत्ता में थी।

शुभ लाभ DAILY
खबरें जो सोच बदल दे

## किया के एक प्रतिनिधिमंडल ने कपड़ा मंत्री का जताया आभार



### कपड़ा नीति जल्द घोषित करने की मांग

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन (किया) के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कर्नाटक के कपड़ा मंत्री शिवानन्द एस. पाटिल से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने कोलार जिले के नरसापुर में कार्यरत महिलाओं के लिए 173 करोड़ रुपए से कपड़ा और रेडीमेड परिधान क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने और 6,000 क्षमता वाले महिला छात्रावास का निर्माण करके लगभग दो लाख नौकरियों का सृजन करने के लिए एक नई ''टेक्सटाइल नीति 2025-30 की घोषणा स्वागत किया। मंत्री ने इनरवियर एसोसिएशन की ओर से आयोजित गत मेले का उद्घाटन करने के बाद समारोह को सम्बोधित करते हुए आश्वासन दिया था कि आगामी बजट में कपड़ा व गारमेंट उद्योग पर एक पॉलिसी लाई जाएगी। मंत्री का यह आश्वासन इस बजट में साफ देखने को मिला। इसके लिए कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री सिद्धरामैया व कपड़ा मंत्री शिवानन्द एस. पाटिल का आभार जताया। प्रतिनिधि मंडल ने कपड़ा व गारमेंट उद्योग पर नीति बनाने के सरकार के फैसले को उद्यमियों व व्यापारियों के हित में बताया। साथ ही मांग की कि नीति बनाते समय उद्योग व व्यापार संघों के प्रतिनिधियों को भी इसमें शामिल किया जाए। इस अवसर पर किया के अध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी, सदस्य गौरव शर्मा, लोहित गांधी भी मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर टेक सहेली का भव्य शुभारंभ



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डिजिटल साक्षरता के अंतर्गत जीतो महिला विंग बेंगलूरु नॉर्थ एवं जीतो महिला विंग एपेक्स के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए बहुप्रतीक्षित टेक सहेली का शुभारंभ चामराजपेट स्थित आदर्श कॉलेज में किया गया। टेक सहेली भाविका कोठारी द्वारा परिकल्पित एवं संचालित टेक मासिक श्रृंखला है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह की 8 तारीख को एक प्रशिक्षण वीडियो ऑनलाइन लॉन्च किया जाएगा। कोठारी के अनुसार, हर प्रशिक्षण वीडियो महिलाओं को सफलता और विकास हेतु आवश्यक डिजिटल कौशल सिखाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसका उद्देश्य डिजिटल साक्षरता को हर उस महिला तक पहुंचाना है जो तकनीक को अपनाना चाहती है, ताकि वे इस डिजिटल युग में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। एपेक्स डिजिटल लिटरेसी कन्वेनर प्रियंका जैन ने 'टेक सहेली' के लॉन्च को जेएलडब्ल्यू बेंगलूरु नॉर्थ की एक अभिनव पहल बताते हुए पूरी टीम को बधाई दी। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार महामंत्र से हुई। अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। इस अवसर पर जीतो बेंगलूरु नॉर्थ महिला विंग कन्वीनर नेमीचंद दलाल, केकेजी जोन कन्वीनर पिंकी जैन, मेंटर्स मधु कटारिया एवं सरिता खिवेंसरा, कोषाध्यक्ष तनूजा मेहता, सह मंत्री मीना बडेरा, कार्यसमिति सदस्य साधना धोका, नीता गादिया, अल्का लोढ़ा, सारिका जैन, संगीता मुथा, प्रेमा रांका, नेहा भंडारी, स्वीटी नाहर, पुष्पा जैन, मोना आंचलिया समेत लगभग 80 सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रतनी बाई मेहता की विशेष उपस्थिति रही। सह-संयोजिका सुमन रांका ने मुख्य वक्ता भाविका कोठारी का परिचय कराया। संगीता नागोरी, नंदा बाफना, लेखा गांधी एवं प्रिया जैन ने व्यवस्था संभाली। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं आभार प्रदर्शन महा मंत्री रक्षा छाजेड़ द्वारा किया गया। यह आयोजन न केवल डिजिटल साक्षरता की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि महिलाओं के आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनने की ओर भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## दादी परिवार ने धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** दादी परिवार की बहनों द्वारा राणी सती दादी का 13वां वार्षिकोत्सव बन्नेरघट्टा रोड स्थित प्राइड अपार्टमेंट के क्लब हाउस के सभागार में मनाया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम पूजन कर अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। तत्पश्चात गायिका वंदना तुलशयान एवं सीमा शर्मा द्वारा संगीतमय मंगलपाठ का वाचन किया, जिस पर उपस्थित बहनों ने झूमते हुए आनन्द लिया। सभी सदस्यों की मदद से दादी जी का सुंदर श्रृंगार किया गया और सभी भक्तों ने दादी जी के चरणों का अभिषेक किया। दादी जी के आशीर्वाद से महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक महिला को राशन देकर सहयोग प्रदान किया गया। दादी परिवार की संतोष भाऊ वाला को उनके द्वारा लिखी गयी कविता की पुस्तक के विमोचन के लिए सम्मानित किया गया।

## निशान यात्रा का आयोजन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री श्याम ज्योति पाठ महिला परिवार द्वारा रविवार को रामसिसरिया गौशाला से विशाल निशान यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम निशान पूजन हुआ। तत्पश्चात निशान वितरण किया गया। सभी भक्तों ने कतारबद्ध होकर हाथ में निशान उठाए हुए जय श्री श्याम के जयघोष के साथ श्याम मंदिर पहुंचे और निशान अर्पित किया। इस अवसर पर श्री दादी धाम प्रचार समिति और जीण दीवाने संस्था ने निशान यात्रा के दौरान भक्तों को जल सेवा, ठंडा शरबत की सेवा करके लाभ लिया। समाजसेवी चंद्रप्रकाश रामसिसरिया परिवार ने भी भक्तों की सेवा का लाभ लिया। महिला परिवार ने सहयोग के लिए सभी भक्तों का आभार प्रकट किया।



***मैसूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।*** *महाकुंभ स्नान के तहत प्रयागराज, अयोध्या, काशी, वाराणसी आदि तीर्थ धामों की यात्रा कर मैसूरु पहुंचने पर पर्यावरण जागृति वैदिके बन्नूर के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में तीर्थ यात्रियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नारायणसिंह, पुष्पा देवी, श्यामसिंह, राजू सिंह, श्रवणसिंह, लोकेश आदि लोग उपस्थित रहे।*

# उडुपी जिला प्रभारी मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के दुर्लभ दौरे से स्थानीय लोग निराश

**उडुपी/शुभ लाभ ब्यूरो।** उडुपी जिले के लोगों ने जिला प्रभारी मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के कम दौरे पर निराशा व्यक्त की है, जिन्होंने पदभार संभालने के बाद से जिले में केवल मुट्ठी भर यात्राएँ की हैं। जिले के प्रशासन और विकास की देखरेख के लिए जिम्मेदार होने के बावजूद, मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने कथित तौर पर लगभग दो वर्षों में केवल 20 बार उडुपी का दौरा किया है, जिससे क्षेत्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर चिंता जताई जा रही है। मंत्री हेब्बालकर ने जून 2023 में उडुपी के जिला प्रभारी मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। हालांकि, जिले में उनकी उपस्थिति न्यूनतम रही है। 2023 में, उन्होंने केवल नौ दौरे किए, जबकि 2024 में, संख्या मामूली रूप से बढ़कर दस हो गई। यह प्रवृत्ति 2025 तक जारी रही, जिसमें वर्ष के पहले दो महीनों में कोई दौरा नहीं हुआ। स्थानीय निवासियों और नेताओं का आरोप है कि मंत्री हेब्बालकर के दौरे मुख्य रूप से उद्घाटन, आधिकारिक बैठकों और राष्ट्रीय त्योहार समारोह जैसे औपचारिक कार्यक्रमों तक ही सीमित हैं। वह विकास परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का आकलन करने या आम जनता से बातचीत करके उनकी चिंताओं को समझने के लिए शायद ही कभी क्षेत्र का दौरा करती हैं। अक्सर दौरे न होने से उडुपी के लोगों में असंतोष है, उन्हें लगता है कि जिले की उपेक्षा की जा रही है। कई नागरिकों और स्थानीय प्रतिनिधियों ने मंत्री की अनुपस्थिति पर अपनी चिंता व्यक्त की है, उन्होंने बताया कि बुनियादी ढांचे के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने और नागरिक सुविधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिक सक्रिय नेतृत्व की आवश्यकता है। यहां तक कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता भी मंत्री के प्रदर्शन से असंतुष्ट होकर एक बार 'मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर वापस जाओ' के नारे पर अपनी निराशा व्यक्त कर चुके हैं। उडुपी के लोग उम्मीद करते हैं कि जिला प्रभारी मंत्री नियमित रूप से दौरा करेंगी और स्थिति का खुद



जायजा लेंगी। हालांकि, उनका दावा है कि वह केवल उद्घाटन या सरकारी समारोहों के लिए आती हैं। उनका मानना है कि जिला प्रभारी मंत्री को सक्रिय होना चाहिए और क्षेत्र में अक्सर मौजूद रहना चाहिए, क्योंकि केवल औपचारिक बैठकों में भाग लेना ही पर्याप्त नहीं है।

जिले के प्रभारी मंत्री के रूप में, हेब्बालकर कथित तौर पर उडुपी के विधायकों के साथ समन्वय करने, जिले की आवश्यकताओं का आकलन करने और उन्हें राज्य के बजट में प्रस्तावित करने में विफल रहे। परिणामस्वरूप, उडुपी को अपनी विकास गतिविधियों के लिए अनुदान से वंचित होना पड़ा। विधायकों के साथ नियमित जांच और समन्वय की कमी के कारण बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं, जैसे कि इंद्राली रेलवे पुल, संथेकट्टे अंडरपास निर्माण और अन्य में भी धीमी प्रगति हुई, जिससे यात्रियों और निवासियों को बड़ी असुविधा हुई। उडुपी जिले में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जोरदार मांग है, जिसे लोगों को राज्य के बजट 2025 में प्रस्तावित किए जाने की उम्मीद थी। हालांकि, मंत्री ने ऐसा कोई अनुरोध नहीं किया। इसके अलावा, मंत्री उडुपी में बढ़ते मुद्दों पर चुप रही और लोगों की न्याय की मांग को संबोधित करने में विफल रही, जिससे वे निराश हो गए। पिछले 15 दिनों से ब्रह्मवर तालुक में प्रदर्शनकारी कचरा घोटाले को लेकर न्याय की मांग कर रहे हैं। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के घटनास्थल का दौरा करने के बावजूद, प्रभारी मंत्री ने न तो दौरा किया और न ही प्रदर्शनकारियों की चिंताओं को संबोधित किया।

### उडुपी कर्नाटक का एक प्रमुख जिला

उडुपी कर्नाटक का एक प्रमुख जिला है, जो अपनी तटीय अर्थव्यवस्था, मंदिरों और पर्यटन के लिए जाना जाता है। इसमें कई महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे और विकास परियोजनाएँ भी हैं, जिनकी सक्रिय निगरानी की आवश्यकता है। मंत्री की अनुपस्थिति ने इन परियोजनाओं की प्रगति और क्या उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है, इस पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय कार्यकर्ताओं का तर्क है कि मंत्री के दौरे न करने के कारण सड़क विकास, जल निकासी व्यवस्था और अन्य नागरिक परियोजनाओं जैसे मुद्दों को संबोधित करने में देरी हुई है। वे कहते हैं अगर मंत्री दौरा नहीं करती हैं, तो वे लोगों की वास्तविक समस्याओं को कैसे समझ सकती हैं? विकास के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। बढ़ते सार्वजनिक असंतोष के साथ, मंत्री से अधिक प्रतिबद्ध दृष्टिकोण की मांग बढ़ रही है। चूंकि 2025 के दो महीने बिना किसी दौरे के बीत चुके हैं, इसलिए निवासियों को उम्मीद है कि मंत्री जल्द ही चिंताओं पर ध्यान देंगी और जिले में अपनी उपस्थिति बढ़ाएंगी।

## ट्रक पलटने से दो मजदूर चीनी की बोरियों के नीचे दबे



**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।** बेलगावी जिले में रामदुर्गी के पास मुदाकावी गांव के पास सोमवार को एक ट्रक पलटने से दो मजदूर चीनी की बोरियों के नीचे दब गए। बलप्पा मुदाकावी और यल्लव्वा ट्रक में बोरियों पर बैठे थे। उनके साथ सवार तीन अन्य मजदूर घायल हो गए। मुदाकावी पहाड़ी पर एक मोड़ पर वाहन पलट गया। पुलिस ने घटनास्थल का दौरा किया। मामला दर्ज कर लिया गया है।

# विधान सभा में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पारित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटक पॉनब्रोकर्स (संशोधन विधेयक), 2025 सहित तीन विधेयक सोमवार को विधानसभा में पारित किए गए, जिनका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर समूहों और व्यक्तियों को लाइसेंस प्राप्त और गैर-लाइसेंस प्राप्त पॉनब्रोकर्स द्वारा दी जाने वाली अनुचित कठिनाई और बलपूर्वक वसूली के तरीकों से बचाना है। विधानसभा ने सर्वसम्मति से कर्नाटक पॉनब्रोकर्स संशोधन विधेयक, 2025, संशोधनों के साथ, अत्यधिक ब्याज वसूलने पर रोक (संशोधन) विधेयक, 2025 और कर्नाटक साहूकार (संशोधन) विधेयक, 2025 को पारित कर दिया, जिसका अनुरोध सहकारिता मंत्री के.एन. राजन्ना ने किया था। इससे पहले विधेयकों के बारे में बोलते हुए के.एन. राजन्ना ने कहा कि पॉनब्रोकर्स संशोधन विधेयक जबरन वसूली में हस्तक्षेप पर रोक लगाता है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ब्याज संशोधन विधेयक में माइक्रो फाइनेंस एक्ट के समान ही जुर्माना शामिल होगा। मनी लॉन्ड्रिंग संशोधन विधेयक में अन्य विभागों को वे अधिकार दिए गए हैं जो पहले केवल सहकारिता विभाग के अधिकारियों को ही प्राप्त थे।

लोकपाल की नियुक्ति की भी संभावना है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के लिए शिकायत निवारण इकाई खोलने का प्रावधान किया गया है। मंत्री ने अनुरोध किया कि इन तीनों विधेयकों को अलग-अलग पारित किया जाए। इसके बाद, जब स्पीकर यू.टी. खादर ने तीनों विधेयकों को अलग-अलग मतदान के लिए रखा, तो उन्हें ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

# कांग्रेस मंत्री पर सोने की तस्करी में मिलीभगत का आरोप लगाने पर राजनीतिक विवाद शुरू

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** अभिनेत्री रान्या राव के सोना तस्करी मामले ने उस वक्त राजनीतिक विवाद का रूप ले लिया, जब भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष बी.वाई. विजयेंद्र ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी पर सिद्धरामैया सरकार के एक प्रमुख मंत्री की कथित संलिप्तता को लेकर निशाना साधा। बिना किसी का नाम लिए विजयेंद्र ने कहा कि हाल के समय में सबसे बड़ी सोने की चोरी में मंत्री की संलिप्तता की मीडिया रिपोर्ट कोई आश्चर्य की बात नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर कर्नाटक सरकार में प्रभावशाली लोगों का सीधा समर्थन न होता तो रान्या राव प्रोटोकॉल का उल्लंघन करके करोड़ों रुपये का सोना तस्करी नहीं




कर सकती थी। एक्स पर एक पोस्ट में, विजयेंद्र ने कहा चूंकि मुख्यमंत्री सिद्धरामैया को संदिग्ध मंत्रियों और उनकी संलिप्तता की खुफिया रिपोर्ट मिली होगी, इसलिए सरकार द्वारा जिम्मेदार लोगों को बचाने का कोई भी प्रयास केवल उल्टा ही पड़ेगा, खासकर अब जब सीबीआई इसमें शामिल हो गई है। सच्चाई सामने आ जाएगी, और कोई भी कवर-अप इस गंभीर अपराध में सरकार की मिलीभगत को और उजागर करेगा। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) से प्राप्त इनपुट के आधार पर, केंद्रीय जांच ब्यूरो ने एक मामला दर्ज किया था और 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय संबंधों वाले सोने की तस्करी के रैकेट की जांच शुरू की थी।

## मैसूरु और हुब्बल्ली में बीएमएटी केंद्र स्थापित किए जाएंगे: मंत्री शरणप्रकाश पाटिल



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. शरण प्रकाश पाटिल ने कहा कि बच्चों में साल दर साल व्यापक रूप से बढ़ रहे बीएमएटी (बोन मैरो एस्पिरेशन और ट्रिपैन बायोप्सी) संस्थान मैसूरु और हुब्बल्ली में शुरू किए जाएंगे। विधान परिषद में सदस्य उमाश्री के एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि राज्य की सभी बस्तियों में ये केंद्र स्थापित करने की मंशा है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक चरण में हुब्बल्ली और मैसूरु में दो केंद्र शुरू किए जाएंगे।

बेंगलूरु के किदवई अस्पताल में कैंसर स्क्रीनिंग इकाई पहले से ही काम कर रही है। हमने कलबुर्गी में भी ऐसा ही केंद्र शुरू किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इंदिरा गांधी बाल चिकित्सालय में भी इसे खोलने के निर्देश दिए हैं। बच्चों में कैंसर के मामलों में हाल ही में हुई वृद्धि बहुत चिंताजनक मुद्दा है। हम तालुका और जिला स्तर पर जनता के लिए शिविर आयोजित करके इस बारे में जागरूकता पैदा करने का काम कर रहे हैं। हम हर साल सरकारी स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित करते हैं। हालांकि, उन्होंने खेद व्यक्त किया कि कैंसर के मामलों में वृद्धि ने चिंता पैदा कर दी है। हर साल 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों में कैंसर के 1533 मामले पाए जाते हैं, जिनमें 876 लड़के और 657 लड़कियां शामिल हैं। बच्चों में प्रारम्भिक अवस्था में ही जागरूकता पैदा की जानी चाहिए। मंत्री शरण प्रकाश पाटिल ने सुझाव दिया कि रोकथाम केवल सरकार द्वारा ही नहीं, बल्कि संगठनों, गैर-सरकारी संगठनों और जनता के सहयोग से भी संभव हो सकती है।

## कठुआ के बिलावर में हुई तीन मौतों पर रार

# आतंकियों ने की हत्या, उपराज्यपाल ने दिए जांच के आदेश

**जम्मू, 10 मार्च (ब्यूरो)।** कठुआ के बिलावर में तीन नागरिकों की मौतों पर रार बढ़ गई है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह इन हत्याओं के लिए आतंकियों को जिम्मेदार मान रहे हैं तो अभी तक मौतों के प्रति स्पष्ट न होने के कारण उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने उच्च स्घ्तरीय जांच के आदेश दिए हैं जबकि इस मामले पर जम्मू कश्मीर विधानसभा की कार्यवाही में सोमवार को उस समय हंगामा भी हुआ, जब सत्तारूढ़ नेकां और कांग्रेस के विधायकों ने कठुआ जिले में तीन नागरिकों की हत्या पर चर्चा की मांग की। नेकां और कांग्रेस के विधायक अपनी सीटों पर खड़े हो गए और प्रश्नकाल स्थगित करने की मांग की, ताकि सदन में कठुआ जिले में तीन नागरिकों की हत्या पर चर्चा हो सके। विधायकों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्र शासित प्रदेश में संभाली जा रही कानून-व्यवस्था की स्थिति पिछले कुछ वर्षों में खराब हुई है।





भाजपा विधायकों ने नेकां-कांग्रेस के आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि तीनों नागरिकों की हत्या पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवादियों ने की है। भाजपा विधायकों ने यह भी कहा कि उपराज्यपाल ने इन हत्याओं की विस्तृत जांच के आदेश दिए हैं और सदन को इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना पर जांच रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कठुआ जिले के तीन नागरिकों वरुण सिंह, योगेश सिंह और दर्शन सिंह की नृशंस हत्या पर गहरा दुख और पीड़ा व्यक्त की है। एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में, उपराज्यपाल ने कहा कि कठुआ के वरुण सिंह, योगेश सिंह और दर्शन सिंह की नृशंस हत्या पर मैं स्तब्ध और दुखी हूँ। दुख की इस घड़ी में, मैं उनके परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूँ।

जबकि जम्मू कश्मीर पुलिस ने कठुआ में हाल ही में हुई तीन नागरिकों की हत्याओं की जांच तेज कर दी है और मामले की जांच के लिए कई विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए हैं। लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावित इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। मीडिया से बात करते हुए जम्मू-कठुआ-सांबा (जेकेएस) रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शिव कुमार ने कहा कि इन इलाकों को मजबूत करने के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय लागू किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा बढ़ाने के लिए दूरदराज के गांवों में अतिरिक्त ग्राम रक्षा समूह (वीडीजी) शामिल किए जाएंगे और उन्हें अर्ध-स्वचालित हथियारों से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन समूहों को जम्मू-कश्मीर पुलिस, विशेष अभियान समूह (एसओजी), सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा व्यापक आतंकवाद विरोधी अभियान प्रशिक्षण दिया जाएगा।

हालांकि जांच के आदेशों और पुलिस व प्रशासन द्वारा दिए जाने वाले आश्घ्वासनों के बावजूद इलाके लोगों में डर का माहौल इसलिए भी है क्घ्योंकि फरवरी में आतंकियों ने दो ग्रामीणों को किडनैप कर मार डाला था और अभी तक आतंकी पकड़ से बाहर हैं। ऐसे में मल्हार निवासी राजिंदर सिंह कहते हैं कि लोग लगातार डर में जी रहे हैं। इन हत्याओं ने हमारे पूरे समुदाय को हिलाकर रख दिया है।

सुरक्षा को मजबूत करना जरूरी है, लेकिन हमें पीड़ितों के लिए जवाबदेही और न्याय की भी जरूरत है। उन्होंने कहा, हमारे गांव हमेशा शांतिपूर्ण रहे हैं, लेकिन अब हम अंधेरे के बाद बाहर निकलने से डरते हैं। हम चाहते हैं कि आतंकवादी पकड़े जाएं और उन्हें सजा मिले। वादे काफी नहीं हैं, हमें जमीनी स्तर पर कार्रवाई की जरूरत है।

सिंह कहते हैं कि पुलिस और सुरक्षा बलों दोनों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऐसी घटनाएं फिर कभी न हों। हम नियमित गश्त और संवेदनशील क्षेत्रों में स्थायी सुरक्षा उपस्थिति की मांग करते हैं। एक अन्य स्थानीय सुनीता कुमारी के बकौल,अपने प्रियजनों को खो दिया है। किसी भी परिवार को इस दर्द से नहीं गुजरना चाहिए। हम तब तक अपनी आवाज उठाते रहेंगे जब तक हमें न्याय नहीं मिल जाता।

# भारत-मॉरीशस दोस्ती की नींव को और मजबूत करेगी मेरी यात्रा : मोदी

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दो दिवसीय मॉरीशस दौरे से पहले कहा कि उनकी यात्रा दो देशों की दोस्ती की नींव को और मजबूत करेगी।



वह मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के निमंत्रण पर मंगलवार की सुबह मॉरीशस की राजधानी पहुंचेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को देश के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के एक जहाज के साथ भारतीय रक्षा बलों की एक टुकड़ी भी समारोह में भाग लेगी।

पीएम मोदी ने अपनी यात्रा को लेकर सोमवार शाम को एक्स पर लिखा, कल से मैं मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूं, जहां मैं उनके 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लूंगा। मैं अपने मित्र और प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम से मिलने के लिए उत्सुक हूं। मैं वहां भारतीय समुदाय से बातचीत करने के लिए भी उत्सुक हूं।

पीएम मोदी ने कहा, मॉरीशस एक करीबी समुद्री पड़ोसी और हिंद महासागर का एक प्रमुख साझेदार है। हम साझा मूल्यों और गहरे सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े हुए हैं। मेरी यात्रा हमारी दोस्ती की नींव को और मजबूत करेगी और भारत-मॉरीशस संबंधों में एक उज्ज्वल अध्याय जोड़ेगी।

यह प्रधानमंत्री मोदी की 2015 के बाद पहली मॉरीशस यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी की वर्तमान यात्रा से विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

पिछले महीने मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम ने देश की संसद को प्रधानमंत्री मोदी की आगामी यात्रा के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने संसद को संबोधित करते हुए कहा, मुझे सदन को यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरे निमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे राष्ट्रीय दिवस समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनने पर सहमति व्यक्त की है।

मॉरीशस के प्रधानमंत्री ने आगे कहा, यह वास्तव में हमारे देश के लिए एक विशेष सम्मान की बात है कि हम ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व की मेजबानी कर रहे हैं, जो अपने व्यस्त कार्यक्रम और हाल ही में पेरिस और अमेरिका की यात्रा के बावजूद हमें यह सम्मान दे रहे हैं। वह हमारे विशेष अतिथि के रूप में यहां आने के लिए सहमत हुए हैं। पीएम मोदी की यात्रा हमारे दोनोंदेशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का प्रमाण है।

# वहन पत्र विधेयक 2024 लोकसभा में ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** लोकसभा ने औपनिवेश काल के विधेयक में संशोधन करने वाले 'वहन पत्र विधेयक 2024' को यथा संशोधित रूप में आज ध्वनिमत से पारित कर दिया।



पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने 'वहन पत्र विधेयक 2024'पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि विधेयक में सभी पक्षों से विचार विमर्श किया गया है और इसे बनाते समय इसके प्रावधानों को वर्तमान स्थितियों के अनुसार सरलीकृत किया गया है।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लगातार लोगों की जरूरत के अनुकूल काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि साल 2014 के बाद सागरमाला योजना जैसी कई अनुकरणीय पहल हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर जलमार्ग क्षेत्र में महज तीन ही आपरेशनल जलमार्ग थे। देश में सिर्फ तीन जल मार्ग ही चालू किए जा सके और इस पर सिर्फ पांच हजार करोड रुपए खर्च हुए हैं। आज पोत परिवहन का आधुनिकीकरण हो रहा है और बंदरगाहरों की क्षमता में विकास किया जा रहा है और यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि के कारण ही संभव हो सका है। सरकार जो काम कर रही है उससे लोगों को विश्वास हो रहा है कि देश आत्मनिर्भर हो रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधेयक में बदली परिस्थितियों में सामने आने वाली सभी चुनौतियों के निराकरण का काम किया गया है और चुनौतियां इससे जुड़ी हैं उनके निपटान के प्रावधानों को सरल बनाते हुए विधेयक में जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक बनाने में प्रतिष्ठित संस्थानों की सलाह ली गई है। इसमें औपनिवेश काल के प्रावधानों को आधुनिक समय के अनुरूप बनाने का काम किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस कानून में बदलाव कर ऐसा सिस्टम बनाया गया है जो सभी चीजों को आसान बनाता है और ऐसा तब ही संभव हो सकता है जब पुराने जटिल कानून को बदलकर उसे सरल बनाया गया हो। उनका कहना था कि विधेयक में सभी जटिल पहलुओं को बदलकर उनकी जगह ऐसे नये प्रावधान रखे गये हैं जो काम को आसान बनाते हैं और कानून को सरलता प्रदान करते हैं।

# विदेश मंत्री जयशंकर के दौरे से भारत-यूके रणनीतिक साझेदारी में आई नई गति : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने सोमवार को कहा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर की पिछले सप्ताह यूनाइटेड किंगडम यात्रा ने भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति प्रदान की है।



जयशंकर ने यूके के विदेश सचिव डेविड लैमी के निमंत्रण पर 4-9 मार्च तक यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक यात्रा की और 6-7 मार्च को आयरलैंड का भी दौरा किया।

यात्रा के दौरान, जयशंकर ने ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर से मुलाकात की। उन्होंने अपने समकक्ष लैमी, व्यापार और वाणिज्य राज्य सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स और गृह सचिव यवेट कूपर के साथ व्यापक वार्ता भी की।

विदेश मंत्री ने यात्रा के दौरान, सरकार, व्यवसायों, शिक्षाविदों और भारतीय प्रवासियों के प्रमुख हितधारकों के साथ भी बातचीत की।

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा, इस यात्रा ने भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मजबूत संबंधों की पुष्टि की, भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति प्रदान की। इसने उभरते वैश्विक परिदृश्य में राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच सहयोग को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

जयशंकर और विदेश सचिव लैमी ने चेवनिंग हाउस में भारत-ब्रिटेन संबंधों के पूर्ण आयाम पर व्यापक चर्चा की, जिसमें रणनीतिक समन्वय, राजनीतिक सहयोग, व्यापार वार्ता, शिक्षा, टेक्नोलॉजी और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे मुद्दे शामिल थे।

विदेश मंत्रालय ने कहा, उन्होंने दोनों पक्षों द्वारा चर्चा किए जा रहे नए रोडमैप 2.0 की प्रगति की समीक्षा की, जो व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा और नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने यूक्रेन संघर्ष, पश्चिम एशिया, बांग्लादेश और राष्ट्रमंडल सहित क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

अपनी यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर ने उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में भारत के महावाणिज्य दूतावास का भी उद्घाटन किया।

वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन उत्तरी आयरलैंड में भारत की उपस्थिति को मजबूत करने, व्यापार, व्यवसाय, टेक्नोलॉजी और शैक्षिक संबंधों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सांसद कनिमोझी ने धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ दायर किया विशेषाधिकार हनन का नोटिस



**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** डीएमके सांसद कनिमोझी ने सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी के जवाब में उनके खिलाफ संसदीय विशेषाधिकार हनन का नोटिस दायर किया। यह नोटिस एनईपी के तहत प्रस्तावित त्रि-भाषा फार्मूले पर चल रही बहस के बीच आया है, जिसने केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच तीव्र विवाद को जन्म दिया है। नोटिस दाखिल करने से पहले कनिमोझी ने कहा कि डीएमके सरकार ने एनईपी पर चिंता जताई है और नीति को पूरी तरह से स्वीकार करने से इनकार कर दिया है।

केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कनिमोझी ने कहा कि उन्हें स्कूली शिक्षा के लिए फंड को एनईपी कार्यान्वयन से नहीं जोड़ना चाहिए। हमने अपना रुख नहीं बदला है। मंत्री ने हमें झूठा और असभ्य कहा। उन्होंने हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाई। हम किसी भाषा के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन आप हमें असभ्य नहीं कह सकते। इससे पहले, तमिलनाडु में एनईपी के कार्यान्वयन को लेकर उठे विवाद के बीच प्रधान की टिप्पणी की कई विपक्षी सदस्यों द्वारा निंदा किए जाने के बाद लोकसभा को कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया था।

पीएम श्री योजना पर एक सवाल का जवाब देते हुए प्रधान ने कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाली तमिलनाडु सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजना को लागू करने पर अपना रुख बदल दिया है, जिसमें केंद्र, राज्य या स्थानीय निकायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों को मजबूत करने की परिकल्पना की गई थी। प्रधान ने आगे कहा, वे बेईमान हैं और वे तमिलनाडु के छात्रों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। वे राजनीति कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन भी शुरू में सहमत थे लेकिन अचानक कुछ सुपर सीएम सामने आए और उन्होंने यू-टर्न ले लिया।

# गुलमर्ग में रमजान के दौरान फैशन शो पर बरपा हंगामा

**जम्मू, 10 मार्च (ब्यूरो)।** गुलमर्ग में रमजान के दौरान फैशन शो पर जो हंगामा बरपा है वह आयोजकों द्वारा माफी मांगे जाने के बाद भी जारी है। इस पर पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि विधानसभा में भी बवाल जारी है। विवाद के बाद इस फैशन शो के आयोजकों ने माफी भी मांगी है। आयोजकों शिवान एंड नरेश ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने के दौरान गुलमर्ग में हमारी हालिया प्रस्तुति से हुई किसी भी ठेस के लिए हमें गहरा खेद है। हमारा एकमात्र मकसद बिना किसी को या किसी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाए स्की और एप्रेज-स्की लाइफस्टाइल का जश्न मनाना था।

उन्होंने आगे कहा, हम दिल से सभी सभी संस्कृतियों और परंपराओं का सम्मान करते हैं और हम उठाई गई चिंताओं को स्वीकार करते हैं। हम अनजाने में हुई किसी भी असुविधा के लिए ईमानदारी से माफी मांगते हैं।

यह मामला तब सामने आया जब अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने इस शो के आयोजन, वो भी रमजान के बीच होने पर सवाल खड़ा किया।

इसके बाद श्रीनगर से नेकां सांसद आगा रुहुल्लाह ने भी इस पर सवाल खड़ा किया, तुरंत बाद जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री ने इसका संज्ञान लेते हुए इस मामले में एक जांच के आदेश जारी किए। मुख्यमंत्री कार्यालय ने गुलमर्ग में आयोजित इस फैशन शो पर आश्चर्य और चिंता व्यक्त करते हुए एक बयान जारी किया। मुख्यमंत्री ने लोगों के आक्रोश को स्वीकार करते हुए कहा कि उन्होंने स्थानीय अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया है और 24 घंटे के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी।

आयोजित फैशन शो स्की एंड एप्रेस स्की 2025 उत्सव का हिस्सा था, जिसे 7 मार्च को प्रमुख डिजाइनर लेबल शिवन एंड नरेश ने अपनी 15वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया था। अपने लक्जरी हालिडे वियर और रिसार्ट कलेक्शन के लिए मशहूर इस ब्रांड ने गुलमर्ग के बर्फ से ढके इलाके में अपने कला से प्रिंटों वाले स्की-वियर डिजाइन प्रदर्शित किया।

हालांकि, रमजान के पवित्र महीने के दौरान इस कार्यक्रम में माडल्स के खुले कपड़ों में प्रदर्शन से भारी आक्रोश फैल गया, कई लोगों ने इसे धार्मिक और सांस्कृतिक भावनाओं का अनादर बताया। उदारवादी अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने अपना गुस्सा और निराशा व्यक्त करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा: अपमानजनक! रमजान के पवित्र महीने में गुलमर्ग में एक अश्लील फैशन शो का आयोजन किया जाता है, जिसकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गई हैं, जिससे लोगों में गुस्सा फैल गया है। सूफी, संत संस्कृति और अपने लोगों के गहरे धार्मिक दृष्टिकोण के लिए जानी जाने वाली घाटी में इसे कैसे सहन किया जा सकता है?

इसमें शामिल लोगों को तुरंत जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर इस तरह की अश्लीलता कश्मीर में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जबकि श्रीनगर से सांसद और नेकां नेता आगा रूहुल्लाह ने कहा, गुलमर्ग की तस्वीरें चौंकाने वाली हैं, पर्यटन के नाम पर सांस्कृतिक आक्रमण इसी तरह दिखता है। वो कश्मीरी भावनाओं के प्रति घोर उपेक्षा दिखाते हैं। इसमें शामिल पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ आयोजक शिवन और नरेश पर भी तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए।

पीपुल्स कांफ्रेंस के चेयरमैन सज्जाद लोन ने कहा, गुलमर्ग में फैशन शो रमजान के पवित्र महीने के बीच में एक बेहद निंदा जनक घटना थी।

मैं खुद को उदार व्यक्ति मानता हूं और सम्मानित और पारस्परिक रूप से सम्मानजनक सह-अस्तित्व में विश्वास करता हूं, लेकिन इस तरह के आयोजन की मेजबानी करने का यह सबसे अच्छा समय नहीं था।

# एआई को लेकर मोदी सरकार ने वापस ली एडवाइजरी

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।** पूरी दुनिया में इस समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर चर्चा है, तकनीक हर रोज बदल रही है, हर रोज नई तरक्की कर रही है। भारत भी इस रेस में खुद को पीछा नहीं रखना चाहता है, इसी वजह से लगातार नए इनोवेशन हो रहे हैं। लेकिन कुछ फैसले ऐसे भी होते हैं जिनको लेकर विवाद होता है, जिनको लेकर आलोचना झेलनी पड़ती है। ऐसा ही कुछ केंद्र की मोदी सरकार के साथ भी हुआ है, इसका खुलासा आरटीआई से हुआ है।

बताया गया है कि पिछले एक मार्च को भारत सरकार ने एक एडवाइजरी जारी की थी, उसमें कहा गया था कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले जितने भी प्लेटफॉर्म हैं, उन्हें भारत सरकार से परमीशन लेनी पड़ेगी। जो भी अंडर टेस्टिंग उन्हें करनी होगी, उसके लिए सरकार को लूप में रखना पड़ेगा। लेकिन इसी एडवा-इजरी को लेकर पसंद नहीं किया गया, टैक दुनिया ने इसकी आलोचना की और आखिर में सरकार को ही झुकना पड़ा।

अब जानकारी के लिए बता दें कि उस एडवाइजरी के कुछ दिन बाद ही 7 मार्च को नासकॉम की तरफ से आपत्ति दर्ज करवाई गई थी। उनकी तरफ से तीन बड़ी मांग की गईं। पहली, एपलिकेबिलिटी के नियमों में ढील दी जाए। दूसरी, सरकार की परमीशन लेना अनिवार्य नहीं होना चाहिए। तीसरी, स्टेटस रिपोर्ट तैयार करने का दबाव नहीं होना चाहिए। अब इन मांगों के बाद ही सरकार को अपना फैसला वापस लेना पड़ा।

नासकॉम की तरफ से तर्क दिया गया था कि वो जो ज्यादा जानकारी अपने यूजर्स को देना चाहता है, सरकार के एक फैसले की वजह से वो नहीं हो पा रहा था, कई तरह की पाबंदियां आ रही थीं। इसी बात को लेकर सारी आपत्ति थी और सरकार को भी अपने कदम पीछे खींचने पड़े। वैसे भारत सरकार का भी एक तर्क था, ऐसा कहा जा रहा था कि एआई मॉडल के जरिए जो जानकारी कई बार सामने आती थी, वो भारत को लेकर पक्षपाती होती थी, कई बार ऐसे तथ्य सामने रखे जाते थे, जो शायद पूरी तरह सच न हों।

## 3 साल बेमिसाल, सरोजनीनगर आभार दिवस

# 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं से विकसित हो रहा सरोजनीनगर: योगी

**लखनऊ, 10 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित 3 साल बेमिसाल, सरोजनीनगर आभार दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। स्थानीय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। साथ ही सरोजनीनगर संवाद व विकास प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। सरोजनीनगर के सिख परिवारों ने सीएम योगी को करतारपुर साहब से लाया प्रसाद भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रंग और विकास की योजनाओं संग सरोजनीनगर की होली और सुहावनी हो गई।

सीएम योगी ने कहा कि आज रंगभरी एकादशी भी है। सभी मंदिरों में देव विग्रहों के साथ होली खेली जा रही है। रंग के साथ विकास की योजनाओं ने सरोजनीनगर विधानसभा की होली को और और भी सुहावना बना दिया है। क्षेत्र में 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं या चल रही हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में 1200 करोड़ रुपए का कन्वेंशन सेंटर (जहां 10 हजार लोग एक साथ बैठकर कार्यक्रम कर सकें) बनाने जा रहे हैं। इसी विधानसभा क्षेत्र में डिफेंस कॉरीडोर भी बन रहा है। यूपी का पहला फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट का निर्माण भी यहीं हुआ है। एसजीपीजीआई जैसा चिकित्सा संस्थान भी इसी विधानसभा क्षेत्र में है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह कार्यक्रम देखकर आनंद की अनुभूति हुई कि



विधायक जमीनी धरातल पर उतरकर इतनी गहराई के साथ जनता-जनार्दन की सेवा के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबी है और लोकतंत्र इसी से मजबूत होता है। सरोजनीनगर की जनता का अभिनंदन करते हुए उन्होंने कहा कि तीन वर्ष पहले आज ही के दिन (10 मार्च 2022 को डॉ. राजेश्वर सिंह को विधायक चुना था। उनके द्वारा यहां की विकास योजनाओं को शासन में पहुंचाया जाता था और वहां से स्वीकृति ली जाती थी। सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र भी इतने दिव्य-भव्य तरीके से आगे बढ़ सकता है, यह प्रदर्शनी देखकर बहुत अच्छा लगा।

सीएम योगी ने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि समर्पित भाव से कार्य करता है और उसके मन में संवेदना है तो वह बहुत कुछ कर सकता है। यह सब करने के लिए जनप्रतिनिधि को स्वार्थ से उठकर परमार्थ के लिए खुद को समर्पित करना होगा, तब ऐसा परिणाम आ सकता है। सीएम ने कहा कि आज सुबह मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा कर रहे थे कि 25 मार्च को सरकार के 8 वर्ष हो जाएंगे, उस समय हर जनपद में प्रदर्शनी लगेगी। इसका मॉडल अभी हमने सोचा नहीं, लेकिन यहां उसके मॉडल की एक झलक देखकर अच्छा लगा। अब हर विधानसभा क्षेत्र में वहां की विकास योजनाओं के साथ ऐसी प्रदर्शनी लगनी चाहिए। इसमें जनता को आमंत्रित करना चाहिए और योजनाओं का लाभ ऐसे ही दिया जाना चाहिए, जिससे लोकतंत्र की सही झलक दिखाई देने लगे।

सीएम ने कहा कि जब भाजपा ने राजेश्वर सिंह को प्रत्याशी बनाया तो उनकी छवि नौकरशाह व ईडी अधिकारी की थी। राजेश्वर सिंह ने मुखरता के साथ जनता से संवाद बनाया, तत्परता से सेवा के लिए समर्पित रहे। संगठन व सरकार से समन्वय बनाया। जनता की सेवा के लिए सरकार की योजनाओं को लागू कराया। सीएसआर की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के साथ ही अपने स्तर पर भी अभिनव प्रयास किया। बड़े पैमाने पर जनता, बेटियों, मेधावियों, महिलाएं या समाज के प्रत्येक तबके के लोगों के लिए प्रतिबद्धता से कार्य किया है। हर योग्य व आदर्श जनप्रतिनिधि को इसी समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। यही भाव यदि जनप्रतिनिधियों का रहा तो आमजन में लोकतंत्र के प्रति श्रद्धा व सम्मान का भाव बना रहेगा।



लोकतंत्र मजबूत है तो आमजन की सुनवाई से कोई ताकत रोक नहीं सकती, उसे न्याय जरूर मिलेगा। सीएम ने कहा कि हमें हर विधानसभा क्षेत्र को मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना चाहिए। हर जनप्रतिनिधि को इसी प्रतिबद्धता से काम करना चाहिए। यदि यह प्रतिबद्धता रहेगी तो कोई समस्या नहीं रहेगी।

सीएम ने कहा कि आपने बदलते हुए सरोजनीनगर को देखा है। यहां विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं आ रही हैं। हाइवे, मेट्रो विस्तार, एयरपोर्ट अत्याधुनिक बन चुका है। डिफेंस कॉरिडोर, एयरोस्पेस सिटी के रूप में इसकी पहचान हो रही है। एआई सिटी के साथ उसका सेंटर भी इसी विधानसभा क्षेत्र में बनने वाला है। एआई बेस्ड डाटा सेंटर का जुलाई में सरोजनीनगर में उद्घाटन करने जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि जो लोग जातिवादी की राजनीति को बढ़ाते हैं और समाज को बांटने का काम करते हैं। उन लोगों के लिए प्रयागराज महाकुंभ सबसे बड़ा सबक बना था, जहां देश-दुनिया के 66.30 करोड़ श्रद्धालुओं ने एक साथ त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। यहां किसी प्रकार का भेद नहीं था। पीएम मोदी ने इसलिए ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत की बात कही थी।

सीएम ने प्रदेशवासियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विकासपरक योजनाओं का भी जिक्र किया। बोले कि कोई गरीब नहीं रहेगा, बल्कि वे गरीबी रेखा से ऊपर उठकर स्वावलंबन का जीवन बिता सकें, इसके लिए पीएम मोदी के मार्गदर्शन में सरकार निरंतर प्रयास व कार्य कर रही है। सीएम ने कहा कि महाकुम्भ का संदेश, एकता से ही अखंड-सुरक्षित रहेगा देश। एकता का यह संदेश घर-घर, गांव-गांव तक पहुंचाना है। जब एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे, देश अखंड रहेगा तो चहुंओर विकास पहुंचेगा। हर चेहरे पर खुशहाली आएगी और भारत विकसित बनने के साथ दुनिया का मार्गदर्शन करेगा।

सीएम ने कहा कि राजेश्वर सिंह द्वारा महिलाओं को सिलाई मशीन, स्किल डवलपमेंट सेंटर बनाकर नौजवानों को करियर काउंसलर के माध्यम से प्लेसमेंट, मेधावियों को साइकिल, कंप्यूटर-टैबलेट, स्पोर्ट्स यूथ क्लब बनाकर खेल किट आदि प्रदान किया जा रहा है। सीएम ने राजेश्वर सिंह के रूप में योग्य जनप्रतिनिधि चुनने के लिए सरोजनीनगर वासियों को शुभकामनाएं दीं। सीएम ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली सौहार्द और एकता के सूत्र में जोड़ने का पर्व है। महाकुंभ के संदेश को होली के रंग से रंगकर घर-घर पहुंचाना है।

अतिथियों का स्वागत सरोजिनी नगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने किया। इस अवसर पर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, पूर्व सांसद रीना चौधरी, कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास-लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने सरोजनीनगर के विकास के लिए अनेक परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। सीएम ने पांच मेधावियों (अनुष्का, हर्ष मौर्य, प्रीति सिंह, मल्लिका अरोड़ा, कृष्णा साहू) को टैबलेट प्रदान किया। मेधावी छात्रों को 25 साइकिल, पांच आरडब्ल्यूए को पुस्तकालय, पांच यूथ क्लब को खेल किट, 15 कॉलेज-विद्यालय को स्मार्ट क्लास पैनल, पांच पार्कों में ओपन जिम, सरोजनी स्पोट्रस लीग की विजेता टीम को ट्रॉफी, 11वें रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं सशक्तिकरण केंद्र का लोकार्पण, 25 मंदिरों का जीर्णोद्धार, भगवान परशुराम एवं स्व. कल्याण सिंह की प्रतिमा का लोकार्पण, वृद्धाश्रम में विभिन्न कार्यों आादि का लोकार्पण किया।

## लखनऊ समेत कई जिलों में सर्किल रेट का पुनरीक्षण होगा



**लखनऊ, 10 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार लखनऊ समेत कई जिलों में जल्द ही जमीनों के सर्किल रेट का पुनरीक्षण कराने जा रही है। जिन जनपदों में वर्षों से जमीनों की सर्किल रेट का पुनरीक्षण नहीं हुआ है, वहां प्राथमिकता पर इस कार्रवाई को पूरा किए जाने पर फोकस किया जा रहा है। 1 जनवरी 2024 से अब तक प्रदेश के 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुछ जिलों में पुनरीक्षण प्रक्रिया जारी है, वहीं अन्य जिलों में भी इसे जल्द ही शुरू किए जाने की योजना है।

उल्लेखनीय है कि जमीन के सर्किल रेट का पुनरीक्षण होने का सबसे बड़ा फायदा किसानों को मिलता है। पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने पर कानून के अनुसार भूमि अधिग्रहण में किसानों को जमीन का सही मूल्य मिलने का मार्ग प्रशस्त होता है। यही कारण है कि योगी सरकार द्वारा प्रदेश में जारी विकासपरक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए सभी जिलों में जमीनों के सर्किल रेट से जुड़ी पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश स्टाम्प (संपत्ति का मूल्यांकन) की द्वितीय संशोधन नियमावली - 2013 नियम 4(1) के अंतर्गत जिलाधिकारी द्वारा अगस्त के महीने में वार्षिक रूप से जिले के विभिन्न भागों में स्थित कृषि व अकृषक भूमि का न्यूनतम मूल्य प्रति हेक्टेयर/प्रति वर्गमीटर का दर निर्धारित किए जाने का उल्लेख है। आवश्यकता होने पर जिलाधिकारी द्वारा वर्ष के मध्य में भी सर्किल दर सूची का पुनरीक्षण का कार्य किया जा सकता है। ऐसे में, प्रदेश में 1 जनवरी 2024 से लेकर अब तक 37 जिलों में जमीनों के सर्किल रेट के पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

हाल ही में मुख्य सचिव के समक्ष हुई समीक्षा बैठक में इस विषय पर विचार-विमर्श किया गया था, जिसमें मुख्य सचिव द्वारा निर्णय लेते हुए पुनरीक्षण की कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया था। जिन जिलों में वर्षों से पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, उनमें लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, बागपत, इटावा, कन्नौज, हापुड़, बुलंदशहर, मेरठ, महाराजगंज, कुशीनगर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, एटा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, बदायूं, झांसी, जालौन, ललितपुर, संत कबीरनगर, कौशाम्बी व प्रयागराज आदि प्रमुख हैं। इन सभी जिलों में जल्द ही पुनरीक्षण की कार्रवाई शुरू की जाएगी। वहीं शामली, सहारनपुर, मीरजापुर, अलीगढ़, बांदा, हमीरपुर, आगरा, सुल्तानपुर, अमेठी व गौतमबुद्ध नगर समेत कई जिलों में फिलहाल पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है।

### मासूम बच्ची का अपहरण करने वाला मुठभेड़ में जख्मी

## प्रधान का बेटा समेत तीन गिरफ्तार

**बदायूं, 10 मार्च (एजेंसियां)।** बदायूं के उसहैत थाना क्षेत्र से डेढ़ साल की बच्ची का अपहरण कर लिया गया था। पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपियों की तलाश में जुटी थी। रविवार रात पुलिस ने मुठभेड़ में तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। दो बदमाशों के पैर में गोली लगी। घायल बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए तीन बदमाशों में एक पड़ौलिया गांव के प्रधान का बेटा है। पुलिस ने बदमाशों से दो बाइकें, तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं।

पुलिस को रविवार रात करीब आठ बजे सूचना मिली कि कड्डीनगला से अपहृत बच्ची प्रभा के अपहरणकर्ता अटैना पुल से गुजरने वाले हैं। सूचना मिलते ही उसहैत पुलिस व एसओजी टीम ने बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी कर दी। अटैना पुल पर चेकिंग शुरू कर दी गई। इसी दौरान पुलिस को दो बाइकों पर तीन संदिग्ध लोग आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने बाइक को रोकने का प्रयास किया, लेकिन बाइक सवार अटैना पुल से जटा गांव की तरफ भागने लगे। पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा किया। इस पर बदमाशों ने बाइक से उतरकर पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में पुलिस की गोली लगी। घायल होने पर दोनों बदमाश जमीन पर गिर गए। वहीं, तीसरा बदमाश खुद को घिरा देख भागने लगा। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

गिरफ्तार बदमाशों ने अपने नाम अमनपाल (22) पुत्र निरंजन पाल निवासी गांव पड़ौलिया थाना कुंवरगांव, सागर (22) रामेश्वर दयाल निवासी वार्ड एक कस्बा सखानू थाना अलापुर और यशपाल सिंह पुत्र सूरजपाल निवासी गांव खंदक कोतवाली सहसवान व हाल पता गांधीनगर सदर कोतवाली बताया।

### पर्यावरण और मिट्टी बचाने के लिए पराली न जलाने की अपील

# पहली अप्रैल से गेहूं खरीद करेगी योगी सरकार

**लखनऊ, 10 मार्च (एजेंसियां)।** रबी की फसलों की कटाई का सिलसिला शुरू हो गया है। कुछ हफ्ते बाद इसकी प्रमुख फसल गेहूं भी कटने लगेगी। इसी नाते योगी सरकार ने एक अप्रैल से गेहूं खरीद की भी घोषणा भी कर रखी है। राज्य सरकार ने पर्यावरण और मिट्टी की रक्षा करने के लिए किसानों से पराली न जलाने की भी अपील की है। पराली जलाने से फसल के लिए सर्वाधिक जरूरी पोषक तत्व नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश (एनपीके) के साथ अरबों की संख्या में भूमि के मित्र बैक्टीरिया और फफूंद भी जल जाते हैं।

कृषि प्रसार में लगे अधिकारी और कर्मचारी लगातार किसानों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरण और खेत की उर्वरा शक्ति को होने वाले क्षति के बाबत जागरूक कर रहे हैं और पराली की खेत में ही कम्पोस्टिंग से होने वाले लाभ और इसके तैयार करने के तरीके के बारे में भी बता रहे हैं। योगी सरकार का प्रयास तो चक्रण के जरिए इसे किसानों के लिए आर्थिक रूप से उपयोगी बनाने का है। इसके लिए हर जिले में बायो कंप्रेस्ड गैस (सीबीजी)कई जगह बन गए हैं। कुछ जगह बन भी रहे हैं। साथ ही पराली जलाने पर 15 हजार रुपए जुर्माने का प्रावधान भी है। किसानों को जागरूक करने का यह सिलसिला इस सीजन में भी जारी है।

इफको के एरिया मैनेजर डॉक्टर डीके सिंह भी मानते हैं कि पराली जलाने की घटनाओं को रोकने में किसानों का जागरूक होना सबसे महत्वपूर्ण है। किसानों को पराली जलाने से होने वाली व्यापक क्षति के बाबत जागरूक करना होगा। साथ ही इसके निस्तारण के सस्ते और प्रभावी तरीकों को बताना होगा। उनको समझाना होगा कि,पराली एक



ऑर्गेनिक उत्पाद है। इस रूप में यह खेत की आत्मा है। चक्रण के जरिए इसका उपयोग कंपोस्ट खाद, कागज, बिजली या कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) बनाने में संभव है। पराली जलाकर आप न केवल पर्यावरण को क्षति पहुंचा रहे है,बल्कि खुद की बेशकीमती चीज को भी खाक कर रहे हैं।

एनबीआरआई ने एक स्ट्रा फैक्टर बनाया है। इसमें मौजूद फंगस एवं बैक्टीरिया धान की पराली की सिर्फ 10 दिन में कम्पोस्टिंग कर देता। प्रति हेक्टेयर 20 लीटर की जरूरत। कीमत मात्र 100 रुपए। ऐसे नवाचारों को प्रोत्साहित करने के साथ इनको ग्रासरूट पर समय से पहुंचाना होगा। शोधों से साबित हुआ है कि बचे डंठलों में एनपीके की मात्रा क्रमश: 0.5, 0.6 और 1.5 फीसद होती है। जलाने के बजाय अगर खेत में ही इनकी कम्पोस्टिंग कर दी जाय तो मिट्टी को यह खाद उपलब्ध हो जाएगी। इससे अगली फसल में करीब 25 फीसद उर्वरकों की बचत से खेती की लागत में इतनी ही कमी आएगी और लाभ इतना ही बढ़ जाएगा। भूमि के कार्बनिक तत्वों, बैक्टीरिया फफूंद का बचना, पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग में कमी बोनस होगा। गोरखपुर एनवायरमेंटल एक्शन ग्रुप के एक अध्ययन के अनुसार प्रति एकड़ डंठल जलाने पर पोषक तत्वों के अलावा 400 किग्रा उपयोगी कार्बन, प्रतिग्राम मिट्टी में मौजूद 10-40 करोड़ बैक्टीरिया और 1-2 लाख फफूंद जल जाते हैं।

फसल अवशेष से ढकी मिट्टी का तापमान नम होने से इसमें सूक्ष्मजीवों की सक्रियता बढ़ जाती है,जो अगली फसल के लिए सूक्ष्म पोषक तत्व मुहैया कराते हैं। इतना ही नहीं, अवशेष से ढकी मिट्टी की नमी संरक्षित रहने से भूमि के जल धारण की क्षमता भी बढ़ती है। इससे सिंचाई में कम पानी लगने से इसकी लागत घटती है। साथ ही दुर्लभ जल भी बचता है। डंठल जलाने की बजाय उसे गहरी जोताई कर खेत में पलट कर सिंचाई कर दें। शीघ्र सड़न के लिए सिंचाई के पहले प्रति एकड़ 5 किग्रा यूरिया का छिड़काव कर सकते हैं। इसके लिए कल्चर भी उपलब्ध है

# गांवों को मिलेगी स्थायी स्वच्छता, यूपी सरकार ने बनाई नई नीति

**लखनऊ, 10 मार्च (एजेंसियां)।** योगी सरकार ग्रामीण स्वच्छता को और अधिक सुदृढ़ करने के लिहाज से एक नई नीति लेकर आई है। इस नीति का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में निर्मित स्वच्छता परिसंपत्तियों का प्रभावी संचालन और दीर्घकालिक रखरखाव सुनिश्चित करना है, ताकि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लक्ष्य को पूरी तरह से साकार किया जा सके। योगी सरकार ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा निस्तारण, फीकल स्लज प्रबंधन और गोबरधन परियोजना के तहत बायोगैस यूनिट निर्माण जैसी योजनाओं को मजबूत करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रही है। साथ ही, व्यक्तिगत और सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं रखरखाव को भी सुचारू करने पर फोकस किया जा रहा है।

योगी सरकार ने प्रदेश के सभी गांवों को खुले में शौच से मुक्त ओडीएफ प्लस घोषित करने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग एवं मनरेगा की धनराशि से ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धनों के कार्यां को कराते हुए प्रदेश के सभी गांवों को ओडीएफ प्लस ग्राम घोषित किये गये हैं, जिनमें से प्रदेश के कुल ग्राम 96,174 गांवों के सापेक्ष 85,827 गांवों को ओडीएफ प्लस की मॉडल श्रेणी के ग्रामों में घोषित किये गये है।

पंचायतीराज निदेशक की अध्यक्षता में ड्राफ्टिंग कमेटी गठित कर डेवलपमेंट पार्टनर एवं विभागा के सहयोग से नई नीति का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। नई नीति के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन को और प्रभावी बनाया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि स्वच्छता की यह उपलब्धि स्थायी बनी रहे। योगी सरकार के इस प्रयास से ग्रामीण स्वच्छता से जुड़े सभी कार्यों को मजबूती मिलेगी और ग्राम पंचायतों में स्वच्छता का स्तर और ऊंचा होगा।

नई नीति का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि ग्राम पंचायतें स्वच्छता प्रबंधन में आत्मनिर्भर बनेंगी। इसके तहत पंचायतों को उनके क्षेत्र में निर्मित परिसंपत्तियों की देखभाल के लिए ठोस दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी शौचालय, कचरा प्रबंधन केंद्र या जल निकासी प्रणाली अनुपयोगी न रहे और सभी सुविधाएं सुचारू रूप से कार्य करती रहें। इसके अतिरिक्त, गोबरधन योजना के तहत बायोगैस यूनिटों की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह योजना गांवों में कचरे को उपयोगी संसाधन में बदलने के लिए सरकार के सतत विकास के दृष्टिकोण को मजबूत करेगी।

नई नीति के तहत स्वच्छता को केवल एक अभियान नहीं, बल्कि ग्राम पंचायतों की नियमित व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाएगा। इस नीति से गांवों में रहने वाले बच्चों, महिलाओं और पूरे समुदाय के जीवन स्तर में सुधार होगा। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की ठोस योजना से स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे कई बीमारियों को रोका जा सकेगा। योगी सरकार की यह नीति ग्रामीण भारत को स्वच्छ, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक सभी ग्राम पंचायतों को पूरी तरह से स्वच्छता संपन्न बनाना है, जिससे न केवल स्वास्थ्य और पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी।

योगी सरकार विभिन्न विकास संगठनों, टेक्नोलॉजी पार्टनर्स और सामाजिक संगठनों के सहयोग से इस नीति को प्रभावी ढंग से लागू करेगी। इससे उत्तर प्रदेश के गांवों में स्वच्छता के साथ-साथ नवाचार और सतत विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस नई नीति से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में एक स्थायी और प्रभावी स्वच्छता प्रणाली स्थापित होगी। योगी सरकार के इस प्रयास से गांवों में स्वच्छता सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनजीवन का अभिन्न अंग बन जाएगी। यह नीति उत्तर प्रदेश को भारत के सबसे स्वच्छ और समृद्ध ग्रामीण राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

संपादकीय

# मंदिर आय से आशा

**सियासी** बहस में मंदिरों की आय का हिसाब सत्ता की दहलीज को इतना सचेत कर गया कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को आगे आना पड़ा। सरकार के सरोकार इसकी इजाजत नहीं देते कि मंदिर आय को किसी अन्य उपयोग के लिए छीना जाए, लेकिन अर्जियां जहां कबूल हुईं वहां के ढर्रे को बदलना होगा। मंदिर अगर आज आय के स्रोत हैं, तो इसकी वजह इनकी कार्यशैली में आया परिवर्तन और आस्था के इन स्थलों को सरकार के अधीन चलाने की व्यवस्था रही है। बावजूद इसके हम मंदिर परिसरों को तात्कालिक जरूरतों, सियासी हस्तक्षेप, प्रशासनिक तौर तरीकों और पारंपरिक जकडऩ के तहत ही चला रहे हैं, नतीजतन आय का अधिकतम भाग अपव्यय की श्रेणी में आता है। हमने इसी विषय पर 14 जनवरी के संपादकीय 'मंदिरों के रिसते चढ़ावे', में दियोटसिद्ध मंदिर के वार्षिक बजट का विश्लेषण किया था जहां साढ़े चालीस करोड़ के व्यय में मंदिर विकास या श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मात्र एक प्रतिशत के करीब ही राशि खर्च हो रही है। इसी तरह तमाम बड़े मंदिरों की आय व व्यय का ब्यौरा साबित करता है कि इनके प्रबंधन में जवाबदेही की कितनी कमी है। जो यह तर्क देते हैं कि मंदिर आय धर्म की प्रकाष्ठा है या इसका दोहन इसी परिप्रेक्ष्य में किया जाए, वे गलत हैं। ये स्थल अब मात्र मंदिर नहीं, बल्कि धार्मिक पर्यटन से जुड़ी आर्थिकी का भविष्य हैं। इनका प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन, भविष्य की परिकल्पना और इनके दायरे में धार्मिक आर्थिकी से सामाजिक, सांस्कृतिक व क्षेत्रीय विकास के महत्त्वाकांक्षी खाके मजबूत किए जा सकते हैं। इसके लिए एक केंद्रीय ट्रस्ट, धार्मिक स्थल एवं मंदिर विकास प्राधिकरण तथा इसके तहत एक कैडर का गठन करना पड़ेगा। कहने को भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग के दायित्व में मंदिर चल रहे हैं, लेकिन इनके ऊपर प्रशासनिक तौर तरीकों की कुंडली मार कर अधिकारी चस्पां किए जाते हैं। मंदिर अधिकारी का रुतबा इतना सरकारी है कि सारे धर्म स्थल राजस्व विभाग के एक्सटेंशन बन गए हैं। क्यों कोई मंदिर अपने क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों की तनख्वाहों व अस्तित्व की कीमत चुकाए। मंदिर आय व व्यय की आचार संहिता बनानी होगी। इसके अलावा परिसर विस्तार परियोजनाओं का खाका स्पष्ट व आमदनी सृजन के संकल्प को पुख्ता करने वाला होना चाहिए। धार्मिक पर्यटन की आर्थिकी का मूल्यांकन ही नहीं करेंगे, तो आय-व्यय का हिसाब किताब यूं ही भटकता रहेगा। मंदिर परिसर सुधारने के लिए कुछ प्रयास चिंतपूर्णी में हो रहे हैं, लेकिन आय बढ़ाने के लिए कम से कम आधा दर्जन धर्म नगरियों के विकास से ही यह संभव होगा। इस श्रेणी में नयना देवी, चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, दियोटसिद्ध, कांगड़ा, बालासुंदरी व चामुंडा आदि स्थानों को धर्म नगरी परिसरों की मास्टर प्लानिंग से जोडऩा होगा। मोटे तौर पर ये स्थल मंदिर आय के साथ-साथ व्यापार व रोजगार के साधन उत्पन्न करके आज भी पांच-छह सौ करोड़ की आर्थिकी पैदा कर रहे हैं, जिसे पांच हजार करोड़ तक पहुंचाया जा सकता है, लेकिन इससे पहले ऑडिट व मूल्यांकन के ठोस प्रयास करने होंगे। रहा मंदिरों से आय का सवाल तो इनके व्यय से धार्मिक आर्थिकी का विकास होना चाहिए। हर मंदिर स्थल में धार्मिक पर्यटन का विस्तृत स्वरूप दक्षिण भारतीय मंदिरों की तर्ज पर होना चाहिए। धार्मिक साहित्य, प्रशाद, हवन सामग्री, धूप व हिमाचली पहचान के उपहारों के उत्पादन तथा बिक्री की एक श्रृंखला स्थापित करनी होगी। दियोटसिद्ध के रोट और ज्वालाजी के पेड़ों का उत्पादन अगर ब्रांड हिमाचल की तरह विपणन की मंजिलें हासिल करे, तो तमाम धार्मिक शहर प्रदेश के व्यापारिक उत्पादों की मंडी बन सकते हैं। हिमाचल के हर्बल उत्पाद, धूप, शहद, गुच्छी व कृषि एवं बागबानी उत्पादों की मार्किट इन धार्मिक नगरियों की खास पहचान बन सकती हैं। आज भी ये नगर सैकड़ों परिवारों की आजीविका में केवल 'धार्मिक आस्था' का आशीर्वाद दे रहे हैं, तो आगे चलकर यहां की आर्थिकी प्रदेश को निश्चित रूप से संबल देगी।

सरकार के सरोकार इसकी इजाजत नहीं देते कि मंदिर आय को किसी अन्य उपयोग के लिए छीना जाए, लेकिन अर्जियां जहां कबूल हुईं वहां के ढर्रे को बदलना होगा। मंदिर अगर आज आय के स्रोत हैं, तो इसकी वजह इनकी कार्यशैली में आया परिवर्तन और आस्था के इन स्थलों को सरकार के अधीन चलाने की व्यवस्था रही है। बावजूद इसके हम मंदिर परिसरों को तात्कालिक जरूरतों, सियासी हस्तक्षेप, प्रशासनिक तौर तरीकों और पारंपरिक जकडऩ के तहत ही चला रहे हैं, नतीजतन आय का अधिकतम भाग अपव्यय की श्रेणी में आता है। हमने इसी विषय पर 14 जनवरी के संपादकीय 'मंदिरों के रिसते चढ़ावे', में दियोटसिद्ध मंदिर के वार्षिक बजट का विश्लेषण किया था जहां साढ़े चालीस करोड़ के व्यय में मंदिर विकास या श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए मात्र एक प्रतिशत के करीब ही राशि खर्च हो रही है। इसी तरह तमाम बड़े मंदिरों की आय व व्यय का ब्यौरा साबित करता है कि इनके प्रबंधन में जवाबदेही की कितनी कमी है। जो यह तर्क देते हैं कि मंदिर आय धर्म की प्रकाष्ठा है या इसका दोहन इसी परिप्रेक्ष्य में किया जाए, वे गलत हैं। ये स्थल अब मात्र मंदिर नहीं, बल्कि धार्मिक पर्यटन से जुड़ी आर्थिकी का भविष्य हैं।

### भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है

# असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

**योगेन्द्र योगी**

देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है।

**देश** के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा! आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत



वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120 करोड़ रुपये के लोन में से 7.3 प्रतिशत एनपीए हो चुके हैं। एनपीए वो कर्ज है जिसकी कोई भी किश्त 180 दिनों तक चुकाने में लेनदार असफल हो जाता है। इसके बाद बैंकों को इस तरह के लोन को एनपीए में डालना होता है। हालांकि इस लोन की वसूली की कोशिश जारी रहती है और कई बार ये पूरा या आंशिक तौर पर वापस मिल जाता है। आंकड़ों के मुताबिक 91 से 180 दिन का बकाया लोन कुल आउटस्टैंडिंग का 3.3 फीसदी है, जबकि 180 दिन से ज्यादा बकाया लोन 9.7 प्रतिशत है। माइक्रोफाइनेंस को लेकर अब संस्थान भी सतर्कता बरत रहे हैं। क्योंकि उन्हें एनपीए अभी और बढने की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन पर रिस्क वेट घटाया इसी बीच बिजनेस लोन पर जोखिम वेट 125 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया है, जिससे बैंकों को राहत मिलेगी। छोटे बैंकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस नियम में बदलाव से इन्हें फायदा मिल सकता है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता की तरफ पूर्व में चेतावनी मिल चुकी है। 12 अप्रैल 2024 को पेरिस स्थित शोध संगठन वल्र्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर जारी एक शोधपत्र में बताया गया था कि देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी और संपत्ति में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। शोधपत्र के निष्कर्षों में कहा गया है कि साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद और संपत्ति का 40 फीसद हिस्सा था। इनकम ऐंड वेल्थ इनइक्वेलिटी इन इंडिया, 1922-2023 द राइज ऑफ बिल्यनेर राज शीर्षक वाले शोधपत्र के अनुसार आजादी के बाद से 1980 के दशक की शुरुआत तक गैर-बराबरी में कमी आई थी लेकिन इसके बाद इसमें बढ़ोतरी शुरू हो गई और 2000 के दशक की शुरुआत में यह बहुत तेज गति से बढ़ी। देश के शीर्ष एक फीसद लोगों ने 2022-23 में औसतन 53 लाख रुपए कमाए, जो औसत भारतीय की आय से 23 गुना अधिक है जिसने 2.3 लाख रुपए की आय सृजित की। देश के निचले पायदान के 50 फीसद और बीच के 40 फीसद लोगों की औसत आय क्रमश 71, 000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.3 फीसद) और 1,65,000 रु. (राष्ट्रीय औसत का 0.7 फीसद) रही सबसे अमीर 9,223 लोगों (9.2 करोड़ वयस्क भारतीयों में से) ने औसतन 48 करोड़ रुपए कमाए (औसत भारतीय आय से 2,069 गुना)। भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के बाद निजी उद्यम में वृद्धि और पूंजी बाजार की वृद्धि ने शीर्ष के कुछ ही लोगों के हाथों में संपत्ति का सिमटना बढ़ाया है। उदारीकरण के बाद से सेवा की अगुआई में हुई आर्थिक वृद्धि के भी असमानताकारी असर हुए। इस पूरे हालात से साफ है कि भारत की खपत ग्रोथ संतुलित नहीं है। एक तरफ जहां अमीर और अमीर हो रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब जिसके लिए आने वाले समय में सरकार को बड़े कदम उठाने होंगे जिससे आर्थिक असमानता कम हो सके।

दृष्टि कोण

# ट्रेड वॉर से मुकाबले की रणनीति

**हाल** ही में 5 मार्च को अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (प्रतिस्पर्धी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप के द्वारा 4 मार्च से कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमरीका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। यद्यपि अभी ट्रंप ने भारत पर टैरिफ रेट का ऐलान नहीं किया है, किंतु भारत पर टैरिफ वृद्धि चीन और कनाडा से कम ही होगी। यह स्थिति भारत के पक्ष में है। भारत अभी अमरीका से आयात होने वाले उत्पादों पर औसतन 9 फीसदी का टैरिफ लगाता है। ऐसे में अमरीका भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ के आधार पर 9 फीसदी से अधिक टैरिफ नहीं लगाएगा। गोल्डमैन सॉक्स के मुताबिक अमरीकी टैरिफ से भारत की जीडीपी पर अधिकतम 0.6 फीसदी तक असर संभव है, जो की बेहद कम है। सिटी रिसर्च के अनुसार भारत को करीब 7 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है, जबकि अमरीका के साथ व्यापार लक्ष्य 500 अरब डॉलर सुनिश्चित किया गया है। निसंदेह टैरिफ वॉर की इन चुनौतियों के बीच भारत अमरीका के लिए उपयुक्त टैरिफ रियायतों की नई रणनीति के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की भी नई रणनीति के साथ ट्रंप की टैरिफ मार से मुकाबला करने की डगर पर सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह भी है कि जहां अमरीका से निर्मित टैरिफ चुनौतियों के बीच अब भारत को निर्यात के नए मौके मिलने की उम्मीद है, वहीं ट्रंप की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढऩे का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे सकेगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि 4 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ आर्थिक कारोबारी साझेदारी मजबूत करना चाहता है। ऐसे में भारत के उद्योग-कारोबार क्षेत्र के द्वारा नए मौकों को मु_ी में करने के लिए तत्परता के साथ आगे बढऩा चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ट्रंप के द्वारा अपनाई जा रही अमरीका फर्स्ट और रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति के कारण दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है। नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। दुनिया में वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तंभ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। ऐसे में भारत ने इस नए बदलाव को समझते हुए रणनीतिकपूर्वक एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 के बजट में अमरीका से आने वाली वस्तुओं जैसे महंगी मोटरसाइकिल, सैटेलाइट के लिए ग्राउंड इंस्टॉलेशन और सिंथेटिक फ्लेवरिंग एसेंस जैसे कुछ सामानों पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ऐसी नई रणनीति पर आगे बढऩा शुरू कर दिया है, जिसमें मित्र देशों को पर्याप्त रियायतें भी हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। उल्लेखनीय है कि विगत 13 फरवरी नरेंद्र मोदी और राष्ट्पति डोनॉल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार पिछले माह फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। इसी तरह अमरीका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर भी भारत ने रणनीति तय की है। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि अमरीका, यूरोपीय आयोग और ब्रिटेन इन तीनों का भारत के कुल द्विपक्षीय वैश्विक कारोबार में एक तिहाई से भी ज्यादा का हिस्सा है। वर्ष 2030 तक भारत इन तीनों के साथ अपने द्विपक्षीय कारोबार को कम से कम तीन गुना बढ़ाने की डगर पर आगे बढ़ा है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं ऐसी डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं, जो उन्होंने पिछले वर्ष अपने तीसरे कार्यकाल से ही लगातार आगे बढ़ाना शुरू किया है। पिछले वर्ष से ही इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय लिखे गए हैं।

कुछ अलग

# मक्खी का प्रायश्चित

**मक्खी** अंततः भिनभिना कर उसके मुंह में घुस गई। वह वीआईपी था, लिहाजा फोटो सेशन के लिए मुस्करा रहा था। मक्खी जैसे घुसी थी, वैसे ही लौट आई, लेकिन वहां चाक चौबंद व्यवस्था ने उसे पकड़ लिया। मक्खी हैरान थी कि यह कैसे हुआ, वरना वह तो देश की संसद तक घुस-घुस कर सब कुछ देखती रही है। उसे मालूम है कि वहां न किसी की जुबान और न ही किसी की आंख पकड़ी जा सकती है। उसने कई झूठे बयान वहां से गुजरते देखे हैं। वह कई बार संविधान की किताब तक पर बैठी है। वह अक्सर पुलिस थानों में नृत्य देखने जाती है। उसने व्यवस्था के बेहतरीन मुजरे सरकारी कार्यालयों में देखे हैं, लेकिन कोई उसे आज तक मारना तो क्या, पकड़ तक नहीं पाया। वो देशवासियों की तरह धन्य है कि उसने भारत में जन्म लिया। जन्म लेने के सारे फायदे उसे इसी देश में मिले। उसे न नगर निगम की सफाई, न प्रशासन की कार्रवाई और न ही गंदगी की ढुलाई से कोई फर्क पड़ा। जहां कोई इनसान न चैन से सोया और न ही आज तक जागा, वहां यह इज्जत से सोती और जागती रही। यह भारत में इस बात को लेकर गर्व करती है कि यहां आज भी इनसान और जानवर पास-पास रह लेते हैं। इसे पकडऩे वाले भले ही आज तक आवारा पशुओं को नहीं पकड़ पाए, लेकिन वीआईपी ड्यूटी में कमाल की चुस्ती से मक्खी पकड़ी गई। मक्खी ने मुड़ कर देखा वो वीआईपी अभी भी मुंह खोले महाकुंभ के समारोह में मीडिया कैमरों के सामने अदब से पेश आ रहा था। महाकुंभ की सारी व्यवस्था व गंगाजल की बिगड़ी हालत का इल्जाम अब इस मक्खी पर था। मक्खी ने पहली बार अपने चुल्लू में पानी भर कर दिखाया, तो जांच अधिकारी डर गया। दरअसल वह तैरना नहीं जानता था। मक्खी से पूछा गया, 'वीआईपी क्षेत्र में घुसने का तुम्हारा इरादा देश से गद्दारी और सनातन धर्म की तौहीन क्यों न माना जाए।' मक्खी को विश्वास था कि वह भी वीआईपी है, इसलिए भी क्योंकि वह वीआईपी मुंह से पकड़ी गई है। इससे पहले उसने वीआईपी लोगों को तब देखा था, जब कहीं आतंकवादी घटना हो चुकी होती थी, रेलवे दुर्घटना में लोग मारे जा चुके होते थे या भगदड़ के बाद लाशें उठा ली गई होती थीं। मक्खी ने पुनः चुल्लू में पानी भर कर शपथ के साथ जांच अधिकारी को बताना चाहा कि महाकुंभ में करोड़ों आए, तो उसकी आस्था से वीआईपी क्षेत्र की शांति कैसे भंग हो सकती। मक्खी को अछूत ठहराते हुए जांच अधिकारी ने निर्देश दिया कि वह सर्वप्रथम 'चुल्लू में पानी भरना' त्यागे, खास तौर पर गंगा के इस पानी को तो कतई नहीं। मक्खी ने सनातन धर्म की कसम खाते हुए कहा, 'मैं विशुद्ध शाकाहारी, महाकुंभ में हो रही अमृत वर्षा में देश के लिए पाप धोने आई हूं। मेरा इरादा किसी वीआईपी मुंह में घुसने का नहीं था, लेकिन महाकुंभ की हवाओं ने मुझे वहां पहुंचा दिया। दरअसल मैं अमृतसर से आई हूं। अमरीका से जबरन लौटाए गए भारतीयों को जब से बेडियों और हथकडियों में बंधे देखा है, मैंने प्रायश्चित करने के लिए महाकुंभ चुना। मुझे ऐसा लगा कि अगर साठ करोड़ भारतीय किसी भी पाप को पुण्य में बदल सकते हैं, तो उनके सान्निध्य में मेरे पाप भी धुल जाएंगे। अमरीका से लौटे भारतीयों के साथ कुछ अमरीकी मक्खियां भी आई हैं। उन्होंने मेरी ओर हिकारत की निगाह से देखते हुए कहा है कि मेरा देश मक्खियों के लायक भी नहीं है। वे झूठी हैं। अमरीका का नमक झूठा है। हमारा देश वीआईपी लोगों का है।

देश दुनिया से

# पितृसत्तात्मक व्यवस्था को चुनौती देती महिलाएं

**फ्रेंच** लेखिका सिमोन द बोउवार के अनुसार 'कोई महिला बनकर पैदा नहीं होती, बल्कि वह एक महिला बनती है।' यह कथन ना हमारी सामाजिक व्यवस्था को बताता है, बल्कि पितृसत्तात्मक के साथ वर्चस्व की लड़ाई की भी हिमाकत करता है। महिला दिवस न केवल महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है, बल्कि उनके संघर्षों और सामाजिक परिवर्तन में उनके योगदान को भी स्वीकार करने का दिन है। महिला दिवस विश्वभर में महिलाओं की उपलब्धियों, संघर्षों और अधिकारों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। यह दिन लैंगिक समानता, महिलाओं के प्रति भेदभाव को समाप्त करने और उनके सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक योगदान को पहचानने का अवसर प्रदान करता है। इसके पीछे मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एक ऐसा समाज बनाना है जहां महिलाओं को समान अवसर और सम्मान मिले। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम, सेमिनार, चर्चाएं और रैलियां आयोजित की जाती हैं, जो महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने पर जोर देती हैं। महिला दिवस का इतिहास 20वीं शताब्दी की शुरुआत से जुड़ा है, जब महिलाओं ने अपने अधिकारों, बेहतर कार्य स्थितियों और मतदान के अधिकार के लिए आंदोलन शुरू किए। 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया गया, क्योंकि 1917 में रूस की महिलाओं ने इसी दिन एक बड़ी हड़ताल की थी, जिससे वहां क्रांति का मार्ग प्रशस्त हुआ। यह दिन न केवल महिलाओं की प्रगति का जश्न मनाने का अवसर है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि अभी भी कई चुनौतियां बनी हुई हैं, जिन्हें हल करने के लिए हमें मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है। भारत में जहां पितृसत्तात्मक संरचनाएं गहरी जड़ें जमा चुकी हैं, वहीं महिलाओं ने समय-समय पर इन व्यवस्थाओं को चुनौती देते हुए अपनी पहचान स्थापित की है। महिलाओं की स्थिति में ऐतिहासिक रूप से महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं। पहले जहां समाज में उन्हें केवल घरेलू भूमिकाओं तक सीमित रखा जाता था, वहीं आज वे विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। शिक्षा, राजनीति, विज्ञान, खेल, व्यापार और टेक्नोलॉजी में उनकी भागीदारी लगातार बढ़ रही है। यह बदलाव महिलाओं की सशक्तिकरण की दिशा में किए गए संघर्षों और आंदोलनों का परिणाम है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था का सामना करने के लिए महिलाओं ने विभिन्न तरीकों से संघर्ष किया है। सबसे पहले शिक्षा को प्राथमिकता दी गई, जिससे महिलाओं को अपनी स्थिति सुधारने और अधिकारों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला। 19वीं और 20वीं सदी में हुए नारीवादी आंदोलनों ने महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उदाहरण के रूप में, भारत में सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष किया, जिससे लड़कियों के स्कूल शुरू किए गए। अमरीका में सुसान बी. एंथनी और एलिजाबेथ कैडी स्टैंटन ने महिलाओं को वोटिंग अधिकार दिलाने के लिए आंदोलन किया। आधुनिक समय में, मलाला यूसुफजई ने बालिका शिक्षा के अधिकार के लिए अपनी आवाज उठाई और नोबेल पुरस्कार जीता। आज महिलाएं राजनीति में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बन रही हैं, कॉर्पोरेट जगत में शीर्ष पदों पर पहुंच रही हैं, खेलों में विश्व रिकार्ड बना रही हैं और विज्ञान व तकनीक में क्रांतिकारी खोज कर रही हैं। हालांकि, अभी भी लैंगिक असमानता, वेतन में भेदभाव और हिंसा जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं, जिनका निरंतर समाधान निकालना आवश्यक है। ऐतिहासिक रूप से देखें तो भारत की महिलाएं सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक बदलाव की वाहक रही हैं। रानी लक्ष्मीबाई, सावित्रीबाई फुले, सरोजिनी नायडू जैसी विभूतियों ने स्वतंत्रता संग्राम और सामाजिक सुधारों में अग्रणी भूमिका निभाई। आधुनिक भारत में कल्पना चावला, मैरी कॉम, पीवी. सिंधु, किरण मजूमदार शॉ और स्नेहा दुबे जैसी महिलाओं ने पुरुष प्रधान क्षेत्रों में अपना वर्चस्व साबित किया है। पितृसत्तात्मक व्यवस्था केवल एक सामाजिक संरचना नहीं है, बल्कि यह एक मानसिकता भी है जो महिलाओं को सीमित करने का प्रयास करती है। यह व्यवस्था उन्हें घरेलू भूमिकाओं तक सीमित रखने, उनके करियर विकल्पों को नियंत्रित करने और उनके निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करने का काम करती है। लेकिन महिलाओं ने इन बाधाओं को तोड़ते हुए हर क्षेत्र में खुद को सिद्ध किया है। शिक्षा और जागरूकता ने महिलाओं की स्थिति को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। महिलाओं की बढ़ती शिक्षा दर ने उनके आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण को संभव बनाया है। कार्यस्थलों पर लैंगिक समानता के लिए संघर्ष, घरेलू हिंसा और उत्पीडऩ के खिलाफ आवाज उठाना तथा राजनीति में बढ़ती भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि महिलाएं पितृसत्ता की जड़ों को हिला रही हैं। कानूनी सुधारों और सरकारी योजनाओं ने भी महिलाओं के उत्थान में योगदान दिया है। हालांकि, केवल कानूनों से मानसिकता नहीं बदलती, इसके लिए निरंतर सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता है। महिला दिवस केवल एक दिन की औपचारिकता नहीं होना चाहिए, बल्कि इसे महिलाओं की उपलब्धियों को स्वीकार करने और उनके अधिकारों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बनाना चाहिए। जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानकर अपनी सीमाओं को लांघती हैं, तो वे न केवल स्वयं को सशक्त करती हैं, बल्कि समाज में एक बड़ा बदलाव भी लाती हैं। भारत में महिलाओं की यह प्रगति साबित करती है कि वे किसी भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था से कहीं अधिक सशक्त और समर्थ हैं। महिलाओं को उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण की ओर बढ़ावा देना आवश्यक है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और आर्थिक निर्णयों में भागीदारी कर सकें। परिवार और समाज को महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी और उन्हें सहयोग देना होगा, ताकि वे आगे बढ़ सकें।

आप का नजरिया

# 'रेवड़ियों' के विकल्प

**दिल्ली** कैबिनेट ने 'महिला समृद्धि योजना' पर मुहर लगाई और गरीबी-रेखा के तले (बीपीएल) वाली महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह देने की घोषणा की। जब यह योजना लागू हो जाएगी, तो करीब 17 लाख महिलाओं को फायदा मिलने का अनुमान है। दिल्ली में करीब 72 लाख महिलाएं हैं, जिनमें से करीब 45 फीसदी ने भाजपा के पक्ष में वोट दिया था। चुनाव-प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक मंच से वायदा किया था कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनी, तो पहली कैबिनेट बैठक में ही महिलाओं को 2500 रुपए देने का प्रस्ताव पारित किया जाएगा और उसके बाद सभी महिलाओं की समृद्धि की योजना लागू कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री ने 'सभी' महिलाओं को आश्वस्त किया था, लेकिन अब 72 लाख में से 17 लाख महिलाओं के खाते में ही 2500 रुपए जमा कराए जाएंगे। पात्रता के मानदंड, शर्तें और आधार चुनाव संपन्न होने से पहले ही तय किए जाने चाहिए थे, लिहाजा अब 'महिला समृद्धि योजना' महज एक छलावा लगती है। चुनावी वायदे का यह एक अद्र्धसत्य भी है। दिल्ली मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में मंत्रियों की एक समिति की घोषणा जरूर की गई है। उसकी रपट कब सामने आएगी, पात्रता के मानदंड क्या होंगे, ये भी यक्ष-प्रश्न हैं। बेशक 5100 करोड़ रुपए के बजटीय प्रावधान की भी घोषणा की गई है। विपक्ष के तौर पर आम आदमी पार्टी (आप) को एक गरम और संवेदनशील मुद्दा हाथ लग गया है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी कह रही हैं कि 'आप' सरकार ने महिलाओं को नकदी मुहैया कराने का जो ब्लूप्रिंट तैयार किया था, उससे करीब 38 लाख महिलाएं लाभान्वित होतीं! अब 'आप' ने '2500 रुपए कब' की रट लगा रखी है और प्रधानमंत्री की गारंटी को 'जुमला' करार दिया जा रहा है। बहरहाल एक ख़बर छन कर आ रही है कि भाजपा 'मुफ्त की रेवडियों' से इतना परेशान हो चुकी है कि पार्टी के भीतर 'वैकल्पिक मॉडल' पर विमर्श किया जा रहा है। यह विचार तभी कौंधा था, जब दिल्ली चुनाव के 'संकल्प-पत्र' पर रणनीति तैयार की जा रही थी, लेकिन केजरीवाल की 'रेवड़ी राजनीति' ने देश के सभी प्रमुख राजनीतिक दलों को 'मुफ्तखोरी' परोसने को बाध्य किया है। भाजपा को भी दिल्ली चुनाव में मजबूरन करना पड़ा। अब भाजपा 2026 में असम चुनाव के साथ ही रेवडियों के बजाय आर्थिक, व्यावसायिक मदद के वैकल्पिक मॉडल पेश करना चाहती है। देश के प्रमुख 7 राज्यों-मप्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, झारखंड, गुजरात-में 8.1 करोड़ महिलाओं को करीब 1.24 लाख करोड़ रुपए बांटने पड़ रहे हैं। यह राशि राज्यों के कुल बजट की 12 फीसदी है। मुफ्तखोरी की रेवडियों ने राज्यों और देश की आर्थिक हालत को बुरी तरह प्रभावित किया है। राज्यों पर 2.5 लाख करोड़ से 9 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। भाजपा जहां पहले रेवडियों की घोषणा कर चुकी है और उसकी सरकार है, वहां चुनावी वायदे के मुताबिक रेवडियां बांटी जाती रहेंगी, लेकिन 2028 के बाद भाजपा शासित सभी राज्यों में 'वैकल्पिक व्यवस्था' होगी।



# ट्रंप के घर पर मंडराया बड़ा संकट, एफ 16 नहीं पहुंचते तो न जाने क्या हो जाता

**वाशिंगटन, 10 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सुरक्षा में चूक का मामला एक बार फिर सामने आया है। ट्रंप रविवार को फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच स्थित अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में गोल्फ का आनंद ले रहे थी। तभी अचानक उनके घर के ऊपर आसमान में अमेरिकी वायुसेना के एफ-16 फाइटर जेट गरजने लगे। कारण था एक संदिग्ध नागरिक विमान, जिसने डोनाल्ड ट्रंप के घर के ऊपर अस्थायी रूप से प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में घुस गया था। जब यह विमान सुरक्षा क्षेत्र में दाखिल हुआ, तो नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड तुरंत एक्शन में आया। उसने फौरन ही एफ-16 फायटर जेट्स को वहां रवाना किया, जिसने नागरिक विमान को चेतावनी देने के लिए चमकीले फ्लेयर्स दागे।

हालांकि ट्रंप के घर के ऊपर मंडराने वाला यह कोई पहला विमान नहीं था। अधिकारियों के मुताबिक, जब से ट्रंप ने 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभाला, तब से इस तरह की 20 से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। शनिवार को भी एक ऐसा ही मामला सामने आया, जब ट्रंप मार-ए-लागो स्थित अपने क्लब और निजी निवास से गोल्फ कोर्स के लिए निकले थे। दक्षिण फ्लोरिडा का हवाई क्षेत्र बेहद व्यस्त रहता है। लेकिन जब भी ट्रंप अपने घर पर होते हैं, तो वहां एक सख्त उड़ान प्रतिबंध लगाया जाता है, जो 30 नॉटिकल मील के दायरे में फैलता है। इसके बावजूद, कई नागरिक पायलट बिना नियमों की जानकारी लिए उड़ान भर रहे हैं, जिससे बार-बार सुरक्षा उल्लंघन हो रहा है। कमांडर जनरल ग्रेगरी गिलोट ने इस बढ़ती लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति की सुरक्षा और उड़ान सुरक्षा के लिए अस्थायी उड़ान प्रतिबंध (टीएफआर) के नियमों का पालन करना जरूरी है। लेकिन हाल के दिनों में पायलटों की लापरवाही खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम घोषित होते ही बोले कार्नी- कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा



**ओटावा।** कनाडा के घोषित हुए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी तत्काल कहा कि कनाडा कभी भी अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा। पीएम पद का चुनाव जीतते ही मार्क कार्नी ने अमेरिका और राष्ट्रपति ट्रंप पर जबरदस्त हमला बोला है। कार्नी, जो पहले बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर रह चुके हैं, ने 85 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ लिबरल पार्टी का नेतृत्व जीता। इसके अलावा, उन्होंने विपक्षी कंजर्वेटिव नेता पियरे पोइलिवरे की भी आलोचना की और कहा कि वह केवल बाजार की पूजा करते हैं, जबकि कभी खुद कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया। मार्क कार्नी ने कनाडा की ताकत का जोर देते हुए कहा, हमारी ताकत हमारे लोगों में है, और हम इस संकट से उबरकर और भी मजबूत होंगे। उन्होंने अपनी बात खत्म करते हुए भाषण के अंत में कहा- कनाडा अमर रहे। कनाडा के अगले प्रधानमंत्री के रूप में नामित होने के तुरंत बाद मार्क कार्नी ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ अपने संबंधों को लेकर इरादे स्पष्ट कर दिए। कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने के ट्रंप के बयान के जवाब में कार्नी ने कहा, अमेरिका कनाडा नहीं है। कनाडा कभी भी किसी भी तरह, आकार या रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा। मार्क कार्नी ने कहा कि अमेरिका कनाडा के लोगों के संसाधन, जल, जमीन और देश पर कब्जा करना चाहता है। अगर वे सफल हो गए, तो वे हमारी जीवन शैली को नष्ट कर देंगे। इस दौरान मार्क कार्नी ने अमेरिका की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की भी आलोचना करते हुए उसे व्यवसाय बताया और कनाडा की स्वास्थ्य सेवा को हक बताया। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से लगाए गए टैरिफ पर उन्होंने कहा कि कनाडा तब तक पलटवार करेगा जब तक अमेरिका मुक्त और निष्पक्ष व्यापार का वादा नहीं करता ।

### पाकिस्तान में 27 से ज्यादा अपराधों में दी जाती है मौत की सजा



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान दुनिया के उन देशों में शुमार है, जहां सबसे ज्यादा मौत की सजा दी जाती है। आंकड़ों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर मौत की सजा का सामना कर रहे कैदियों में 26 फीसदी सिर्फ पाकिस्तान में ही हैं। दरअसल, पाकिस्तान में 27 से ज्यादा अपराधों में मौत की सजा प्रावधान है। पाकिस्तान का कानून कई मामलों में सख्त है। यहां कई अपराधों में मौत की सजा दी जाती है। हालांकि, समय-समय पर इसमें संशोधन भी हुए हैं। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान में 27 से ज्यादा अपराधों में मौत की सजा का प्रावधान है। यहां रेप, नाजायज यौन संबंध, महिलाओं की गरिमा पर हमला, ड्रग्स तस्करी, डकैती के दौरान हत्या जैसे मामलों में मौत की सजा दी जाती है। इसके अलावा राज्य के खिलाफ युद्ध छेड़ना या उकसाने पर भी मौत की सजा का प्रावधान है। पाकिस्तान में ईशनिंदा कानून लागू है।

### इजराइल ने पहले दाना-पानी रोका अब गाजा की काट दी बिजली

**तेलअवीव।** इजराइल और हमास के बीच छिड़ी जंग के सीजफायर का पहला चरण खत्म हो गया है। लेकिन



अब ऐसा लगा रहा है कि गाजा में इजरायल और हमास के बीच हुए युद्धविराम समझौते का भविष्य अधर में जा रहा है। जहां समझौते को लेकर इजराइल और हमास अपने शर्तों पर अड़े हुए हैं, वहीं दूसरी तरफ गाजा के लोगों की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। इस बीच इजराइल ने हमास पर दबाव बनाने के लिए रविवार को गाजा को मिलने वाली बिजली की आपूर्ति रोक दी है। इजरायल ने कहा है कि गाजा की बिजली की आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद की जा रही है। गौरतलब है कि गाजा में युद्धविराम का पहला चरण बीते 1 मार्च को खत्म हो गया है। समझौते को लेकर इजराइल और हमास-अलग अलग शर्तों पर अड़े हुए हैं। इजरायल समझौते के पहले चरण को अप्रैल तक बढ़ाना चाहता है। वहीं हमास ने युद्धविराम के दूसरे चरण पर तत्काल वार्ता शुरू करने की शर्त रखी है। पिछले सप्ताह रमजान से पहले गाजा में माल और आपूर्ति के प्रवेश पर रोक लगाने के बाद इजराइल ने चेतावनी भी दी थी कि अगर हमास अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करता है तो इसके और भी बुरे परिणाम हो सकते हैं।

# 130 की रफ्तार से आई तबाही : बिजली के खंभे टूटे, घरों को नुकसान पहुंचा, अब चौतरफा अंधेरा

**ब्रिसबेन, 10 मार्च (एजेंसियां)।**

ऑस्ट्रेलिया में आए अल्फ्रेड तूफान ने कई शहरों को भारी नुकसान पहुंचाया है। यहां 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने बिजली के खंडे उखाड़ दिए। कई घरों को क्षति पहुंचाई और सड़के उखाड़ दीं। अब हालात ये है कि चौतरफा अंधेरा छाया हुआ है। न बिजली है और न ही पानी की आपूर्ति हो पा रही है। एक्स-ट्रॉपिकल साइक्लोन में ब्रिस्बेन और गोल्ड कोस्ट के आसमान में तो मानो काले बादलों ने जैसे कयामत का ऐलान कर दिया था। यहां बिजली की लाइनें टूटीं, पेड़ उखड़ गए, और घरों में पानी घुस गया। ऑस्ट्रेलिया के मौसम विज्ञान ब्यूरो के अनुसार, अल्फ्रेड कैटेगरी 2 का तूफान है, जिसके केंद्र के पास 95 किलोमीटर प्रति घंटे की निरंतर हवाएं और 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवाएं चल रही हैं। इसने 'क्वींसलैंड में डबल आइलैंड पॉइंट से लेकर न्यू साउथ वेल्स में ग्राफ्टन तक, ब्रिस्बेन, गोल्ड कोस्ट, सनशाइन कोस्ट, बायरन बे और बैलिना को प्रभावित किया। वहीं ऑस्ट्रेलिया आमतौर पर ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी इलाकों में ही चक्रवात आते हैं। पिछली बार यहां गोल्ड कोस्ट क्षेत्र में चक्रवात 1974 में आया था। ऑस्ट्रेलिया का दक्षिणी भाग ज्यादा घनी आबादी वाला है, जिसमें ब्रिसबेन देश का तीसरा सबसे अधिक आबादी वाला शहर है। ऐसे में इस तूफान ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित किया। यहां रविवार रात जब लोग सोने की तैयारी कर रहे थे, तब आसमान से बरसता पानी और तेज हवाएं खतरे का इशारा कर रही थीं। देखते ही देखते क्वींसलैंड के कई हिस्से जलमग्न हो गए। गोल्ड कोस्ट और ब्रिस्बेन के सैकड़ों इलाकों में बिजली गुल हो गई। घरों की खिड़कियां टूटने लगीं, और लोग बेबस होकर अपने परिवार के साथ सुरक्षित जगह तलाशने लगे। सिर्फ एक रात में बाढ़ का कहर ऐसा टूटा कि 1800 लोग पूरी तरह से पानी में घिर गए। सड़कें नदियों में बदल गईं, और कई गाड़ियां बाढ़ में बह गईं। अधिकारियों ने तुरंत 20,300 लोगों को अपने घर छोड़ने का आदेश दिया। वहीं शनिवार को बाढ़ के पानी से 61 वर्षीय एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया, जबकि एक अन्य घटना में बचाव कार्य के लिए जा रहे सैनिकों का काफिला दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के बाद 12 सैनिकों को अस्पताल ले जाया गया।



## व्हाइट हाउस में घुसने वाला था आत्मघाती हमलावर, सीक्रेट सर्विस ने मारी गोली



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने व्हाइट हाउस के पास एक हथियारबंद व्यक्ति को गोली मार दी है। पुलिस के मुताबिक, इस व्यक्ति ने व्हाइट हाउस में अपने पहुंचने की कोशिश की, जिसके बाद सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने उसे रोकने की कोशिश की और फिर गोली मार दी। सीक्रेट सर्विस के प्रवक्ता ने बताया कि उस व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है, हालांकि उसकी हालत के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं है। इस घटना में किसी भी सीक्रेट सर्विस कर्मी को चोट नहीं आई है। घटना की जांच मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग द्वारा की जा रही है। स्थानीय पुलिस के अनुसार इस व्यक्ति को आत्मघाती कहा गया था और उसका नाम इंडियाना से वाशिंगटन डीसी की यात्रा कर रहे थे। उसे 17वीं और एफ स्ट्रीट एनडब्ल्यू के पास देखा गया था और फिर गोलीबारी हुई। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय व्हाइट हाउस में नहीं थे। घटना के सम्बंधित और विस्तृत जानकारी के लिए सूचनाएं जारी की जा रही है। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने व्हाइट हाउस के पास एक हथियारबंद व्यक्ति को गोली मार दी है। सीक्रेट सर्विस ने एक बयान में कहा कि वह व्यक्ति हथियार लिए हुए था और व्हाइट हाउस में घुसने की कोशिश कर रहा था। मौके पर पहुंचे सीक्रेट सर्विस एजेंट्स से टकराव होने के बाद उस व्यक्ति को गोली मार दी गई। इस गोलीबारी के वक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में नहीं थे।

# पेन्सिलवेनिया में प्राइवेट प्लेन क्रैश, 5 घायल



**वाशिंगटन, 10 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में एक प्राइवेट प्लेन क्रैश हो गया, जिसमें 05 लोगों के घायल हो गए। हादसे का शिकार छोटा निजी विमान रविवार दोपहर एक रिटायरमेंट होम के पार्किंग में क्रैश हुआ। इस हादसे में अनेक गाड़ियों में आग लग गई।

पेंसिल्वेनिया प्लेन हादसे में कम से कम 05 लोग घायल हो गए, जबकि कई गाड़ियां आग की चपेट में आई हैं। यह हादसा लैंकेस्टर काउंटी के मैनहाइम टाउनशिप में ब्रेथ्रेन विलेज के समीप हुआ है। जानकारी अनुसार एक निजी विमान बीचक्राफ्ट बोनांजा हादसे का शिकार हुआ, जिसने दोपहर करीब 3:15 बजे लैंकेस्टर एयरपोर्ट से टेकऑफ किया। इसके चंद सेकंड बाद ही वह अनियंत्रित हो गया और जमीन पर आ गिरा। उक्त विमान को स्प्रिंगफील्ड, ओहियो जाना था। इस प्लेन क्रैश हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि पार्किंग में भीषण आग लगी है और गाड़ियां जल रही हैं। इस आग को काबू पाने के लिए मौके पर मौजूद दमकल कर्मी अपनी पूरी कोशिश करते देखे जा सकते हैं। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि विमान ने उड़ान भरी लेकिन संतुलन खो देने के महज 30 सेकंड के अंदर क्रैश हो गया। इस हादसे के बाद ही घटना स्थल से गहरा काला धुआं उठने लगा और ईंधन की तेज गंध क्षेत्र में फैल गई। हादसे के तुरंत बाद ही घटनास्थल पर दमकल की गाड़ियां और आपातकालीन सेवाएं देने वाली टीमें पहुंच गईं। हादसे की जानकारी देते हुए मैनहाइम टाउनशिप के फायर चीफ स्कॉट लिटिल ने मीडिया को बताया कि प्लेन क्रैश से करीब 12 वाहन प्रभावित हुए हैं। इनमें से 5 तो पूरी तरह जलकर खाक हो गए। यह राहत की बात थी कि हादसे के दौरान विमान किसी इमारत से नहीं टकराया।

पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो ने प्लेन दुर्घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य पुलिस और स्थानीय आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर मौजूद हैं और राहत कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, कि हमारी टीम मौके पर मौजूद है और प्रभावितों को सभी संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। हादसे की जांच शुरु कर दी गई है, ताकि घटना के असली कारण सामने आ सके।

## पेरिस में फैशन शो



पेरिस में फैशन शो के दौरान परिधानों को पेश करती हुई एक मॉडल।

# सीरिया में सैंकड़ों नागरिकों को उतारा मौत के घाट, लगातार की जा रही शांति की अपील

**दमिश्क, 10 मार्च (एजेंसियां)।**

सीरियाई सुरक्षा बलों पर कथित तौर पर अलावी धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के सैकड़ों नागरिकों की हत्या करने का आरोप है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) ने कहा कि शुक्रवार और शनिवार को पश्चिमी तट पर अलावी लोगों को निशाना बनाकर किए गए 30 नरसंहारों में लगभग 745 नागरिक मारे गए। राष्ट्रपति शारा ने कहा, हमें यथासंभव राष्ट्रीय एकता और नागरिक शांति को बनाए रखना चाहिए और हम इस देश में एक साथ रह सकेंगे। सीरियाई ऑब्जर्वेटरी का कहना है कि पिछले चार दिनों में मारे गए लड़ाकों की संख्या को मिलाकर कुल मरने वालों की संख्या 1,000 से ज़्यादा हो गई है। इसमें नई इस्लामिस्ट नेतृत्व वाली सरकार से जुड़े लगभग 125 लड़ाके और असद समर्थक 148



लड़ाके शामिल हैं। वहीं एक अन्य मीडिया रिपोर्ट में सीरियाई सरकार के सूत्रों के हवाले से बताया कि कम से कम 200 लड़ाकों की मौत हुई है। रविवार को दमिश्क की एक मस्जिद से बोलते हुए अंतरिम राष्ट्रपति ने कहा कि सीरिया में वर्तमान में जो कुछ हो रहा है, वह अपेक्षित चुनौतियों के दायरे में है।

### सैकड़ों लोग घर छोड़कर भागे

भूमध्यसागरीय तट पर रहने वाले सैकड़ों नागरिक अपने घरों से भाग गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बड़ी संख्या में लोगों ने लताकिया के हमीमिम में रूसी सैन्य अड्डे पर शरण ली। वहीं दर्जनों परिवार पड़ोसी लेबनान भाग गए हैं। लताकिया और टार्टस प्रांत अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के पूर्व गढ़ थे। यह दोनों प्रांत अलावी अल्पसंख्यक समुदाय से भी संबंधित हैं। अलावी, संप्रदाय शिया इस्लाम का एक हिस्सा है। अलावी लोग सीरिया की आबादी का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। सीरिया एक बहुसंख्यक सुन्नी मुस्लिम है। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने कहा कि वह सीरिया के तटीय क्षेत्रों में नागरिकों के हताहत होने की रिपोर्ट से बहुत चिंतित हैं। उन्होंने सभी पक्षों से ऐसे कार्यों से दूर रहने का आह्वान किया जो देश को अस्थिर कर सकते हैं तथा विश्वसनीय और समावेशी राजनीतिक परिवर्तन को खतरे में डाल सकते हैं। लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी ने लताकिया और टार्टस में अलावी लोगों की हत्याओं को व्यवस्थित और बेहद खतरनाक बताया और सीरिया की अंतरिम सरकार पर संकट को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया। अमानी ने कहा, यह उम्मीद की जा रही थी कि असद सरकार के पतन के बाद, सीरिया को एक कठिन बदलाव का सामना करना पड़ेगा। लेकिन अब जिस पैमाने पर हिंसा हो रही है, वह अभूतपूर्व और बेहद परेशान करने वाली है।

# अमेरिका से भयभीत चीन ताइवान को दिखा रहा आंखे- दे रहा सीधे एक्शन की धमकी

**बीजिंग, 10 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिका चीन को आए दिन आंखे दिखाता रहता है। चीन की हिम्मत नहीं है कि अमेरिका की आंख में आंख डालकर बात कर सके। लेकिन छोटे से देश ताइबान को आए दिन डराता रहता है। ताइवान को अपना हिस्सा मानने वाला चीन कई बार मिलिट्री एक्शन की बात कह चुका है। अब बीजिंग की ओर से एक बार फिर से आक्रामक दावा किया है। चीन की सेना ने कहा कि यदि ताइवान में अलगाववाद की घटनाएं बढ़ेंगी तो उसकी तरफ से एक्शन लिया जाएगा। चीनी सेना ने साफ तौर पर ताइवान की घेरेबंदी की बात कह डाली है।

सैन्य प्रवक्ता वू ने ताइवान को सीधी चेतावनी देते हुए कहा, 'पीएलए (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) अलगाववाद का मुकाबला करने और एकीकरण को बढ़ावा देने में एक्टिव पावर है। आप अपने घोड़े को चट्टान के किनारे तक ले गए हैं। यदि आप गलत रास्ता अपनाते रहेंगे तो आप डेड एंड तक पहुंच जाएंगे।' चीन की सालाना राजनीतिक



महाजुटान के दौरान की गईं ये टिप्पणियां बीजिंग द्वारा 2025 में अपने रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा के कुछ दिनों बाद आई हैं। यह सरकार के लगभग 5 प्रतिशत के वार्षिक जीडीपी विकास लक्ष्य से कहीं ज्यादा है। बता दें कि पिछले कुछ सालों में चीन ताइवान को लेकर और ज्यादा आक्रामक हो गया है।

वू ने कहा कि अतिरिक्त फंड का उपयोग नए क्षेत्रों में और नई विशेषताओं के साथ फाइटर फोर्सेज को विकसित करने और टोही, ज्वाइंट अटैक और बैटल फील्ड सपोर्ट कैपेसिटी को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। चीन का सैन्य खर्च दशकों से बढ़ रहा है, जो मोटे तौर पर आर्थिक विकास के अनुरूप है। देश के पास दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा बजट है, लेकिन यह अपने प्राथमिक रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी अमेरिका से काफी पीछे है।बता दें कि चीन की नजर ताइवान पर लंबे समय से टिकी है और चीनी लीडरशिप इसे अपने ही देश का हिस्सा मानता है। चीन कई मौकों पर ताइवान के खिलाफ मिलिट्री एक्शन की बात भी डायरेक्टली या फिर इनडायरेक्ट तौर पर कह चुका है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप की सरकार बनने के बाद चीन ताइवान को लेकर और भी आक्रामक हो गया है।

### चीन चारों तरफ से करेगा सख्ती

चीन की सेना ने रविवार को बताया कि यदि अलगाववाद बढ़ता है तो वह ताइवान के चारों ओर से सख्ती करेगा और समर्थकों को चेतावनी दी कि वे पीछे हट जाएं या डेड एंड का सामना करने के लिए तैयार रहें। बीजिंग डेमोक्रेटिक कंट्री ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और उसने इस पर दावा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने से इनकार नहीं किया है। चीन ने हाल के सालों में मिलिट्री एक्सरसाइज और ताइवान के चारों ओर फाइटर जेट के अलावा नेवी के जहाजों की लगातार तैनाती कर दबाव बढ़ा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, मिलिट्री के स्पोक्सपर्सन वू कियान ने कहा कि ताइवान की स्वतंत्रता के लिए अलगाववादी जितने अधिक उग्र होंगे, उनके गले में फंदा उतना ही अधिक कसेगा। उन्होंने आगे कहा कि उनके सिर पर लटकी तलवार उतनी ही अधिक धारदार होती जाएगी।



# चमचमाती ट्रॉफी के साथ रोहित शर्मा ने आलोचकों को दिया करारा जवाब

**नई दिल्ली,10 मार्च (एजेंसियां)।**

दुबई में खेले गए चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा ने 76 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को खिताबी जीत दिलाई। बीते छह महीनों में रोहित के लिए यह सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा, जहां रन बनाने में कठिनाइयों के कारण उन्हें टीम से खुद को बाहर तक करना पड़ा था। लेकिन जैसा कि कहा जाता है, अंधेरे के बाद उजाला जरूर आता है। रोहित के लिए यह उजाला नहीं, बल्कि चमक, दीप्तिमान और गौरवशाली था।

## आलोचनाओं के बीच रोहित का अडिग आत्मविश्वास

रोहित की बल्लेबाजी शैली को लेकर दिग्गजों ने सवाल उठाए थे, खासकर उनकी छोटी पारियों की आलोचना हो रही थी। लेकिन फाइनल मुकाबले में उनकी पारी ने सभी आलोचकों को चुप करा दिया। 41, 20, 15 और 28 रनों की पारियों के बाद उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण मैच में 76 रन बनाकर टीम को जीत की राह पर ला खड़ा किया। रोहित की बल्लेबाजी में आक्रामकता के साथ-साथ दृढ़ता भी नजर आई। उन्होंने पावरप्ले में तेजी से रन बटोरने की कोशिश की ताकि बाद में टीम को परेशानी न हो। धीमी पिचों पर रन बनाना मुश्किल था, लेकिन उन्होंने हर मैच में खुद को साबित करने की कोशिश जारी रखी।

## कप्तानी में भी दिखाई कुशलता

रोहित न केवल बल्लेबाज बल्कि एक बेहतरीन कप्तान भी हैं। उन्होंने भारत को चार आईसीसी फाइनल्स तक पहुंचाया, जिनमें से दो में जीत हासिल की। कप्तान के तौर पर उनकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी टीम को ऊर्जावान और प्रतिबद्ध बनाए रखना था, और उन्होंने इसे बखूबी निभाया।

उन्होंने आलोचनाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हर बार फील्ड पर उतरने का मतलब यह नहीं होता कि हम हर मुकाबला जीतेंगे। खेल में हार-जीत होती रहती है। हमने न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवाई, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि टीम कमजोर हो गई है। यह खेल का हिस्सा है।

## टीम को लेकर रोहित का विश्वास

रोहित का मानना है कि भारतीय टीम बेहद प्रतिभाशाली है और इसमें कोई संदेह नहीं कि यह दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों में से एक है। उन्होंने पूर्व कोचों और कप्तानों का भी आभार जताया और कहा, यह सिर्फ मेरी मेहनत नहीं है, बल्कि मुझसे पहले के कप्तानों, कोचों जैसे राहुल द्रविड़ और गौतम गंभीर का भी योगदान रहा है। भारत एक शानदार टीम है।

## निस्वार्थ कप्तान, बेहतरीन खिलाड़ी

रोहित शर्मा ने अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई और यह साबित कर दिया कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं बल्कि एक आत्मनिर्भर और समर्पित कप्तान भी हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनकी यह पारी हमेशा याद रखी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्विएटेक ने यास्त्रेम्स्का को हराकर इंडियन वेल्स के चौथे दौर में बनाई जगह



**नई दिल्ली।** गत चैंपियन इगा स्विएटेक ने रविवार को डयाना यास्त्रेम्स्का को 6-0, 6-2 से हराकर इंडियन वेल्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। यह उनकी लगातार दूसरी प्रभावशाली जीत थी, इससे पहले उन्होंने अपने पहले मुकाबले में कैरोलिन गार्सिया को 6-2, 6-0 से हराया था। दूसरी वरीयता प्राप्त स्विएटेक इस टूर्नामेंट को तीसरी बार जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने की कोशिश में हैं। पोलैंड की इस स्टार खिलाड़ी ने मैच में जबरदस्त प्रदर्शन किया और सिर्फ 65 मिनट में यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी को मात दी। उन्होंने लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया। मैच के बाद उन्होंने कहा, अंत में मैं थोड़ा थक गई थी, ऐसे मैच को खत्म करना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने आखिरी गेम में भी अपनी तीव्रता बनाए रखी,मैं शुरुआत से ही मैच पर नियंत्रण बनाए हुए थी, इसलिए इस प्रदर्शन से संतुष्ट हूं। पांच बार की ग्रैंड स्लैम विजेता स्विएटेक ने 2024 में रोलां गैरोस जीतने के बाद से अब तक कोई खिताब नहीं जीता है। यह 2020 में अपना पहला बड़ा खिताब जीतने के बाद उनकी सबसे लंबी ट्रॉफी सूखी रही है। चौथे दौर में स्विएटेक का सामना 15वीं वरीयता प्राप्त कैरोलीना मुचोवा या कतेरीना सिनीआकोवा से होगा। टॉमी पॉल ने मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में 50वीं जीत दर्ज की लोकप्रिय अमेरिकी खिलाड़ी टॉमी पॉल ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को 6-3, 7-5 से हराकर मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में अपनी 50वीं जीत हासिल की।

### श्रीलंकाई क्रिकेटर मुरलीधरन को जम्मू-कश्मीर सरकार के मुफ्त जमीन देने पर उठा विवाद



**श्रीनगर।** श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर मुथैया मुरलीधरन को जम्मू कश्मीर में मुफ्त में जमीन आवंटित किये जाने पर राज्य सरकार घिरती जा रही है। ये मामला विधानसभा में भी उठा पर सरकार ने आरोनों को गलत बताया है। राज्य के मंत्री जावेद अहमद डार ने कहा कि सरकार को इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि एक पूर्व श्रीलंकाई क्रिकेटर को केंद्र शासित प्रदेश में औद्योगिक इकाई स्थापित करने के लिए मुफ्त में जमीन दी गयी है। वहीं सीपीएम के विधायक एम वाई तारिगामी और कांग्रेस विधायक दल के नेता जी ए मीर ने इस मुद्दे पर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने पूछा कि एक श्रीलंकाई क्रिकेटर को फ्री में जमीन कैसे दे दी गईः इसपर कृषि उत्पादन मंत्री डार ने डार ने कहा कि यह राजस्व विभाग से जुड़ा मामला है। हमारे पास कोई जानकारी नहीं है और हम तथ्यों को जानने के लिए इसकी जांच करेंगे। खबरों के अनुसार, पूर्व क्रिकेटर मुरलीधरन की कंपनी 'सीलोन बेवरेजेस' को कठुआ में बोतल भराई और एल्यूमीनियम केन निर्माण संबंधी 1,600 करोड़ रुपये की यूनिट लगाने के लिए 25.75 एकड़ जमीन आवंटित की गई है। तारिगामी ने किसी का नाम लिए बिना 'मुफ्त' जमीन आवंटन को लेकर सवाल उठाया और सरकार से जवाब मांगा। वहीं कांग्रेस नेता मीर ने भी हस्तक्षेप करते हुए इस मामले को 'गंभीर' बताया। उन्होंने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि एक गैर-भारतीय क्रिकेटर को बिना एक पैसा खर्च किए जमीन कैसे दे दी गई।

### अबरार ने शुभमन के आउट होने पर मनाये जश्न पर माफी मांगी

**लाहौर।** पाकिस्तान के क्रिकेटर अबरार अहमद ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के बल्लेबाज शुभमन गिल के आउट होने के बाद मनाये अपने जश्न के लिए माफी मांगी हैं। अबरार ने शुभमन के आउट होने के बाद जिस आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया था उपर आपत्ति जतायी गयी थी। इस मामले में लोगों ने सोशल मीडिया के जरिये अबरार पर निशाना साधा था। अबरार ने कहा, वह मेरा तरीका था, मुझे नहीं लगता है कि मैंने कुछ गलत किया। किसी अधिकारी ने भी मुझसे नहीं कहा कि मैंने कुछ गलत किया, लेकिन इसके बाद भी किसी को बुरा लगा है तो मैं माफी मांगता हूं। मेरा इरादा किसी ठेस पहुंचाने का नहीं था। अबरार के जश्न पर पाक के पूर्व क्रिकेटरों ने भी नाराजगी जताई थी। भारत के खिलाफ मैच के बाद वसीम अकरम ने कहा, मैं अबरार की गेंदबाजी से बहुत प्रभावित था पर जिस तरह से उसने जश्न मनाया वह गलत था।



# हॉकी इंडिया ने 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 के लिए नामित किए खिलाड़ी, समारोह 15 मार्च को

**नई दिल्ली,10 मार्च (एजेंसियां)।**

हॉकी इंडिया ने सोमवार को हॉकी इंडिया 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 के नामित खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा कर दी है। यह प्रतिष्ठित समारोह 15 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का आयोजन अब तक का सबसे बड़ा होगा, जिसमें लगभग 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि रखी गई है और भारतीय हॉकी के बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। कुल आ श्रेणियों में 32 नामांकित खिलाड़ियों को अंतिम सूची में जगह मिली है। इन खिलाड़ियों ने पूरे वर्ष में अपने असाधारण प्रदर्शन से हॉकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है और इन्हें इस समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस आयोजन की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार होगा, जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा, युवा खिलाड़ियों को भी विशेष पहचान दी जाएगी, जिसमें हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (पुरुषों के लिए) और हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा पुरस्कार (महिलाओं के लिए) आगामी खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, विभिन्न पदों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें शामिल हैं:

- हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर
- हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर
- हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर
- हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार - वर्ष का सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड

इस समारोह में कुछ विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जैसे हॉकी इंडिया प्रेसिडेंट पुरस्कार उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए और हॉकी इंडिया जामन लाल शर्मा पुरस्कार हॉकी में अमूल्य योगदान के लिए। इसके अलावा, अधिकारियों के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें सर्वश्रेष्ठ अंपायर/अंपायर मैनेजर और सर्वश्रेष्ठ तकनीकी अधिकारी शामिल हैं।



**भारतीय हॉकी का ऐतिहासिक वर्ष** - इस साल का हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार 15 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जो भारतीय हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। 15 मार्च 1975 को भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पहली और अब तक की एकमात्र विश्व कप जीत दर्ज की थी। इसके साथ ही, वर्ष 2025 भारतीय हॉकी के लिए एक और महत्वपूर्ण अवसर लेकर आया है, क्योंकि इस साल भारतीय हॉकी की अंतरराष्ट्रीय महासंघ (एफआईएच) से मान्यता प्राप्त करने की 100वीं वर्षगांठ है। भारत 7 नवंबर 1925 को एफआईएच का हिस्सा बना था, जो खुद 1924 में स्थापित हुआ था।

**भारतीय हॉकी के दिग्गजों को किया जाएगा सम्मानित** - इस विशेष समारोह में भारतीय ओलंपिक कांस्य पदक विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, 2024 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष और महिला हॉकी टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, जूनियर एशिया कप विजेता पुरुष और महिला टीमों को भी इस भव्य आयोजन में सम्मानित किया जाएगा। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप कुमार तिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया 7वें वार्षिक पुरस्कार 2024 भारतीय हॉकी की असाधारण प्रतिभाओं का उत्सव है। ये नामांकन हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और समर्पण को दर्शाते हैं। यह न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों को मान्यता देने का अवसर है, बल्कि पूरे भारतीय हॉकी समुदाय की भावना का जश्न मनाने का भी अवसर है। हम इस कार्यक्रम में सभी को एक साथ लाने और उनकी उपलब्धियों की सराहना करने के लिए उत्साहित हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, ये पुरस्कार हॉकी के क्षेत्र में उत्कृष्टता की निरंतर खोज को समर्पित हैं। खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों की मेहनत ने भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है, और हम उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने पर गर्व महसूस कर रहे हैं। इस साल का पुरस्कार समारोह एक यादगार अवसर होगा, जो हमारी हॉकी बिरादरी को प्रेरित करेगा और आगे और भी ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

**नामांकित खिलाड़ी:**

- हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर - 2024)-
- बिचु देवी खरीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता।
- हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर - 2024)-
- संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता।
- हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर - 2024)-
- जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलकंठ शर्मा, सुमित।
- हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड - 2024)-
- लालरेमसियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर।
- हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा पुरस्कार (उभरती महिला खिलाड़ी - अंडर-21)-
- ब्यूटी डुंगडुंग, दीपिका, वैश्णवी विथल फाल्के,सुनेलिता टोप्पो।

हॉकी इंडिया जुगराज सिंह पुरस्कार (उभरते पुरुष खिलाड़ी - अंडर-21)-

अर्शदीप सिंह, आमिर अली, शारदानंद तिवारी, अरिजीत सिंह हुंदल।

- हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी - 2024)-
- सविता पूनिया, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, नवनीत कौर।
- हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी - 2024)-
- अभिषेक, हार्दिक सिंह, हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह।

# डब्ल्यूपीएल समिति में हुए अहम बदलाव, रोहन गौस और दिलशेर खन्ना को मिली नई जिम्मेदारी




**नई दिल्ली,10 मार्च (एजेंसियां)।**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) समिति में अहम बदलाव किए हैं। बीसीसीआई के मानद संयुक्त सचिव चुने जाने के बाद रोहन गौस देसाई को डब्ल्यूपीएल समिति में शामिल किया गया है। इसके अलावा दिलशेर खन्ना को भी आठ सदस्यीय समिति में नामित किया गया है। यह बदलाव प्रभतेज भाटिया के बीसीसीआई के मानद कोषाध्यक्ष चुने जाने के बाद हुआ है, क्योंकि वह पहले डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य थे। बीसीसीआई ने इन नियुक्तियों के जरिए डब्ल्यूपीएल संचालन को और मजबूत करने का प्रयास किया है। डब्ल्यूपीएल समिति की नई संरचना रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), देवजीत सैकिया (संयोजक), अरुण सिंह धूमल (आईपीएल अध्यक्ष), राजीव शुक्ला (बीसीसीआई उपाध्यक्ष), प्रभतेज भाटिया (बीसीसीआई मानद कोषाध्यक्ष), रोहन गौस देसाई (बीसीसीआई मानद संयुक्त सचिव), मधुमति लेले (सदस्य), दिलशेर खन्ना (सदस्य)।

## रोहित ने अय्यर को साइलैंट हीरो करार दिया

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने में मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने भी अहम योगदान दिये। रोहित ने अय्यर को साइलैंट हीरो करार दिया है जो मध्यक्रम को जब भी जरुरत पड़ी संभालते दिखे। पूरे टूर्नामेंट के दौरान, भारतीय टीम का मध्य क्रम अपनी जिम्मेदारी निभाता रहा। इस दौरान कई मैच विजेता साझेदारियां भी हुईं। रोहित ने मैच के बाद कहा, मुझे इस टीम पर बहुत गर्व है। हमें पता था कि हालात कठिन होंगे पर हमने अपने को अच्छी तरह से ढाल लिया। अगर आप सभी खेलों को देखें, तो पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ था। मुझे पता है कि यह केवल 230 रन थे, लेकिन हम जानते थे कि विकेट थोड़ा धीमा था। हमें साझेदारी की जरूरत थी और बल्लेबाजों ने बड़ी साझेदारी की। बल्लेबाजी में गहराई ने भारत को फायदा पहुंचाया है, श्रेयस अपने शांत व्यवहार और आक्रामक अंदाज से बाकी खिलाड़ियों से अलग दिखने नजर आते हैं।

## मिस्ट्री गर्ल के साथ नजर आये चहल



टीम इंडिया से बाहर चल रहे स्पिनर यजुवेन्द्र चहल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल को देखने स्टेडिमय में मौजूद थे। इस दौरान चहल के साथ एक मिस्ट्री गर्ल भी नजर आयी। चहल का कुछ समय पहले ही पत्नी धनश्री वर्मा के साथ तलाक हुआ था। ऐसे में जब प्रशंसकों ने उनके साथ इस मिस्ट्री गर्ल को देखा तो ये कैमरे की नजरों से बच नहीं पाये। इस दौरान मिस्ट्री गर्ल सफेद कलर के टॉप में थी जिसने आंखों पर काला चश्मा लगा रखा था। दोनों एक दूसरे के साथ बातें बात करते दिखे जिसके बाद सोशल मीडिया पर इनकी तस्वीरें और वीडियोज वायरल होने लगे। कई फैंस ने अंदाज लगाया कि मिस्ट्री गर्ल आरजे महावश है जिसके साथ बीते दिनों भी चहल की एक तस्वीर वायरल हुई थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद कोहली ने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया के कठिन दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे

**दुबई,10 मार्च (एजेंसियां)।**

भारत ने रविवार (9 मार्च) को न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के बाद स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी जताई और इस खिताबी सफर को 'संपूर्ण टीम प्रयास' करार दिया। मैच के बाद विराट कोहली ने कहा, हम ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे और एक बड़ा टूर्नामेंट जीतना हमारी प्राथमिकता थी। यह एक अविश्वसनीय अहसास है। हमारी टीम में कई प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी हैं जो भारतीय क्रिकेट को सही दिशा में आगे ले जा रहे हैं। उनके साथ खेलना और अपने अनुभव को साझा करना शानदार अनुभव है। हर खिलाड़ी ने आगे बढ़कर निभाई भूमिका कोहली ने इस जीत को टीम के सामूहिक प्रयास का नतीजा बताया। उन्होंने कहा, टूर्नामेंट के हर मैच में किसी न किसी खिलाड़ी ने आगे बढ़कर अहम भूमिका निभाई। खिताब जीतने के लिए यह जरूरी होता है कि पूरी टीम मिलकर प्रदर्शन करे, और हमने यही किया। इस पूरी प्रतियोगिता में सभी ने किसी न किसी मोड़ पर योगदान दिया, और यही हमारी जीत की असली वजह है। हमारी कोशिश टीम को और मजबूत छोड़ने की अनुभवी बल्लेबाज ने कहा कि वह युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने और उन्हें तैयार करने की कोशिश करते हैं। हमारा प्रयास यही है कि जब हम खेल छोड़ें, तो भारतीय टीम पहले से ज्यादा मजबूत हो। शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और हार्दिक पांड्या जैसे खिलाड़ी बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और भारतीय क्रिकेट सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। न्यूजीलैंड को दिया सम्मान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड टीम की भी तारीफ की और कहा, वे अपनी सीमित संसाधनों के बावजूद हर टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। उनकी रणनीति और फील्डिंग विश्व स्तरीय है। केन विलियमसन मेरे अच्छे दोस्त हैं। हालांकि इस बार वह हारने वाली टीम में थे, लेकिन मैं भी कई बार उनकी टीम के खिलाफ हार चुका हूं। हमारे बीच सिर्फ सम्मान और आपसी प्यार है।




# हैरी ब्रुक ने आईपीएल 2025 से नाम वापस लिया, इंग्लैंड के लिए तैयारी को बताया प्राथमिकता

**नई दिल्ली,10 मार्च (एजेंसियां)।**

इंग्लैंड के मिडिल-ऑर्डर बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से अपना नाम वापस ले लिया है। उन्होंने अपने इस फैसले की वजह इंग्लैंड क्रिकेट टीम के साथ अपनी आगामी प्रतिबद्धताओं और तैयारी को बताया है।

ब्रुक को नवंबर में हुई मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। हालांकि, यह लगातार दूसरा वर्ष है जब उन्होंने आईपीएल से नाम वापस लिया है, जिससे उन पर टूर्नामेंट में दो साल का प्रतिबंध लगने का खतरा बन गया है।

आईपीएल द्वारा लागू किए गए नए नियम के अनुसार, यदि कोई खिलाड़ी नीलामी में अपना नाम दर्ज कराता है और चयनित होने के बाद टूर्नामेंट शुरू होने से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है, तो उसे आगामी दो सत्रों के लिए आईपीएल और नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हालांकि, यह नियम केवल उन खिलाड़ियों पर लागू नहीं होगा जो चोट या अन्य चिकित्सा कारणों से बाहर होते हैं। ब्रुक ने सोशल मीडिया पर अपने बयान में कहा, यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी सीरीज की तैयारियों पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। इसके लिए मुझे खुद को रीचार्ज करने की जरूरत है, क्योंकि यह मेरे करियर का अब तक का सबसे व्यस्त समय रहा है। उन्होंने आगे लिखा, मुझे पता है कि हर कोई इस फैसले को नहीं समझेगा, और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता। लेकिन मुझे वही करना है जो मुझे सही लगता है, और मेरे लिए अपने देश के लिए खेलना ही प्राथमिकता और फोकस है।



गौरतलब है कि पिछले सीजन में ब्रुक ने पारिवारिक शोक के कारण दिल्ली कैपिटल्स से नाम वापस ले लिया था। अब तक उन्होंने सिर्फ एक आईपीएल सीजन (2023) में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेला है।

## हार के बाद भी उपविजेता न्यूजीलैंड हुई मालामाल , 11 करोड़ की इनामी राशि मिली

**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत के बाद जहां भारतीय टीम को साढ़े 21 करोड़ रुपये की इनामी राशि मिली है। वहीं न्यूजीलैंड की टीम को करीब साढ़े 11 करोड़ रुपये इनाम के तौर पर मिले हैं। इस प्रकार देखा जाये तो हार के बाद भी कीवी टीम को मोटी रकम मिली है। भारतीय टीम ने दुबई में खेले गये फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया। चैंपियंस ट्रॉफी की इनामी राशि को लेकर आईसीसी ने पहले ही घोषणा कर दी थी। साल 2017 के मुकाबले इस बार इनामी राशि में 53 फीसदी की बढ़ोतरी की गयी है। इसी कारण उपविजेता टीम भी मालामाल हुई है।उपविजेता टीम के लिए आईसीसी ने 10 करोड़ रुपये का इनाम रखा था, जो न्यूजीलैंड को मिलेगा। इसके अलावा न्यूजीलैंड को पार्टिसिपेशन प्राइज और लीग फेज के मैच जीतने के लिए इनाम मिलेगा। इस तरह कीवी टीम का कुल इनाम करीब 11 करोड़ 44 लाख रुपये बैठता है। इतना ही नहीं, सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को भी मोटी रकम मिली है। पहले सेमीफाइनल में भारत से हारने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम को सेमीफाइनल तक का सफर तय करने के लिए करीब 5 करोड़ रुपये की प्राइज राशि मिली है। इसमें 1 करोड़ 9 लाख रुपये टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए और लीग स्तर में एक मैच जीतने और दो मैच परिणाम रहित रहने पर करीब 59 लाख रुपये मिले। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को साढ़े 6 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि मिली। इसके अलावा दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हारने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम को भी करीब 5 करोड़ रुपये मिले हैं।



# सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली, 10 मार्च (एजेंसियां)।**

घरेलू सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये से लेकर 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है।

इसी तरह 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये से लेकर 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी गिरावट आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 87,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 80,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 87,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 80,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है।

इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 80,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### रियल मनी गेमिंग उद्योग निकायों ने आचार संहिता पर हस्ताक्षर किए




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग कंपनियों के प्रतिनिधित्व करने वाले उद्योग निकायों ने साझा क्यू-कोआर्डिनेटेड इंटरेस्ट्स इन गेमिंग (सीओई) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस आचार संहिता में एआईजीएफ, ईजीएफ, और एफआईएफएस शामिल हैं। सीओई के तहत, सदस्य कंपनियों को केवाईसी सत्यापन और खर्च सीमा निर्धारित करने जैसी उपयोगकर्ता सुरक्षा और जिम्मेदार गेमिंग प्रथाएं बढ़ाने की जिम्मेदारी होगी। इन गेमिंग उद्योग निकायों के सदस्यों में लीडर्स जैसे ड्रीम11, माई11सर्किल, खेलो फैंटेसी लाइव, एसजी11 फैंटेसी, विनजो और जंगली गेम्स शामिल हैं। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ), फेडरेशन ऑफ इंडियन फैंटेसी स्पोर्ट्स (एफआईएफएस) और ई-गेमिंग फेडरेशन (ईजीएफ) ने सीओई पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य जिम्मेदार गेमिंग और विज्ञापन नीतियों को पुष्टि करना और पूरे उद्योग में उपयोगकर्ता सुरक्षा के सही मानकों को सुनिश्चित करना है।

### दुनियाभर में इस साल गेहूं उत्पादन बढ़ने की उम्मीद, भारत की मदद से धान भी तोड़ेगा रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** इस साल दुनियाभर में गेहूं का उत्पादन 79.6 करोड़ टन पहुंचने की उम्मीद है, जो 2024 के लिए एक फीसदी से अधिक वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार यूरोपीय संघ और अमेरिका में गेहूं की पैदावार में वृद्धि की संभावना है, लेकिन कुछ क्षेत्रों में मौसम के प्रतिकूल प्रभाव के कारण उत्पादन पर असर देखा जा सकता है। धान उत्पादन में भी सकारात्मक संकेत हैं, जिससे 2024-25 में वैश्विक धान उत्पादन 54.3 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। इस वृद्धि के पीछे भारत, कंबोडिया, और म्यांमार का योगदान है। हालांकि, खाद्य में गेहूं के उपयोग में कुछ कमी हो सकती है, लेकिन खाद्य और कारखानों में उपयोग बढ़ सकता है। वैश्विक अनाज भंडार की कमी के चलते 45 देशों की खाद्य सुरक्षा पर खतरा है, विशेष रूप से गाजा और सूडान में। संगठन ने चेतावनी दी है कि तीव्र खाद्य असुरक्षा की स्थिति बनी हुई है और इस चुनौती से निपटने के लिए कठिन पहलू होंगे। इन खतरों के बीच, संयुक्त राष्ट्र और उनके सदस्य देशों को सहयोग करने की आवश्यकता है ताकि खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में सुधार हो सके।

### एफएचआरएआई ने कहा- होटल में खाद्य और पेय सेवाओं पर जीएसटी मंजूर नहीं

FH&RA INDIA

**नई दिल्ली।** भारतीय फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (एफएचआरएआई) होटलों को होटल कमरों के किराये से खाद्य और पेय सेवाओं पर गुडस एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) को अलग करने की मांग कर रहे हैं। एफएचआरएआई के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में होटलों को एक्सेस टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाना पड़ता है, जिसका शुल्क 18 फीसदी जीएसटी होता है। उन्होंने इसे अनुचित और चुनौतीपूर्ण बताया और एक फ्लेक्सिबल सिस्टम की मांग की है। जीएसटी काउंसिल ने हाल ही में कई उत्पादों और सेवाओं पर जीएसटी की दरों में बदलाव किया था। इससे ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में उछाल आया है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, फरवरी में 1.84 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी कलेक्शन हुआ है। बता दें कि कई प्रोडक्ट्स और सर्विसेज पर अलग-अलग जीएसटी रेट्स को लेकर आवाजे उठती रही हैं और सरकार ने समीक्षा के बाद इनमें बदलाव किया है। जीएसटी काउंसिल की बैठक में कई उत्पाद और सेवाओं पर जीएसटी की दरों युक्तिसंगत बनाया गया है। इससे पहले फरवरी में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन में 9.1 फीसदी का उछाल आया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### वोटर लिस्ट...

कि विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध करने के साथ देश की अन्य भाषाओं का भी विरोध कर रही है। दुबे ने लोकसभा में शून्यकाल में कहा, ''द्रमुक पार्टी केवल भावना भड़काने का काम कर रही है। तमिल पुरानी है, लेकिन संस्कृत उससे भी पुरानी है। देश के किसी भी मंदिर में चले जाएं, तमिल, तेलुगु, कन्नड किसी भी वाले क्षेत्र में चले जाएं, सभी मंदिरों में आज भी पूजा संस्कृत में ही होती है।''

सरकार ने सोमवार को लोकसभा में यह जानकारी दी कि चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2024 तक कार्ड, ऑनलाइन माध्यमों से और डिजिटल भुगतान धोखाधड़ी के कारण लोगों को कुल 107 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पूरे वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल-मार्च) में इस तरह की धोखाधड़ी से 177 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और द्रमुक की नेता कनिमोझि के बीच सोमवार को लोकसभा में उस वक्त तीखी नोकझोंक हुई जब वे मतदाता सूची की कथित विसंगतियों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के कार्यान्वयन से जुड़े अपने मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रहे थे। नोकझोंक उस समय शुरू हुई जब शून्यकाल के दौरान मतदाता सूची के मुद्दे पर बोलने के लिए बनर्जी खड़े हुए। कनिमोझी सहित द्रमुक के कई सदस्यों ने विरोध करते हुए मांग की कि उनकी पार्टी की सांसद सुमति को एनईपी, 2020 और इसके तीन-फॉर्मूले के कार्यान्वयन पर उनकी बात रखने की अनुमति दी जाए। द्रमुक के लगातार विरोध के बीच बनर्जी ने पार्टी सदस्यों से उन्हें बोलने देने को कहा और अपनी बात जारी रखी। बनर्जी के बोलने के बाद विरोध अधिक मुखर हो गया तथा उनके और कनिमोझि के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक नयी रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि हाल में संपन्न महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर गंगा का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। सरकार ने यह भी कहा कि उसने 2022-23, 2023-24 और 2024-25 (9 मार्च तक) में गंगा की सफाई के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को कुल 7,421 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने सोमवार को लोकसभा में सरकार से राजधानी दिल्ली में एक पूर्वांचल भवन बनाए जाने की मांग की। शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए तिवारी ने दावा किया कि दिल्ली में करीब 45 प्रतिशत आबादी पूर्वांचल मूल के लोगों की है और दिल्ली के विकास में इनका बड़ा योगदान है।

**राज्यसभा की कार्यवाही**

विपक्ष दलों ने मतदाता सूची में कथित हेराफेरी और लोकसभा सीटों के परिसीमन के मुद्दे पर सोमवार को राज्यसभा में हंगामा किया और आसन की ओर से इन मुद्दों पर कार्यस्थगन नियम के तहत चर्चा कराए जाने की मांग खारिज किए जाने के बाद उच्च सदन से बहिर्गमन किया। सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा ने विपक्षी सदस्यों के इस व्यवहार की निंदा की और आसन से आग्रह किया कि वह नेता प्रतिपक्ष सहित सभी सदस्यों को 'रिफ्रेशर' कोर्स करवाएं।

राज्यसभा में सोमवार को सदस्यों ने सोशल मीडिया मंचों के बढ़ते दुरूपयोग, साइबर अपराधों और बैंक धोखधड़ी तथा अंधविश्वास के कारण समाज में हो रही घटनाओं के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और इनके समाधान के लिए सरकार से कड़े और प्रभावी कदम उठाने की मांग की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संजय सेठ शून्यकाल में साइबर अपराधों और बैंक धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों पर चिंता जताई और इस तरह की धोखाधड़ी से निपटने के लिए फास्ट ट्रैक अदालत के गठन की मांग की।

नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने सोमवार को कहा कि भारत में विमानों और इनके कलपुर्जों के निर्माण के लिए आवश्यक नीतियां हैं तथा सरकार क्षेत्रीय परिवहन विमान बनाने के लिए एक विशेष प्रयोजन इकाई (एसवीपी) स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

राज्यसभा में कांग्रेस के एक सदस्य ने सोमवार को रेलवे में कोई पारदर्शिता नहीं होने का दावा करते हुए कहा कि यदि रेलवे को विकसित कर आगे बढ़ाना है तो रेलवे बोर्ड को भी स्वायत्तता देनी पड़ेगी। उच्च सदन में रेलवे (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस के विवेक तन्खा ने कहा कि आज रेलवे को लेकर कोई सार्वजनिक विमर्श नहीं हो रहा है।

### महाकुंभ के दौरान ...

निगरानी की, जिसमें ऐसे शुभ स्नान दिनों के पूर्व और बाद के दिनों सहित शुभ स्नान (अमृत स्नान) के दिन शामिल हैं।

एनजीटी ने निर्देश दिया था कि, महाकुंभ 2025 के दौरान प्राथमिक जल गुणवत्ता मानदंडों को पूरा करने के लिए गंगा और यमुना नदी की जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी लगातार अंतराल पर आवश्यक है। यादव ने बताया कि सीपीसीबी ने एनजीटी के समक्ष 3 फरवरी को अपनी प्रारंभिक निगरानी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें 12 से 26 जनवरी के दौरान एकत्र नदी जल गुणवत्ता के आंकड़ों की रिपोर्ट की गई, जिसमें प्रयागराज में स्थापित दस सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और सात जियोसिंथेटिक डिवाटरिंग ट्यूब (जियो-ट्यूब) फिल्टरेशन के निगरानी डेटा शामिल हैं।

इसके अलावा, सीपीसीबी ने जल गुण-वत्ता डेटा की उपलब्धता बढ़ाने के लिए 21 फरवरी से तीन और जल गुणवत्ता निगरानी स्थानों को जोड़ा और निगरानी आवृत्ति को बढ़ाकर प्रतिदिन दो बार कर दिया, इस प्रकार जल गुणवत्ता निगरानी स्थानों की कुल संख्या 10 हो गई। उन्होंने कहा कि दिनांक 23.12.2024 के आदेश के अनुपालन में माननीय एनजीटी के समक्ष दिनांक 28.02.2025 को एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उक्त रिपोर्ट के अनुसार, सभी निगरानी स्थानों के लिए पीएच, घुलित ऑक्सीजन (डीओ), बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) और फेकल कोलीफॉर्म (एफसी) का औसत मूल्य स्नान के पानी के लिए संबंधित मानदंड/अनुमेय सीमा के भीतर था।

### रेलवे संशोधन विधेयक ...

श्री वैष्णव ने कहा कि नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन की घटना दुखद थी और इससे हमने सबक लेकर प्लेटफार्मों पर भीड़ नियंत्रण की एक नयी व्यवस्था का परीक्षण शुरू किया है। भीड से निपटने के लिए प्लेटफार्मों पर विशेष होल्डिंग एरिया बनाये जायेंगे। दिल्ली के आनंद विहार सहित चार स्टेशनों पर इसका परीक्षण चल रहा है। बडे स्टेशनों पर वार रूम बनाने के साथ संचार व्यवस्था को मजबूत बनाया जायेगा। भीड़ भाड़ वाले स्टेशनों पर उपलब्ध सीटों के बराबर ही टिकट दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान 13 हजार के बजाय 17 हजार अतिरिक्त ट्रेनें चलायी गयी।

रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे में सुरक्षा पर प्रतिवर्ष एक लाख 14 हजार करोड़ रूपये का निवेश किया जा रहा है और इसका असर भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष दुर्घटना की औसत 71 से कम होकर 31 पर आ गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार दुर्घटना की जड़ का पता लगाकर समस्या का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व रेल मंत्री ममता बनर्जी के समय में लगाये गये टक्कर रोधी डिवाइस की तकनीकी जांच नहीं की गयी थी और इसलिए वे 2012 में विफल होने पर वापस ले लिये गये। मोदी सरकार ने इस तरह के उपकरणों के प्रमाणीकरण के प्रमाण पत्र लेकर उन्हें लगाया है। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई 2024 को कवच के चौथे संस्करण का प्रमाणीकरण किया गया है और इसके बाद से ये उपकरण लगाये जा रहे हैं। दस हजार उपकरणों का टेंडर जारी किया गया है और अगले पांच वर्षों में यह प्रणाली लगाये जाने का संकल्प है।

### वानुआतु के पीएम ने ...

कि इंटरपोल ने पर्याप्त न्यायिक साक्ष्य के अभाव में श्री मोदी पर अलर्ट नोटिस जारी करने के भारतीय अधिकारियों के अनुरोधों को दो बार अस्वीकार कर दिया है। इस तरह की कोई भी चेतावनी श्री मोदी के नागरिकता आवेदन को स्वतः ही अस्वीकार कर देती।

उन्होंने कहा है कि वानुआतु का पासपोर्ट एक विशेषाधिकार है, न कि अधिकार, और आवेदकों को वैध कारणों से नागरिकता दिखानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में उनकी सरकार ने निवेश कार्यक्रम के माध्यम से अपनी नागरिकता के लिए उचित प्रक्रिया को मजबूत किया है। बयान में कहा गया है कि अद्यतन प्रक्रिया में इंटरपोल सत्यापन सहित ट्रिपल-एजेंसी जांच शामिल है।

वानुआतु दक्षिण प्रशांत महासागर में एक द्वीप राष्ट्र है, जो ऑस्ट्रेलिया के पूर्व और न्यूजीलैंड के उत्तर में स्थित है। इसमें 83 द्वीपों का एक द्वीपसमूह शामिल है, जिनमें से 65 पर लोग रहते हैं। वानुआतु ऑस्ट्रेलिया और फिजी के बीच में स्थित है। इसकी राजधानी और सबसे बड़ा शहर पोर्ट विला है, जो इफेट द्वीप पर स्थित है। सात मार्च को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि पूर्व आईपीएल प्रमुख ललित मोदी ने वानुआतु की नागरिकता हासिल कर ली है और उन्होंने अपना भारतीय पासपोर्ट जमा करने के लिए लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में आवेदन किया है।

उन्होंने कहा, इसकी जांच मौजूदा नियमों और प्रक्रियाओं के आलोक में की जाएगी। हमें यह भी बताया गया है कि उन्होंने वानुआतु की नागरिकता हासिल कर ली है। हम कानून के तहत उनके खिलाफ मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे।

ललित मोदी आईपीएल के प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान करोड़ों रुपये के गबन में कथित संलिप्तता के लिए भारत में वांछित हैं।

### एयर इंडिया के ...

पता चला कि धमकी भरा अलर्ट झूठ था। मुंबई पुलिस के जोन-8 के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि की और कहा कि यह शौचालय में पाया गया एक सामान्य धमकी भरा नोट है। प्रक्रिया के अनुसार आगे की जांच जारी है।

एयरलाइन के अनुसार, अब विमान 11 मार्च को सुबह पांच बजे उड़ान भरेगा।

एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि संभावित सुरक्षा खतरे के बाद मुंबई लौटने का फैसला लिया गया। बयान के मुताबिक यात्रियों को आवास, भोजन और अन्य सहायता प्रदान की गई है।

### हिंदू धर्म का...

पानी में जाता है. लेकिन इस पर कोई कुछ नहीं कहता. हिंदू धर्म से जुड़े हर मुद्दे पर सवाल उठाना ही क्यों जरूरी है? रमजान के दौरान मोहम्मद अली रोड की स्थिति देखिए.. वहां किस तरह की गंदगी होती है. लेकिन इस पर कोई आवाज नहीं उठाता।

### प्रयागराज महाकुंभ में ...

रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि आंकड़ों में भिन्नता के कारण सांख्यिकीय विश्लेषण की आवश्यकता थी।

दरअसल, इस दौरान अलग-अलग स्थानों से और अलग-अलग तिथियों पर जल नमूने एकत्र किए गए थे, जिससे नदी की पूरी जल गुणवत्ता का सही आकलन करना मुश्किल हो गया। हालांकि, रिपोर्ट 28 फरवरी को तैयार की गई थी, लेकिन इसे 7 मार्च को एनजीटी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

सीपीसीबी ने कुंभ मेले के दौरान 12 जनवरी से 5 बजे तक हर सप्ताह दो बार पानी की निगरानी की। यह कार्य एक विशेषज्ञ समिति द्वारा गंगा नदी के पांच स्थानों और यमुना नदी के दो स्थानों पर किया गया था।

हालांकि महाकुंभ समाप्त हो चुका है लेकिन इस दौरान नदी के पानी में स्नान करने को लेकर सवाल उठे थे कि क्या इससे लोग बीमार हो सकते हैं। इससे पहले एक रिपोर्ट में कहा गया था कि पानी की गुणवत्ता स्नान करने लायक नहीं थी। 17 फरवरी को सीपीसीबी ने एनजीटी को बताया था कि कुछ स्थानों पर पानी की गुणवत्ता समय-समय पर स्नान के मानकों के अनुरूप नहीं थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में लोग स्नान करते हैं, जिससे पानी में मल का स्तर बढ़ जाता है। इस मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को होगी। याचिकाकर्ता के वकील सौरभ तिवारी अदालत में पेश हुए थे।

### बंगाल को ...

उनके मुताबिक, ये हमला स्थानीय टीएमसी नेता शाहनूर मंडल के नेतृत्व में हुआ, जो निंदरिया पंचायत से हैं। दिलीप घोष ने लिखा, बशीरहाट पुलिस स्टेशन के तहत शंखचूरा बाजार के काली मंदिर में मूर्ति तोड़ी गई। ये शाहनूर मंडल के इशारे पर हुआ। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमित मालवीय ने भी इस घटना पर गुस्सा जताया। उन्होंने कहा, जादवपुर के बाद अब बशीरहाट दक्षिण विधानसभा के शंखचारा बाजार में काली माता की मूर्ति क्षतिग्रस्त की गई। टीएमसी विधायक इसे भाजपा की साजिश बता सकते हैं या कह सकते हैं कि हिंदुओं ने खुद ऐसा किया। ममता बनर्जी पिछले पाँच दिनों से हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचार पर चुप क्यों हैं? पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार ने भी टीएमसी और ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा, साकचुरो बाजार में मंदिर में घुसकर माँ काली की मूर्ति के हाथ, पैर और सिर तोड़ दिए गए। शाहनूर मंडल के कट्टरपंथी गुट ने हिंदुओं को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस खामोश है। ममता बनर्जी, बहुत हो गया! अगर आप पश्चिम बंगाल को 'ग्रेटर बांग्लादेश' समझती हैं, तो गलतफहमी में हैं। हम हिंदुओं की भावनाओं से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। भाजपा इसका जवाब देगी।

ये पहली बार नहीं है जब पश्चिम बंगाल में मंदिरों पर हमले हुए हैं। भाजपा ने ममता सरकार से सख्त कार्रवाई की माँग की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाब नहीं मिला है।

### छत्तीसगढ़ के पूर्व...

इस मामले में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा की गिरफ्तारी भी हो चुकी है। उन पर आरोप था कि उन्होंने मंत्री रहते हुए इस शराब घोटाले में 72 करोड़ रुपए का घूस लिया था। उनके अलावा इस घोटाले के मामले में अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी समेत कई अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

जैसे-जैसे जांच का दायरा आगे बढ़ रहा है, इस घोटाले की परत-दर परत खुल रही है। में जुटीं। इस छापेमारी ने न केवल राजनीतिक गलियारों में चर्चा को जन्म दिया है, बल्कि कांग्रेस और विपक्षी दलों के बीच तनाव को भी बढ़ा दिया है।

अब इसकी आंच भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य तक पहुंच गई है। शराब घोटाले का ये मामले वर्ष 2019 में उस वक्त सामने आ गया था, जब प्रदेश की लाइसेंसी शराब की दुकानों पर डुप्लीकेट होलोग्राम लगाकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब बेचे जाने की घटना सामने आई थी। इस गोरखधंधे से राज्य के खजाने को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचा था। होलोग्राम बनाने का ठेका नोएडा की एक कंपनी को दिया गया था।

# भौम प्रदोष संग बना है सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग आज

## बजरंगबली की कृपा से मेष समेत पांच राशियों को बड़ा लाभ

मंगलवार के देवता बजरंगबली है। और मंगल ग्रह कल चंद्रमा से द्वादश भाव में स्थित होकर द्विद्वादश बना रहे हैं। जबकि कल चंद्रमा कर्क राशि में गोचर करते हुए बहुत ही शुभ स्थिति में रहेंगे। इस पर कल के दिन सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का भी शुभ संयोग बना है। ऐसे में कल के दिन बजरंगबली की कृपा दृष्टि का लाभ पाएंगे मेष,मिथुन, तुला, और मकर राशि राशि के जातक विशेष रूप से पा सकेंगे। और इन्हें कल प्रतियोगिता, बिजनेस के अलावा नौकरी में भी भाग्य अनुकूल स्थिति प्रदान करेगा। साथ ही जानें कल के दिन शुभ लाभ पाने के उपाय।

**मेष राशि–** कल का दिन मेष राशि के लिए करियर और कारोबार प्रगति प्रदान करने वाला रहेगा। जो लोग नौकरी की तलाश में हैं या नौकरी में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं उनको कल के दिन कोई सकारात्मक खबर मिलेगी और आप अपने प्रयास में सफलता पाएंगो। आपको कल बिजनेस में अपनी मेहनत का अच्छा प्रतिफल मिलेगा। सहयोगियों से आपको पूरा सहयोग प्राप्त होगा जिससे आप अपने काम को बेहतर तरीके से मैनेज कर पाएंगें। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारी का मूड भी अच्छा रहेगा जिससे आपको मांगने पर छुट्टी भी मिल सकती है। आपकी चाहत भी कल पूरी और और मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे।

**उपाय :** आपको आज चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर हनुमानजी का लेपन करना चाहिए। यह आपके ऊपर आने वाले शनि के प्रतिकूल प्रभाव को भी कम करेगा।



**मिथुन राशि –** आज का दिन मिथुन राशि के जातकों के लिए मंगलकारी रहेगा। आपका लंबे समय से अटका काम पूरा हो सकता है। नौकरी में आप अपने सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाए रख पाएंगे और इनसे आपको अपेक्षित सहयोग भी मिलेगा। अच्छी बात यह भी है कि आप आप काम के साथ कल मौज मस्ती के पल भी दोस्तो के साथ बिता सकते हैं। आर्थिक मामलों में आज कहीं से अचानक ही धन लाभ मिलने का संयोग बनेगा। बिजनेस करने वाले जातकों के लिए कल का दिन बहुत ही अच्छा है। आपका फंसा हुआ माल भी निकल सकता है। कोई अच्छी डील मिल जाने से आपकी मोटी कमाई होगी। पारिवारिक जीवन में भी आपके कल सुख जीवनसाथी से तालमेल बना रहेगा।

**उपाय :** आपको कल लाल वस्त्र धारण करके मंगल के मंत्र ओर क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः का जप करना चाहिए। किसी शुभ काम के लिए यात्रा पर जाएं तो शहद चाट लेना चाहिए।

**तुला राशि –** आज का दिन तुला राशि के जातकों के लिए भाग्य में वृद्धि करने वाला रहेगा। आपको कुछ ऐसे स्रोत से लाभ मिल सकता है जिसकी आपको उम्मीद भी नहीं होगी। आपको अपना पैसा वापस मिल सकता है। नौकरी में आपको कल कुछ ऐसी जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे आपका महत्व प्रभाव बढेगा। आपकी कमाई में वृद्धि होने से भी आपको खुशी मिलेगी। आपके द्वारा पूर्व में किए गए काम को लेकर आपको प्रोत्साहन और प्रमोशन मिलने का चांस रहेगा। अगर आपके जीवनसाथी की सेहत ठीक नहीं चल रही है तो उनकी सेहत और स्वास्थ्य में सुधार होगा। किसी पूर्व मित्र से आपकी अचानक मुलाकात होगी और आपको उनसे कुछ नई जानकारी मिलेगी। भौतिक सुख साधन मिलने का भी संयोग बनेगै।

**उपाय :** बजरंगबाण का पाठ करें और किसी जरूरतमंद व्यक्ति को मसूर की दाल का दान करें।

**वृश्चिक राशि–**वृश्चिक राशि लिए कल का दिन लाभ और उन्नति प्रदान करने वाला रहेगा। ऐसे में आप कल के दिन आलस्य त्याग कर जिन क्षेत्रों में भी प्रयास करेंगे उसमे आपको सफलता मिलेगी। सितारे यह भी कहते हैं कि आपको कोई चाहत भी कल पूरी होने की आपको खुशी होगी। नौकरी में प्रभाव और महत्व बढ़ेगा और आप सहकर्मियों के साथ मनोरंजक पल भी बिता सकते हैं। कल के दिन दिन आपके विरोधी और शत्रु भी आपके प्रभाव को देखकर शांत रहेंगे। छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने के मौका मिलेगा। और प्रतियोगिता में कल के दिन आप सफलता पाएंगे। सरकारी से काम भी कल आपका बनता दिख रहा है।

**उपाय :** आपको कल के दिन मंगल स्तोत्र का पाठ करना चाहिए और साथ ही क्रोध से बचना चाहिए।

**मकर राशि –**आज का दिन मकर राशि के जातकों के लिए प्रगतिदायक रहेगा। आपकी राशि चंद्रमा की शुभ दृष्टि होने से आप कठिन कार्य को भी धैर्य और संयम से पूरा कर पाने में सफल होंगे। नौकरी में कल आप अपना काम समय पर पूरा करके दोस्तों के साथ मनोरंजक समय बिताएंगे। अगर आपके कार्यक्षेत्र में प्रमोशन की बात चल रही है तो इस में आपको कोई अच्छी खबर मिलेगी। परिवार में भाइयों से आपके रिश्ते मधुर रहेंगे और आपको उनसे अपेक्षा अनुसार सहयोग भी मिलेगा। आपको कल के दिन विदेश से भी अच्छी खबर मिल सकती है। और बच्चों की सफलता से भी आपका मन प्रसन्न रहेगा। दीर्घकालीन निवेश करने के लिए अच्छा है।

**उपाय :** दिन को शुभ बनाए रखने के लिए आपको कल किसी से भी कर्ज या उधार लेने से बचना चाहिए। कौए को रोटी देना आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा।

# आज मालव्य राजयोग में हनुमंत की कृपा से मालामाल होंगी कर्क सहित अन्य राशियां

आज हनुमंत कृपा से कर्क और सिंह सहित अन्य राशियों का दिन तरक्की और सफलता से भरा होगा। आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपके धन सम्मान में इजाफा होगा और कारोबार में शानदार मुनाफा होगा।

**मेष : आपके धन में वृद्धि होगी**

मेष राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपको हर कार्य में तरक्की मिलेगी और आपके रुके सभी कार्य पूर्ण होने मन काफी प्रसन्न होगा। आपको हर मामले में अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और किस्मत का भरपूर साथ मिलेगा। आपको करियर से जुड़ा कोई आशाजनक समाचार मिल सकता है और आपको तरक्की हासिल होगी। रुका काम बनने की संभावना है। रात का वक्त आनंद बीतेगा।

**वृषभ : लाभ का दिन है**

वृषभ राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है और आपके द्वारा राजनीति के मामले में किए जा रहे प्रयासों में सफलता मिलेगी। आपको शासन और सत्ता की तरफ से जबर्दस्त लाभ होगा। आपको नए अनुबंधों द्वारा पद, प्रतिष्ठा लाभ मिलेगा और आपके धन में वृद्धि होगी। रात्रि में कुछ अप्रिय व्यक्तियों से मिलने से अनावश्यक कष्ट का सामना करना पड़ेगा। संतान पक्ष से राहत मिलेगी।

**मिथुन : कोई रुका कार्य पूरा होगा**

मिथुन राशि के लोगों का दिन मिलाजुला रहेगा और आपको किसी मूल्यवान वस्तु खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में जीत होगी। आपको कहीं से आशातीत सफलता का समाचार मिलने से मन में हर्ष होगा। शाम के वक्त आपका कोई रुका कार्य पूरा होगा। रात के वक्त आपको किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने का प्राप्त होगा और आपके धन में वृद्धि होगी।

**कर्क : उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग**

कर्क राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और आपको मान–प्रतिष्ठा मामले में लाभ होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी। शाम से लेकर रात आपके लिए कहीं से कोई शुभ समाचार आ सकता है। सुसमाचार मिलेगा।

**सिंह : धन के मामले में लाभ होगा**

सिंह राशि के के लिए लाभ के शुभ योग बन रहे हैं और आपको धन के मामले में लाभ होगा। आपका दिन खुशियों से भरा होगा और आपकी सभी कार्ययोजनाएं सफल होंगी। आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। वाणी की सौम्यता



से आपको सम्मान प्राप्त होगा और शिक्षा, प्रतियोगिता के क्षेत्र आपको सफलता मिलेगी। किसी कारण से आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है। शत्रु आपस में लड़कर नष्ट हो जाएंगे और आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा।

**कन्या : ग्रहों की दशा शुभ है**

कन्या राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और लिए ग्रहों की दशा शुभ है। आपके लिए रोजगार के क्षेत्र में लाभ होने के योग बन रहे हैं और आपको अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद या मुकदमों में जीत आपके लिए खुशी का कारण बन सकती शुभ खर्च बढ़ेगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी।

**तुला: चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा**

तुला राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में दिन शुभ है और आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्यों की खुशियां बढ़ेंगी और कारोबार में गुना तरक्की होने से मन काफी प्रसन्न होगा। लेन–देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपके लिए पास और दूर की यात्रा का प्रसंग बन सकता है। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता और आपको धन के मामले में लाभ होगा।

**वृश्चिक : करियर में सफलता का दिन है**

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए करियर में सफलता का दिन है और आपका हर कार्य योजना के अनुसार पूरा होगा। आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा। आपको धन के मामले में लाभ होगा। आपके लिए तरक्की के योग हैं और सफलता प्राप्त होगी। आपका दिन परिवार के लोगों के साथ आनंद में बीतेगा

**धनु : विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे**

धनु राशि के लोगों को लाभ होगा। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको किसी जरूरी कार्य से दौड़ना पड़ सकता है। आपको सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे। आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी कारोबार में किस्मत का आपको भरपूर साथ मिलेगा।

**मकर : आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी**

मकर राशि के लोगों का दिन शुभ है। पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। अधीनस्थ कर्मचारियों का आदर व सहयोग भी मिलेगा। सांयकाल के समय किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात्रि में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा। माता–पिता का विशेष ध्यान रखें।

**कुंभ : आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे**

कुंभ राशि के लोगों के लिए करियर में सफलता का दिन है। आपके रुके कार्य होंगे और आपको किसी प्रकार की कारोबारी डील में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अकारण शत्रुपत्ति के मामले से बचें और अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्य में निराशा हो सकती है। आपको कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े बचें। अपने काम पर फोकस करें और बिना वजह के विवाद से बचें।

# चंद्र मंगल के द्विद्वादश योग से वृषभ, कर्क सहित चार राशियों को करियर में बड़ी सफलता मिलेगी



आज का दिन चंद्रमा और मंगल का द्विद्वादश योग बनने जा रहा है। यानी दोनों एक दूसरे आज 12वें भाव में गोचर करते हुए कई राशियों को मुनाफा देने वाले हैं। ऐसे में टैरो कार्ड्स की गणना बता रही है कि मंगलवार का दिन वृषभ, कर्क, वृश्चिक और मीन राशि के लोगों के लिए दिन बहुत ही लाभकारी साबित होगा। इन राशि के जातकों के अंदर काफी आत्मविश्वास देखने को मिलेगा। साथ ही करियर में नए रास्ते भी सामने आएंगे। ऐसे में मेष से मीन तक सभी राशियों के लिए दिन कैसा रहेगा।

**मेष : पुरानी बातों को लेकर परेशानी हो सकती है**

टैरो काड्र्स की गणना बता रही है मेष राशि वालों को पुरानी बातों को लेकर परेशानी हो सकती है। बेहतर होगा कि बीती बातों को भुलाकर आगे बढ़ें। आर्थिक रूप से समय अच्छा है, लेकिन घर के खर्च बढ़ सकते हैं। इसलिए बजट बनाकर चलें।

**वृषभ : करियर में नए रास्ते खुलेंगे**

वृष राशि के लोग आज आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। अपनी बात को प्रभावी ढंग से रख पाएंगे। छोटी यात्रा के योग बन रहे हैं। ऑनलाइन काम करने वालों के लिए दिन खास रहेगा। ज़रूरी कागज़ी काम निपटाने का प्रयास करें। किसी पुराने दोस्त से बातचीत करियर नए रास्ते खोल सकती है।

**मिथुन: पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद की आशंका**

मिथुन राशि वालों का ध्यान प्रॉपर्टी खरीदने पर केंद्रित रहेगा। पैसा बचाने की कोशिश करेंगे। पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद हो सकता है। गुस्से में आने के शांति से बातचीत करके समस्या का समाधान निकालें।

**कर्क : धन कमाने में सफल रहेंगे**

कर्क राशि के जातक अपनी मीठी बातों से धन कमाने में सफल रहेंगे। लोग आपके व्यवहार से प्रभावित होंगे। ज़रूरत का सामान खरीद सकते हैं, लेकिन से ज़्यादा खरीदारी करने से बचें, नहीं तो बाद में पछताना पड़ सकता है।

**सिंह : व्यापारियों की कमाई अच्छी रहेगी**

आज सिंह राशि वाले पैसों की प्लानिंग में समय बिताएंगे। जरूरी खर्चों और लंबी अवधि के निवेश पर विचार करेंगे। छुट्टी दिन अपनों से दूर होने के कारण अकेलापन महसूस कर सकते हैं। व्यापारियों की कमाई अच्छी रहेगी, लेकिन खर्चे भी बढ़ेंगे।

**कन्या : छुट्टी के मूड में रहेंगे**

आज कन्या राशि के लोग छुट्टी के मूड में रहेंगे। पार्टियों में शामिल सकते हैं। अपनी हाजिर जवाबी से लोगों का मनोरंजन करेंगे। सामाजिक संबंध मजबूत होंगे। यह नेटवर्किंग कामकाज में भी मददगार साबित होगी।

**तुला : ध्यान काम पर केंद्रित रहेगा**

आज तुला राशि वालों का ध्यान काम पर केंद्रित रहेगा। छुट्टी दिन भी काम करना पड़ सकता है। व्यापारी ज़रूरी सामान खरीद सकते हैं। अनुभवी लोगों से बातचीत से नए विचार मिलेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**वृश्चिक : आर्थिक लाभ के योग हैं**

आज वृश्चिक राशि के लोग छुट्टी लेकर कुछ सीखना चाहेंगे। बड़ों का सम्मान करें और सीखने की ललक रखें। मेहनत रंग लाएगी और कुछ ऐसा सीखने को मिलेगा जो काम को आसान बना देगा। आर्थिक लाभ के योग हैं।

**धनु : काम को पूरी गंभीरता से करेंगे**

आज धनु राशि वाले काम को पूरी गंभीरता से करेंगे। कड़ी मेहनत और भविष्य की योजनाएं मुश्किलों से पार पाने में मदद करेंगी। पुराना कर्ज चुकाने में सफलता मिलेगी। पैसों से जुड़ी बातें किसी को न बताएं।

**मकर : ज्यादा बोलने से बचें**

आज मकर वालों को ज्यादा बोलने से बचना चाहिए। किसी बात को लेकर आपकी अपने जीवनसाथी से बेवजह बहस हो सकती है। हालांकि, व्यापारियों के लिए दिन अच्छा है, लेकिन ग्राहकों से विवाद से बचें। छुट्टी के दिन आराम करेंगे।

**कुंभ : सेहत पर रहेगा पूरा फोकस**

आज कुंभ राशि वाले सेहत पर ध्यान देंगे इस दिशा में वह आज से योग और व्यायाम कर सकते हैं। किराए से आमदनी हो सकती है। साथ ही अगर किसी को पैसा उधार दिया है तो आज आपको वह वापस मिल सकता है।

**मीन : अच्छा समय बीतेगा**

आज मीन राशि के लोग कलात्मक कार्यों में रुचि लेंगे। कुछ नया बनाने से मन को संतुष्टि मिलेगी। दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी, लेकिन कुछ ज़रूरी खर्चे भी सामने आ सकते।

# 14 अप्रैल को मेष संक्रांति मनाई जाएगी

सनातन धर्म में संक्रांति तिथि सूर्य देव को समर्पित होता है। इस दिन सूर्य देव की पूजा एवं साधना की जाता है। सूर्य देव की पूजा करने से आरोग्य जीवन का वरदान प्राप्त होता है। साथ ही सभी प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से मुक्ति है। संक्रांति तिथि पर पूजा, जप–तप एवं दान किया जाता है। ज्योतिषियों की मानें तो सूर्य देव के मेष राशि में गोचर करने की तिथि पर मेष संक्रांति मनाई जाती है। इस दिन खरमास समाप्त होता है। अत: मेष संक्रांति तिथि से सभी प्रकार के शुभ काम किए जाते



**सूर्य राशि परिवर्तन**

ज्योतिषीय गणना के अनुसार, आत्मा के कारक सूर्य देव 14 अप्रैल को राशि परिवर्तन करेंगे। सूर्य देव 14 अप्रैल को देर रात 03 बजकर 21 मिनट पर मेष राशि से निकलकर मेष राशि में गोचर करेंगे। इस राशि में सूर्य देव 14 मई तक रहेंगे। इसके दिन सूर्य देव मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में गोचर करेंगे।

**मेष संक्रांति शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, 14 अप्रैल को मेष संक्रांति मनाई जाएगी। 14 मार्च को पुण्य काल सुबह 05 बजकर 57 मिनट से लेकर दोपहर 12 बजकर 22 मिनट तक वहीं, महा पुण्य काल सुबह 05 बजकर 57 मिनट से लेकर सुबह 08 बजकर 05 मिनट तक है। वहीं, पुण्य क्षण देर रात 03 बजकर 30 मिनट पर है।

**मेष संक्रांति शुभ योग**

मेष संक्रांति पर अभिजीत मुहूर्त का संयोग है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11 56 मिनट से लेकर 12 बजकर 47 मिनट तक है। इस समय में पूजा–पाठ और दान–पुण्य करने से शुभ फल की प्राप्ति होगी। इसके साथ ही कौलव, तैतिल और गर करण के संयोग हैं।

**पंचांग**

सूर्योदय – सुबह 05 बजकर 57 मिनट पर
सूर्यास्त – शाम 06 बजकर 46 पर
चन्द्रोदय– शाम 08 बजकर 07 मिनट पर
चंद्रास्त– सुबह 06 बजकर 22 मिनट पर
ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 04 बजकर 27 मिनट से 05 बजकर 12 मिनट तक
विजय मुहूर्त – दोपहर 02 बजकर 30 मिनट से 03 बजकर 21 मिनट तक
गोधूलि मुहूर्त – शाम 06 बजकर मिनट से 07 बजकर 08 मिनट तक
निशिता मुहूर्त – रात्रि 11 बजकर 59 मिनट से 12 बजकर 43 मिनट तक

आईफा अवॉर्ड्स 2025

# कार्तिक आर्यन ने बेस्ट एक्टर का खिताब जीता

## नितांशी गोयल बेस्ट एक्ट्रेस, लापता लेडीज ने जीते 10-अवॉर्ड





इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी ने 9 मार्च की शाम कई स्टार्स को अलग-अलग केटेगरी में अवॉर्ड से नवाजा। कार्तिक आर्यन, नितांशी गोयल, राघव जुयाल, कुणाल खेमू समेत कई स्टार्स ने इस सेरेमनी में अवॉर्ड अपने किए हैं। 2024 में रिलीज हुई फिल्मों के लिए विनर्स की पूरी लिस्ट सामने आ चुकी है।

9 मार्च की शाम जयपुर में बड़े पर्द पर रिलीज हुई फिल्मों के लिए विनर्स की घोषणा हुई। कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' के लिए बेस्ट एक्टर का खिताब जीता। नितांशी गोयल बेस्ट एक्ट्रेस बनीं। उन्हें ये सम्मान फिल्म 'लापता लेडीज' के लिए दिया गया। कुणाल खेमू, राघव जुयाल समेत और भी कई सितारों का इस इवेंट में जलवा देखने को मिला। आप विनर्स की पूरी लिस्ट नीचे देख सकते हैं।

**आईफा अवॉर्ड्स 2025 विनर्स लिस्ट**

बेस्ट एक्टर- कार्तिक आर्यन भुलैया 3)
बेस्ट एक्ट्रेस- नितांशी गोयल (लापता लेडीज)
बेस्ट पिक्चर- लापता लेडीज
बेस्ट डायरेक्टर- किरण राव (लापता लेडीज)
बेस्ट एक्टर (निगेटिव रोल)- राघव जुयाल (किल)
बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस- जानकी बोड़ीवाला (शैतान)
बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर- रवि किशन (लापता लेडीज)
अचीवमेंच इन इंडियन सिनेमा अवॉर्ड- राकेश रोशन
बेस्ट डायरोक्टोरियल डेब्यू- कुणाल (मडगांव एक्सप्रेस)
बेस्ट डेब्यू (मेल)- लक्ष्य ललवानी (किल)
बेस्ट डेब्यू (फीमेल)- प्रतिभा रांटा (लापता लेडीज)
बेस्ट लिरिक्स- प्रशांत पांडे (सजनी: लापता लेडीज)
बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर- राम सम्पत (लापता लेडीज)
बेस्ट सिंगर (मेल)- जुबिन नौटियाल (दुआ: आर्टिकल 370)
बेस्ट सिंगर (फीमेल)- श्रेया घोषाल (अमी जो तोमार 3.0: भूल भुलैया 3)
साउंड डिजाइन- सुभाष साहू, बोलो कुमार डोलोई, राहुल कर्पे (किल)
बेस्ट स्क्रीनप्ले- स्नेहा देसाई (लापता लेडीज)
बेस्ट डायलॉग- अर्जुन धवन, आदित्य धर, आदित्य सुहास जांभले, मोनाल ठाकर (आर्टिकल 370)
बेस्ट सिनेमाटोग्राफी- राफे महमूद (किल)
बेस्ट एडिटिंग- जबीन मर्चेंट (लापता लेडीज)
बेस्ट कोरियोग्राफी- बॉस्को (तौबा तौबा: बैड न्यूज)
बेस्ट वीएफएक्स- चिल्लीज (भूल भुलैया 3)

# ओटीटी डिजिटल एंटरटेनमेंट : शोभा रियल्टी आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स 2025 ने रचा इतिहास!

शानदार सिल्वर जुबली, डिजिटल एंटरटेनमेंट का नया दौर। भारतीय सिनेमा के 25 वर्षों की शानदार विरासत का जश्न मनाने के लिए, इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) वीकेंड और अवॉर्ड्स 2025 का ऐतिहासिक सिल्वर जुबली संस्करण राजस्थान सांस्कृतिक राजधानी जयपुर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस लैंडमार्क इवेंट ने न केवल भारतीय सिनेमा की यात्रा को सम्मानित किया, बल्कि शोभा रियल्टी प्रेजेंट्स आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स, को-प्रेजेंटेड बाय नेक्सा की शुरुआत के साथ डिजिटल एंटरटेनमेंट के नए युग का भी स्वागत किया गया, जहां डिजिटल पहली बार मुख्य आकर्षण बनी। आईफा, अपनी वैश्विक पहुंच और लोकप्रियता के लिए जाना जाता है, और इस बार भी यह भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म जगत के बड़े सितारों, दूरदर्शी फिल्म निर्माताओं और इंडस्ट्री के दिग्गजों को एक साथ लाने वाला सबसे बड़ा मंच साबित हुआ।



शोभा रियल्टी आईफा अवॉर्ड्स डिजिटल एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में हो रहे बदलावों को समर्पित था, जहां क्रिएटिविटी, कहानी कहने की कला और तकनीकी इनोवेशन एक नए स्तर पर पहुंचे। राजस्थान की शाही विरासत के बीच, यह अवॉर्ड्स उन दूरदर्शी व्यक्तियों को समर्पित किया गया, जो सिनेमा को ओटीटी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नई तक पहुंचा रहे हैं। यह एक अविस्मरणीय रात थी, जहां दुनिया भर के सितारे, कंटेंट क्रिएटर्स और इंडस्ट्री लीडर्स एकत्र हुए और डिजिटल स्टोरीटेलिंग की बेहतरीन उपलब्धियों का जश्न मनाया। उत्कृष्टता की ओर आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स की यह यात्रा सिनेमा के भविष्य के लिए एक नई मिसाल बनी।

ओटीटी डिजिटल एंटरटेनमेंट अवॉर्ड्स की इस रंगारंग रात में इंडस्ट्री के बेहतरीन कलाकारों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। इस शाम ने डिजिटल सिनेमा की उत्कृष्टता का जश्न मनाया, जिसमें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार दिए गए: बेस्ट फिल्म, बेस्ट परफॉर्मेंस इन अ लीडिंग रोल (मेल फीमेल),बेस्ट परफॉर्मेंस इन अ रोल (मेल फीमेल), बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट ओरिजिनल स्टोरी बेस्ट सीरीज, बेस्ट रियलिटी या नॉन-स्क्रिप्टेड सीरीज, बेस्ट डॉक्यूमेंट्री / डॉक्यूफिल्म, बेस्ट टाइटल ट्रैक शामिल हैं।

# कन्नप्पा से काजल अग्रवाल की पहली झलक आई सामने, माता पार्वती के रूप में दिखीं अभिनेत्री




काजल अग्रवाल की अपकमिंग पौराणिक ड्रामा कन्नप्पा से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हो चुका है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्टर को शेयर करते हुए उसे अपना ड्रीम रोल बताया। पोस्टर में काजल मां पार्वती के किरदार में नजर आईं।कनप्पा के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी और अभिनेत्री ने भी अपने प्रशंसकों को इस लुक से रूबरू कराया।पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए काजल अग्रवाल ने लिखा, वाकई एक ड्रीम रोल! 2025 की शुरुआत करने की खुशी है कन्नप्पा, हर हर महादेव। माता पार्वती।काजल अग्रवाल की पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कमेंट करते लिखा, बहुत खूबसूरत।वहीं, पोस्टर में अभिनेत्री देवी पार्वती के रूप में खूबसूरत लग रही हैं। पोस्टर में अभिनेत्री ने सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनी है। उनके लुक को सुनहरे नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स, चूड़ियों और मांग-टीका के साथ पूरा किया गया है। उनके बाल खुले रखे गए उनमें गुलाबी रंग का फूल लगा हुआ है।कन्नप्पा के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं और निर्माण मोहन बाबू ने 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के सहयोग से अपने बैनर एवीए एंटरटेनमेंट के तहत किया है।फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे, जबकि मोहन बाबू, आर। अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, रघु बाबू, प्रीति मुखुंधन, मधु, मोहनलाल, प्रभास और अक्षय कुमार भी महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार कैमियो किरदार में नजर आएंगे। कन्नप्पा अक्षय कुमार की पहली तेलुगू फिल्म है।स्टीफन देवसी ने फिल्म के लिए गाने और स्कोर को तैयार किया है। कन्नप्पा की शूटिंग देश के कई हिस्सों के साथ ही न्यूजीलैंड में भी की गई है। कन्नप्पा इस साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फिल्म रोड री-रिलीज पर बोले अभय देओल मैं कुछ नया, कुछ अलग ढूंढ रहा था



अभिनेता अभय देओल की साल 2010 में रिलीज फिल्म 'रोड, मूवी' एक बार फिर से सिनेमाघरों में आ चुकी है। इस मौके पर एक्टर ने एक पोस्ट शेयर कर अपने जज्बात बयां किए। उन्होंने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील भी की। अभय सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं। इंस्टाग्राम पर फिल्म से जुड़ा एक वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, एक फिल्म जो मैंने अपने करियर के शुरुआती वर्षों में की थी। फिल्म में मैं अपने किरदार की तरह ही, कुछ नया, कुछ अलग, कुछ रोमांचक खोज रहा था।

अभिनेता ने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील भी की। उन्होंने कहा, 'रोड, मूवी' फिर से सिनेमाघरों में चल रही है। अगर आप कुछ ऐसा देखना चाहते हैं जो आज भी मुख्यधारा की कहानी को उसी तरह चुनौती देती है जैसे 15 साल पहले देती थी, तो फिल्म खत्म होने से पहले सिनेमाघरों में जाकर देख डालिए!

देव बेनेगल के निर्देशन में बनी 'रोड, मूवी' का प्रीमियर 2009 के टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में हुआ था। अभय देओल, तनिष्ठा चटर्जी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक के अलावा फिल्म में मोहम्मद फैजल, यशपाल शर्मा, वीरेंद्र सक्सेना भी अहम भूमिकाओं में हैं। कहानी विष्णु के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार के हेयर ऑयल के व्यवसाय से बचना चाहता है।

# आईफा अवॉर्ड्स 2025 करीना से लेकर माधुरी तक, बॉलीवुड हसीनाओं ने लगाया हॉटनेस का तड़का

गुलाबी शहर जयपुर में आईफा अवॉर्ड्स का सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन धूमधाम मनाया गया। यहां बॉलीवुड की चर्चित अदाकाओं ने ग्रीन कार्पेट पर जलवा बिखेरा है।रविवार 09 मार्च को जयपुर में 25वें आईफा अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। यहां हर बार की तरह बॉलीवुड सितारों ने शिरकत की और खूबसूरत अंदाज से अवॉर्ड समारोह में चार चांद लगा दिए। आईफा के कार्पेट पर बॉलीवुड की अभिनेत्रियों ने जलवा बिखेरा। बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित अपने पति श्रीराम नेने के साथ पहुंचीं। उनके अलावा और किस-किस ने शिरकत की।









# जाह्नवी कपूर के जन्मदिन पर प्रशंसकों को मिला बड़ा तोहफा आरसी16 से पहली झलक आई सामने




अभिनेत्री जान्हवी कपूर के 28वां जन्मदिन के खास दिन पर इनकी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म आरसी 16 के निर्माताओं ने एक्ट्रेस का एक लुक रिलीज करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।साउथ इंडस्ट्री के चर्चित अभिनेता राम चरण और बॉलीवुड की अभिनेत्री जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म आरसी 16ळ का पहला लुक सामने आया है। यह लुक एक्ट्रेस जान्हवी के जन्मदिन का खास तोहफा है, जो वृद्धि सिनेमा द्वारा शेयर किया गया है। इसमें एक्ट्रेस ट्रैक पैंट के साथ टीशर्ट पहने हुए दिख रही हैं और वह हाथ में एक बकरी लिए खुशी से झूम रही हैं। यह दृश्य गांव का है, जो फिल्म का एक बिहाइंड दी सीन है। हालांकि, इसमें एक्ट्रेस के किरदार के बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है। अभिनेत्री जान्हवी कपूर की पहली तेलुगु फिल्म देवरा थी। उसके बाद एक्ट्रेस की यह दूसरी तेलुगु फिल्म है, जिसका लोगों को बेसब्रसी से इंतजार है। इस फिल्म में कई बड़े कलाकार भी शामिल हैं।बुची बाबू सना के निर्देशन में बन रही फिल्म जल्द ही शीर्षक से भी पर्दा उठाने की योजना बना रही है। फिलहाल इस फिल्म का अस्थाई नाम आरसी 16 रखा गया है और कहा जा रहा है कि यह एक स्पोर्ट्स ड्रामा है, जिसमें क्रिकेट मुख्य विषय होगा। हाल ही में क्रिकेट से जुड़े कुछ मुख्य दृश्यों की शूटिंग एक विशेष रूप से बनाए गए स्टेडियम सेट में की गई। इस फिल्म में राम चरण बिल्कुल नए लुक में नजर आएंगे, जिसका संगीत एआर रहमान ने दिया है।

# लैपटॉप नहीं कागज पर कलम से अपने विचार और फिल्म की कहानियां लिखते हैं करण जौहर



फिल्म निर्माता करण जौहर लैपटॉप और स्मार्टफोन के जमाने में भी अपने विचार, भावनाएं या फिल्म की कहानी लिखने के लिए कागज-कलम का सहारा लेते हैं। उन्होंने हाल ही में इस बात की जानकारी दी। करण ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया कि जब वह टाइप करते हैं तो उन्हें ऐसा लगता है कि इसमें थोड़ा बनावटीपन है। उन्होंने लिखा, कागज कलम बनाम लैपटॉप... मैं अपने विचार, भावनाएं और फिल्मों पर लिखने के लिए जब मैं टाइप करता हूं तो ऐसा लगता है कि वह बनावटी है। मुझे प्रभात नोटबुक और फाइबर टिप पेन पसंद है। मुझे शब्दों को काटकर उनके ऊपर लिखना पसंद है, ना कि उन्हें डिलीट करना।

उन्होंने बताया कि डिजिटल नोटबुक भी हैं, लेकिन उन्हें नोटबुक पर लिखना बेहतर लगता है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि डिजिटल नोटबुक भी हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि न इधर का न उधर का...लिखना... लिखना होता है! उनकी नई फिल्म 'नादानियां' 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर आई है। करण ने अपने चाहने वालों से कहा कि फिल्म देखें, महसूस करें और मजा लें। इसका निर्देशन शौना गौतम ने किया है और धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने इसे प्रोड्यूस किया है। फिल्म में महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज जैसे सीनियर कलाकार भी हैं।

# आईफा में शाहरुख ने श्रेया को लगाया गले

## गायिका श्रेया बोलीं- जीवन का सबसे खास पल



गायिका श्रेया घोषाल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने शाहरुख खान से संबंधित अपने जीवन के बेहद खास पल की झलक दिखाई। वीडियो में सुपरस्टार के पास जाकर उन्हें गले लगाते दिखे। श्रेया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें शाहरुख मीडिया के लिए पोज देने के बाद श्रेया के पास आते दिखाई दिए।

उन्होंने इवेंट के ग्रीन कारपेट से शाहरुख के साथ एक तस्वीर भी शेयर की। इंस्टाग्राम पर पोस्ट के साथ ने इसे 'हाइलाइट' बताते हुए कैप्शन में लिखा, यह जीवन का सबसे खास पल था। उनकी विनम्रता और स्नेह से मैं हमेशा प्रभावित रहती हूं- मेगा स्टार शाहरुख खान को सभी खास वजह से प्यार करते हैं! आईफा ग्रीन कारपेट पर उन्होंने मुझे गले लगाया और आशीर्वाद देते हुए 'बेटा आप कैसे हैं', यह सबसे अच्छी यादों में से एक रहेगी।

पुरानी यादों को ताजा करते हुए श्रेया ने याद किया कि उन्होंने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'देवदास' से अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसमें शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन, माधुरी दीक्षित नेने और जैकी श्रॉफ भूमिकाओं में थे।

श्रेया ने कहा, मेरा करियर 23 साल पहले फिल्म 'देवदास' से शुरू हुआ था! आईफा के 25 वें साल में, राजस्थान राज्य में अपना 10वां आईफा पुरस्कार पाने के बाद जीवन शानदार बन गया। श्रेया ने पोस्ट के अंत में लिखा, मेरे परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों आभार।

आईफा में पहुंची श्रेया ने इससे पहले इंडस्ट्री में अपने 25 साल पूरा करने पर बात की। उन्होंने बताया कि आईफा के 25 वें साल के जश्न के साथ उन्होंने भी इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। श्रेया ने बताया था कि आईफा अपनी सिल्वर जुबली रहा है और उनके करियर के भी 25 साल पूरे हो चुके हैं।

उन्होंने आगे कहा कि इससे बेहतर क्या हो सकता था। यहां आने का सबसे बेहतरीन अवसर है। राजस्थान के जयपुर में आयोजित आईफा में प्रस्तुति देकर वह खुश और सम्मानित महसूस कर रही हैं।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज आप की सहकर्मी के साथ लोकप्रियता बढेगी । व्यावसायिक रूप से चीजें ठीक ठाक चलेगी आपकी प्रगति होगी. आपकी आमदनी बढ़ेगी और आपको आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नये रास्ते बनेंगे . भाई–बहनों मे संबंध प्रेमपूर्ण रहेंगे. परिवार के सदस्यों के साथ यात्रा की योजना बन सकती है. आपका पारिवारिक–जीवन आनंदमय और खुशहाल रहेगा । हल्का और तंद–रुस्ती वाला भोजन करें स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आप शिव पंचाक्षर मंत्र का जप करें आप का दिन पाजिटिव रहेगा। आज आपके पहले किये गये प्रयास सफल होंगे अगर आप बिजनेसमैन है तो मेहनत ज्यादा करनी पडेगी। परिवार वालो के साथ समय बिताए उत्साह पूर्ण माहौल रहेगा. छात्रों के लिये आज का दिन ठीक है. कुछ ना कुछ नया सिखने को मिलेगा. आप को शिक्षकों का पूरा सहयोग मिलेगा. शारीरिक रुप से आप फिट रहेगें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज परिवार की सभी जरूरी और आवश्यक बातो पर गंभीर रुप से विचार करना चाहिए । परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. बिजनेस में बढ़ोतरी के लिये नए मौके मिल सकते हैं. मित्र और सम्बन्धी आप की मदद कर सकते हैं आप को लाभ पहुचा सकते हैं जीवनसाथी से प्यार और सहयोग मिलेगा. पति–पत्नी के बीच आपसी तालमेल बना रहेगा. भाइयों का सहयोग मिलेगा. संतान के कार्यों से आप पूर्ण सन्तुष्ट रहेंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आप को योग एवं प्राणायाम करते रहना चाहिए आप का कोई पुराना रोग परेशान कर सकता हैं पेट , कमर से जुडा मरज आप के व्यवस्थित जीवन को अस्त व्यस्त कर सकता हैं आर्थिक रुप से कमजोरी के कारण आप को कर्ज की रकम लेनी पड सकती हैं कार्यस्थल पर आप को सदैव अपने सहकर्मियों का समर्थन लेने के लिए मृदु भाषी होना पडेगा अगर आप प्रॉपर्टी–डीलर है या कन्स्ट्रक्शन का कार्य करते है तो सभी दस्तावेजों को गौर करके ही आगे बढाना चाहिए ।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज पहले जो जरूरी खास काम है उस को पूरा करने की कोशिश करें.अपने काम मे फुर्ती दिखाए आप ईनाम के हकदार होंगे। छात्रों को कम मेहनत करने पर भी प्रबल भाग्य के बल पर सफलता हासिल हो सकती है. विवाहित जोडें आज एक दूसरे की भावनाओं को समझे और एक दूसरे की मन की बात जानने की कोशिश करें, रिश्तों में मधुरता बढेगी. अगर आप किसी निजी समस्या से परेशान चल रहे हैं तो, उससे निजात पाने के लिये कोई ठंडा स कदम उठाना पडेगा जिससे आपकी मुश्किल आसान हो सकती है.स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आप के लिए जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसानदेह साबित हो सकता हैं , इसलिए सोच विचार करके ही नतीजे पर पहुंचे ताकि जिन्दगी में आगे आपको पछताना न पड़े. जैसे जैसे समय बितता जाएगा वित्तीय तौर पर सुधार आएगा.पारिवारिक सदस्य की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की ज़रूरत पडेगी. परन्तु सुधार जल्दी ही देखने को मिलेगा । जमीन का सौदा करना अभी के समय मे लाभकारी हैं दूसरे को खुश करने के लिए खुद को तनाव से न थकाएँ. थकान को दूर करने के लिए मैडिटेशन करते रहें।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज पुरानी परियोजनाए जल्दी ही अपने अन्तिम रुप मे पहुंचेगी आपको विभिन्न निवेश से लाभ प्राप्त हो सकता है. आपकी कुछ महत्वाकांक्षाएं पूरी हो सकती हैं और आपके पास नए अधिग्रहण हो सकते हैं. आप एक समृद्ध और सुखी पारिवारिक जीवन जिएंगे, परिवार में उत्सव हो सकता है. आपके बच्चों का प्रदर्शन आपके मन में गर्व और खुशी की भावना पैदा करेगा. आज मौसम सम्बन्धित बिमारी घर के सदस्यों को परेशान कर सकती हैं , आयुर्वेदिक वस्तुओं का इस्तेमाल करें।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज भैरव मंदिर के दर्शन करें तेल का दीपक प्रज्वलित करें, अटके हुए कोर्ट–कचहरी के मामलें सुलझ सकते हैं . कुछ लोगों का व्यवहार आज आपकी समझ से बाहर रहेगा. जरुरत पड़ने पर साथ के कुछ लोग आपकी मदद नहीं करेंगे. ऐसी स्थितियों में पुराना घनिष्ठ मित्र जरूर याद आएगा ज्यादातर समय बच्चों का घर पर बितेगा, और उनसे कुछ बातें करेंगे. आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी. घर का माहौल खुशनुमा रहेगा. अचानक धनलाभ होने से आर्थिक स्थिति में सुधार आयेगा.स्वास्थ्य अच्छा रहेगा ।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आज का दिन कुछ तकलीफ़े ला सकता हैं आपकी मुलाकात ईष्ट मित्रों से हो सकती है। किस्मत का साथ मिलेगा। घर परिवार में किसी सदस्य को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से जूझना पड सकता है। इलाज में खर्च ज्यादा होने की संभावना है। दूसरों की मदद कर सकते हैं।अपनी दिनचर्या में बदलाव लाना होगा जिससे आपका स्वास्थ्य ठीक बना रहे। अपरिचित लोगों से वार्ता नही करना चाहिए ।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज हनुमान मंत्र का जप करें तेल से अभिषेक करना चाहिए परन्तु आज का दिन व्यस्तता में बीतेगा। व्यवसाय के क्षेत्र में निराशाजनक परिणाम प्राप्त होंगे। आपको परिवार का सहयोग प्राप्त नही मिल पायेगा। कार्य क्षेत्र में भी नुकसान उठाना पड सकता है। प्रभु की आराधना करने से मानसिक शांति मिलेगी। आपकी किसी समस्या का समाधान होगा। युवाओं को नौकरी मिल सकती है। कुसंगति को छोड़ें। निवेश के अवसर आएंगे। छात्रों को सफलता निश्चित हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज का माहौल खुशनुमा रहेगा पारिवारिक सुख शांति भी रहेगी। आज का दिन ठीक रहेगा। वाहन चलाते समय सावधान रहें। कोई अप्रिय घटना हो सकती है। आज धार्मिक कार्यों में आपका धन खर्च होगा। आज सेहत को लेकर आप चिंतित रहेंगे। जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे कुछ भूल हो सकती है। आपको विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। किसी से विवाद हो सकता है। घनिष्ठ मित्रों के साथ समय व्यतीत करना चाहिए।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज भाग्य प्रबल हैं कर्मो के आधार पर निश्चित ही सफलता मिलेगी किस्मत का साथ मिलेगा। किसी से विवाद होने के बाद मन में नकारात्मक सोच ज्यादा रहेगी। स्वभाव में कुछ चिड़चिड़ापन दिखाई देगा। कारोबार से जुड़े लोगों के लिए बहुत अच्छा दिन है। बुजुर्गों को सेहत से जुड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आपको निवेश पर अच्छा फायदा मिलेगा । छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। भोजन बहुत ही हल्का करें स्वास्थ्य एकदम चुस्त दुरुस्त रहेगा ।

## मंगलवार का पंचांग

दिनांक : 11 मार्च 2025, मंगलवार
विक्रम संवत : 2081
मास : फाल्गुन , शुक्ल पक्ष
तिथि : द्वादशी प्रातः 08:16 तक
नक्षत्र : आश्लेषा रात्रि 02:16 तक
योग : अतिगंड दोपहर 01:16 तक
करण : बालव प्रातः 08:16 तक
चन्द्राशि : कर्क रात्रि 02:16 तक
सूर्योदय : 06:27 , सूर्यास्त 06:25 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:29 , सूर्यास्त 06:29 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:22 , सूर्यास्त 06:22 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:18 , सूर्यास्त 06:16 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 09:00 से 10:30
लाभ : 10:30 से 12:00
अमृत : 12:00 से 01:30
राहुकाल : सायं 03:00 से 04:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : श्याम बाबा की बड़ी बारस , खाटूश्यामजी में मेला , भौम प्रदोष व्रत , गण्डमूल चालू है

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# गाय की महिमा को समझते हुए आमजन प्रतिदिन करें गौसेवा : भजनलाल

**जयपुर,10 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के साथ ही गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्पित होकर काम कर रहे है। हाल में पेश किए गए राज्य बजट में गौमाता और पशुपालकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। प्रदेशभर में संचालित गौशालाओं तथा नंदीशालाओं के लिए प्रति पशु अनुदान राशि को इस वर्ष 15 प्रतिशत बढ़ाकर 50 रूपये प्रतिदिन करने का किया गया है।

मुख्यमंत्री सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर गौशालाओं की अनुदान राशि बढ़ाने पर आयोजित आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमने पिछले साल गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना प्रारंभ की थी, जिसमें गौवंश हेतु शेड, खेली निर्माण तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने लिए एक लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। अब हम आगामी वित्त वर्ष में भी ढाई लाख गोपालक परिवारों को इस योजना का लाभ मुहैया कराएंगे। श्री शर्मा ने कहा कि गोपालकों को और अधिक राहत




देते हुए गोपाल क्रेडिट कार्ड के लिए सभी दस्तावेजों पर स्टांप ड्यूटी माफ करने और योजना के प्रावधानों को सरल बनाने का भी बजट में प्रावधान किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास हो रहा है और देश की विरासत भी समृद्ध होती जा रही है। वे देश–दुनिया के करोड़ों लोगों के महानायक हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ निश्चय, योजनाबद्ध कार्य और दूरदृष्टि से देश और दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान का प्रवासी देश–दुनिया में मिट्टी से जुड़ा हुआ है तथा प्रवासियों ने हर जगह गौशालाएं बनायी है जिससे गौसेवा के पुण्य कार्यों को बढ़ावा दिया जा सके।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन गौ–संरक्षण के लिए दूरदर्शी सोच के साथ कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए शुरू की गई 'मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना' के दायरे को बढ़ाते हुए आगामी वित्त वर्ष में प्रत्येक श्रेणी में बीमित पशुओं की संख्या दोगुनी की जाएगी। उन्होंने कहा कि पशुधन निःशुल्क आरोग्य के तहत औषधियों एवं टीकों की संख्या में वृद्धि, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दुग्ध संग्रहण के लक्ष्य को बढ़ाना, सर्दियों में गौशालाओं को आवश्यकता अनुसार अनुदान के स्थान पर बाजरा का विकल्प, एक हजार नवीन सहकारी समितियों अथवा संग्रह केंद्रों की स्थापना, 100 पशु चिकित्सा अधिकारियों एक हजार पशुधन निरीक्षकों की भर्ती सहित विभिन्न कार्य गौसेवा के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी संस्कृति में गाय की महिमा अपरंपार है। हमारे शास्त्रों में गंगा, गोमती, गीता और गोविंद की भांति गाय अत्यंत पवित्र मानी गई है और गौ–माता की सेवा से सभी देवी–देवताओं के पूजन का फल मिल जाता है। उन्होंने कहा कि संत–महन्त हमारी संस्कृति के वाहक है तथा हजारों वर्षो से हमारी सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने में इनका बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि समाज का है कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए अपनी भूमिका निभाएं तथा एक जन–जागरण अभियान चलाकर आमजन को प्रतिदिन गायों की सेवा करने के लिए प्रेरित करें।

इस दौरान आए संतों ने मुख्यमंत्री द्वारा गौ–संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यो के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री ने गौसेवा का एक नया अध्याय शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री द्वारा पिछले दोनों बजटों में गौसेवा के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। गत सरकार में गौ भक्तों को गौ–संरक्षण के लिए आंदोलन करना पड़ता था, लेकिन इस सरकार हमारे लिए आशीर्वाद कार्यक्रम हो रहे है। यह सब मुख्यमंत्री की गौ–परायण सरकार के कारण ही संभव हो पाया है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने गौ–पूजा की तथा पाण्डाल में आए संत–महन्तों से आशीर्वाद लिया। संतों ने मुख्यमंत्री को दुपट्टा ओढ़ाकर बजट में गौसेवा के लिए की गई घोषणाओं पर प्रकट किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उल्लासपूर्वक फाल्गुन के महिने में सभी के साथ फूलों की होली खेली, चंग बजाकर होली के गीत गाएं तथा सभी को होली की बधाइयां दी। इस अवसर पर राजस्थान गौसेवा समिति के अध्यक्ष महन्त दिनेश गिरी महाराज, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुनाथ भारती महाराज, प्रदेश रघुनाथसिंह राजपुरोहित, श्रीपतिधाम सिरोही से गोविन्द वल्लभ सहित बड़ी संख्या में गौ–भक्त उपस्थित रहे।

### राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बांगडे का बड़ा बयान

# दुष्कर्मियों के लिए नपुंसक बनाने का कानून हो

**भरतपुर,10 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बांगडे ने दुष्कर्म जैसी जघन्य घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून वकालत की है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति महिला या बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता है, उसके खिलाफ ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए, जिससे उसे तुरंत पकड़कर नपुंसक बना दिया जाए।

राज्यपाल भरतपुर के महात्मा गांधी पशु चिकित्सा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित जिला बार के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे।



अपने संबोधन में उन्होंने महिला अत्याचार को लेकर समाज की मानसिकता पर सवाल उठाए और कहा कि जहां भी ऐसी घटनाएं होती हैं, वहां लोग पीड़िता की मदद करने की बजाय वीडियो बनाने में व्यस्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि अपराधी अकेला होता है, लेकिन अगर लोग मदद के लिए आगे आएंगे, तो अपराध को रोका जा सकता है।

राज्यपाल ने महाराष्ट्र का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां की एक ग्राम पंचायत में जब कुत्तों की संख्या अधिक हो गई, तो उन्हें नपुंसक बना दिया गया। इसी तरह, जो महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म करता है, उसके खिलाफ भी कठोर कानून बनाया जाना चाहिए। उनके इस बयान के बाद यह मुद्दा चर्चा में आ गया है और इसे लेकर विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

# डॉ. अनीष व्यास वास्तु श्री ज्योतिष अलंकार सम्मान से सम्मानित




**जयपुर,10 मार्च (एजेंसियां)।** नक्षत्र ज्योतिष संस्थान सोनी सूत्रम जयपुर की ओर से आयोजित अखिल भारतीय वास्तु सेमीनार में पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर /जोधपुर के निदेशक भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास को वास्तु श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारतीय ज्योतिष विज्ञान वैदिक खगोल शास्त्र संस्था की ओर से डॉ अनीष व्यास को ज्योतिष अलंकार सम्मान से भी सम्मानित किया गया। नक्षत्र ज्योतिष संस्थान सोनी सूत्रम जयपुर की ओर से जयपुर के वैशाली नगर स्थित होटल फैयोरी में अखिल भारतीय वास्तु सेमीनार आयोजित किया गया। जिसमें अखिल भारतीय ज्योतिष विज्ञान एवं खगोल शास्त्र संस्था के संस्थापक वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य पंडित प्रेम शंकर शर्मा, आयोजक राकेश सोनी, डॉ मीना, उमेश सोनी, ज्योतिषाचार्य वीरेंद्र पुरोहित ज्योतिषाचार्य राकेश डागर, रेखा डागर और अजय शर्मा ने वैदिक, सनातन, धर्म संस्कृति और ज्योतिष के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर निदेशक भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास को वास्तु श्री सम्मान से सम्मानित किया। इस अवसर पर भारतीय ज्योतिष विज्ञान एवं वैदिक खगोल शास्त्र संस्था की ओर से डॉ अनीष व्यास को ज्योतिष अलंकार सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

भविष्यवक्ता डॉ. अनीष व्यास ने ज्योतिष पर अब तक सैकड़ों लेख लिखे हैं।

ज्योतिष के लेख विभिन्न समाचार पत्रों एवं टीवी चैनल में नियमित प्रकाशित होते रहते हैं। प्रतिदिन राशिफल भी प्रकाशित होते हैं। उल्लेखनीय कि भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक डॉ. अनीष व्यास को ज्योतिष के क्षेत्र में 150 से अधिक पुरस्कार मिल चुके हैं। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान का मुख्य कार्यालय जयपुर जोधपुर में है। इसके अलावा दिल्ली मुंबई नागपुर इंदौर अहमदाबाद में है।

# चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

**दौसा,10 मार्च (एजेंसियां)।** बैजूपाडा थाना पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई करते हुए महज 12 घंटे में चोरी की वारदात का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। आरोपियों के कब्जे से करीब 15 लाख रुपये का माल बरामद किया गया है। थानाधिकारी जनमेजाराम ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब 2 बजे पीड़ित के घर से 8 तोला सोना, एक जोड़ी नथ, तोला सोने का टीका और 12 हजार रुपये नकद चोरी हो गए थे।

# अवैध खनन पर विभागीय मिलीभगत निचले स्तर पर भ्रष्टाचार चरम पर

**भीलवाड़ा,10 मार्च (एजेंसियां)।** बिजोलिया क्षेत्र के नया नगर में विभाग के अधिकारियो द्वारा ही अवैध खनन किये जाने का बडा मामला सामने आया है। इसमें विभाग के स्थानीय अधिकारियों की निगरानी मे ही जमकर अवैध खनन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नया नगर के ग्रामीणो ने मुख्यमंत्री भजन लाल एवं मुख्य सचिव सुंधाशु पंत को भेजी अपनी शिकायत मे बताया कि नया नगर स्थित ब्लॉक संख्या सी 39, 40, 41 की लीज राशि वर्ष 2020 से जमा नहीं हो रही थी। जिसके परिणाम विभाग ने उक्त ब्लॉक को खारिज कर दिया था। तब से उक्त ब्लॉक पर खनन कार्य बंद था।



इसी बीच पास के ही ब्लॉक में खुदाई के दौरान अच्छा किमती पत्थर मिलने के बाद स्थानीय विभाग के अधिकारी ने खनन माफियाओं से मिलकर उक्त खारिज ब्लॉक पर सरकार को रुपये की राजस्व हानि पहुंचाकर खनन कार्य चालू करवा दिया। इस संदर्भ मे स्थानीय खनिज विभाग के अधिकारी प्रवीण अग्रवाल से चार बार फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया।

# होडल में भूमि का चयन होने पर अति सुंदर बस स्टैंड बनाया जाएगा : अनिल



**चंडीगढ़,10 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुराने बस स्टैंड, होडल को स्थानांतरिक करने की मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसरण में विभाग द्वारा होडल में नए बस स्टैंड के लिए अन्यत्र भूमि की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही बस के लिए भूमि का चयन हो जाएगा तो अति सुंदर बस स्टैंड बनाकर दिया जाएगा। विज ने यह जानकारी आज हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान लगाए गए एक प्रश्न के उत्तर में दी। परिवहन मंत्री ने बताया कि उपयुक्त भूमि के चयन के पश्चात् ही मुख्यमंत्री घोषणा क्रियान्वित किया जा सकता है।

# कांग्रेस के पार्षद प्रत्याशियों को संगठन में दिया जाएगा स्थान : बघेल

**गुरुग्राम,10 मार्च (एजेंसियां)।** नगर निगम चुनाव की फीडबैक को लेकर सोमवार को यहां कमान सराय स्थित कांग्रेस भवन में अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के एवं हरियाणा कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी जितेंद्र बघेल ने की। इस दौरान जिला प्रभारी करण सिंह दलाल, सहप्रभारी अशोक बुवानीवाला, ठाकुर राजाराम, शहरी संयोजक पंकज डावर, ग्रामीण संयोजक विरेंद्र यादव, मेयर प्रत्याशी सीमा पाहुजा, मानेसर मेयर प्रत्याशी नीरज यादव, मोहित ग्रोवर,पर्ल चौधरी, सुधीर चौधरी, सोहना से जवाहर लाल, सूबे सिंह यादव, पीसीसी डेलिगेट पंकज भारद्वाज, रोहताश बेदी, मनीष




खटाना समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में हरियाणा कांग्रेस कमेटी के सहप्रभारी जितेंद्र बघेल व अन्य पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं, प्रत्याशियों से निगम चुनाव पर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन अनुशासित संगठन है। यहां हर कार्यकर्ता को अपनी बात रखने का अधिकार है। ऐसे अधिकार अन्य किसी संगठन में नहीं देखे जा सकते। उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनाव में सभी ने पूरी शिद्दत से काम किया। सभी कार्यकर्ता दिन–रात लगे रहे।

### हरियाणा विधानसभा सत्र

# अरविंद और गौरव गौतम ने सरकार की नीतियों का किया समर्थन

**चंडीगढ़,10 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विधायकों ने अपनी राय रखी। इस दौरान हरियाणा के राज्यमंत्री गौरव गौतम और कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने आईएएनएस बातचीत करते हुए सरकार की नीतियों का समर्थन व विपक्ष की आलोचना की। राज्यमंत्री गौरव गौतम ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में स्पष्ट रूप से सरकार का विजन रखा गया है, और इस पर सदन में सभी विधायकों ने अपनी–अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश के के लिए सभी ने अपने विचार साझा किए। एसवाईएल (सतलुज–यमुना लिंक) मामले पर उन्होंने कहा कि यह एक पुराना मुद्दा है और इसका फैसला पहले ही हो चुका है। गौतम ने यह भी कहा कि हरियाणा की जनता की मांग के साथ राज्य सरकार खड़ी है और मुख्यमंत्री नायब सैनी की सरकार पूरी तरह से उनके हित में काम कर रही है।

# भाजपा ने हरियाणा गौ सेवा आयोग के बजट को बढ़ाकर 500 करोड़ किया : बड़ौली

**नूंह,10 मार्च (एजेंसियां)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सनातन संस्कृति की रक्षा और गौ सेवा को प्राथमिकता दी है। गौमाता की सुरक्षा के लिए प्रदेश में गोशालाएं और नंदीशालाओं का निर्माण गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को मेवात में वीर भगत सिंह गौशाला पहुंचे और वार्षिक महोत्सव में शिरकत की। इस मौके पर बड़ौली ने प्रदेश के लोगों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस व अन्य पार्टियों से आए लगभग 20 लोगों को भाजपा शामिल कराया और उनका भाजपा में स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा



सरकार गौसेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि 2014–15 में हरियाणा गौ सेवा आयोग के लिए केवल 2 करोड़ रुपये का बजट था। हरियाणा की देवतूल्य जनता ने भाजपा सरकार बनाई और हमारी सरकार ने बजट को बढ़ाकर 510 करोड़ रुपये कर दिया। बड़ौली ने कहा कि वर्ष 2014 तक हरियाणा में 215 पंजीकृत गौशालाओं में केवल 1 लाख 74 हजार गोवंश थे। लेकिन इस समय प्रदेश में 683 पंजीकृत गौशालाएं हैं, जिनमें लगभग 4 लाख 50 हजार गोवंश का पालन–पोषण हो रहा है।

पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार किसान समर्पित सरकार है। पिछले 10 सालों में भाजपा सरकार ने खेती–किसानी को बढ़ावा देने के साथ–साथ पशुपालन को बढ़ावा दिया है। किसान समृद्ध हो इसके लिए भाजपा सरकार ने अनेकों योजनाएं जिनका लाभ देश और प्रदेश के करोड़ों किसानों को मिल रहा है। बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार किसानों की सभी फसलों को एमएसपी खरीद रही है। प्रदेश में भाजपा सरकार से युवा, किसान, महिलाएं और गरीब व्यक्ति खुश है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह हर वर्ग के हितों के लिए योजनाएं बनाकर उनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचा रहे हैं। बड़ौली ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य सत्ता के माध्यम से सेवा करना है। नायब सरकार 24 घंटे जनहित के कार्यों में लगी हुई है। इस मौके पर जिला प्रभारी समय सिंह भाटी, अध्यक्ष नरेंद्र पटेल, जिला महामंत्री श्रीपाल शर्मा, शिव कुमार आर्य, रमेश, सुरेंद्र, कीरा गौशाला के अध्यक्ष योगेश शर्मा, पूर्व चेयरमैन औरंगजेब आदि उपस्थित रहे।

# सोना चोरी से पहले रान्या राव ने पिछली सरकार से औद्योगिक भूमि हासिल की थी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव, जिन्हें हाल ही में दुबई से 12.56 करोड़ रुपये के सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, को पिछली कर्नाटक सरकार ने 2023 की शुरुआत में स्टील प्लांट लगाने के लिए औद्योगिक भूमि आवंटित की थी। कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) ने रविवार को इसकी पुष्टि की। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी रान्या को बेंगलूरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सोने की छड़ों के साथ पकड़ा गया। उसके आवास पर बाद में छापेमारी में 2.06 करोड़ रुपये के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपये की भारतीय मुद्रा बरामद हुई। राजस्व खुफिया निदेशालय ने मामले में कुल जब्ती 17.29 करोड़ रुपये की घोषणा की, जिससे संगठित सोना तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा। केआईएडीबी का बयान तुमकुरु जिले के सिरा औद्योगिक क्षेत्र में रान्या की कंपनी क्षीरोदा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 12 एकड़ औद्योगिक भूमि आवंटित करने की खबरों के जवाब में आया है। 2 जनवरी, 2023 को 137वीं राज्य स्तरीय एकल खिड़की मंजूरी समिति (एसएलएसडब्ल्यूसीसी) की बैठक के दौरान भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने इस भूमि को मंजूरी दी थी।

इस मंजूरी से क्षीरोदा इंडिया को 138 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव के साथ टीएमटी बार और रॉड सहित स्टील उत्पादों के लिए एक विनिर्माण इकाई स्थापित करने की अनुमति मिली। इस परियोजना से लगभग 160 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद थी। मध्यम और बड़े उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने 22 फरवरी, 2023 की अंतिम सरकारी अधिसूचना जारी की, जिसमें परियोजना के अनुमानित आर्थिक प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। हालांकि, तस्करी मामले में रान्या की संलिप्तता के कारण पिछली सरकार द्वारा भूमि आवंटन अब जांच के दायरे में आ गया है। रामचंद्र राव, जो वर्तमान में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं, ने अभी तक स्थिति पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

रान्या की गिरफ्तारी और भूमि आवंटन के खुलासे ने राजनीतिक बहस छेड़ दी है, खासकर तब जब मई 2023 में सत्ता संभालने वाली कांग्रेस सरकार पिछले औद्योगिक स्वीकृतियों की जांच कर रही है।

सोने की तस्करी के मामले और भूमि सौदे के साथ संभावित संबंधों की आगे की जांच चल रही है।

राज्य बजट में लापरवाही

# निजी वाहन चालकों ने कर भुगतान रोकने की चेतावनी दी



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** निजी वाणिज्यिक वाहन चालकों और मालिकों ने मुख्यमंत्री सिद्धरामैया द्वारा पेश किए गए राज्य बजट पर अपना गुस्सा जाहिर किया है और उन पर अपने निर्वाचन क्षेत्र की पूरी तरह से अनदेखी करने का आरोप लगाया है।

भारतीय ऑटोमोबाइल चालक संघ और स्नेहजीवी चालक संघ के प्रतिनिधियों ने कहा कि परिवहन विभाग राज्य सरकार के लिए राजस्व पैदा करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में से एक है, लेकिन बजट में इसे पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया है। भारतीय मोटर चालक संघ के अध्यक्ष गंडासी सदानंद स्वामी ने कहा चालकों और मालिकों के समुदाय के हिस्से के रूप में, हमने बजट-पूर्व बैठक में मुख्यमंत्री को कई सुझाव दिए थे। हालांकि, बजट में हमारी कोई भी मांग पूरी नहीं की गई है। चालकों और मालिकों के प्रतिनिधियों द्वारा मुख्यमंत्री को सुझाए गए प्रमुख सुझावों में राजमार्गों पर हर 100 किलोमीटर पर चालकों के लिए विश्राम गृह की स्थापना, एम्बुलेंस की सुविधा, ट्रकों से ईंधन चोरी रोकने के उपाय और पुलिस गश्त बढ़ाकर चालकों द्वारा लूटपाट रोकने के उपाय शामिल हैं। उन्होंने अनुरोध किया था कि केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्राइवरों के लिए दो और इंदिरा कैंटीन स्थापित की जाएँ और एक दिन को 'ड्राइवर दिवस' के रूप में मनाया जाए। स्वामी ने कहा हमने दुर्घटनाओं से बचने के लिए ड्राइवर प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना का अनुरोध किया है। हमने मांग की है कि वाहन किराये की दरें समान रूप से तय की जाएँ और एक शहर, एक दर लागू की जाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि वह कर भुगतान रोककर सरकार का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करने के लिए आंदोलन शुरू करेगी।

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी बोले-

# नौकरी के नाम पर ख्याली पुलाव पका रहे हैं विपक्ष के लोग



**पटना (एजेंसियां)।** नौकरी के नाम पर विपक्षी पार्टी ख्याली पुलाव पका रहे हैं। उनके पास कुछ नहीं है, जो वह नौकरी देंगे। उक्त बातें पत्रकारों से बातचीत करते हुए केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहीं। उन्होंने कहा कि वह समाज के द्वारा परंपरागत से होली मिलन समारोह करते आ रहे है। जब चुनाव का माहौल आने वाला था, उसे समय भी कार्यक्रम हुआ था। उस कार्यक्रम में भी हम आए थे, उसे समय लोगों ने हमें सांसद बनने का संकल्प लिया था। आज हम गया के सांसद के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री बन गए। आज हमें लोकतंत्र के सत्र में जाना है।

वहीं बिहार में कांग्रेस नेता कन्हैया द्वारा बिहार में नौकरी दो यात्रा निकाल रहे हैं। इस सवाल पर उन्होंने कहा नौकरी कहां से देंगे। उनके पास कौन सा ताकत है कि वह नौकरी देंगे। नौकरी और नियोजन दो बात होती है। आपने देखा होगा बिहार सरकार 12 से 13 लाख लोगों को नौकरी दे चुकी है।

नीतीश कुमार यात्रा कर करोड़ों रुपए का आयोजन दे चुके हैं। सभी योजनाओं को मंत्रिमंडल में स्वीकृति दी गई है। सभी विभाग में काम लग रहा है। अगर काम लगेगा तो नियोजन होगा। बिहार में नौकरी देना सबको संभव नहीं है।

विपक्ष के नेता ख्याली पुलाव पका रहे हैं। उनके पास कुछ नहीं है, जो वह नौकरी देंगे। अगर उनको बिहार की जनता सत्ता देती है फिर भी वह पूरा नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में पीएम नरेंद्र मोदी और बिहार में नीतीश कुमार का नेतृत्व है। डबल इंजन की सरकार है। बिहार में शांति, सुख और सद्भाव है। आज की स्थिति में कुछ लोग जात और अपना हित साधने का काम कर रहे हैं। सब लोग जान रहे हैं कि बिहार सरकार नौकरी दे रही है। आगे भी नियोजन का काम करते रहेगी।

वहीं राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस में रहकर कई नेता एनडीए का काम कर रहे हैं। इस सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप इसे भी समझ जाइए कि वह कितना कमजोर है। उनके लोग दूसरे जगह जाने के लिए तैयार है। आज हम यूक्रेन से बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए 225 सीटें जीत कर फिर सरकार बनाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि एक देश एक चुनाव होना चाहिए, जो देश के विकास में हित है। किसी को भ्रम नहीं होना चाहिए। ऐसा नहीं है कि आज नरेंद्र मोदी की सरकार सिर्फ ऐसा कर रही है। इसके पूर्व में भी दशकों तक देश में एक साथ सभी चुनाव होते थे।

# शिवसेना ने एमईएस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

### 22 मार्च को कर्नाटक बंद



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कन्नड़ संगठनों के गठबंधन ने सोमवार को शहर में विरोध प्रदर्शन शुरू किया, जिसमें सीमा पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र एकीकरण समिति पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले कन्नड़ कार्यकर्ता वटल नागराज ने मांग की, बेलगावी कर्नाटक का अभिन्न अंग है। सरकार को यहां राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। बेलगावी में मराठी नामपट्टिकाएं हटाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा हमने बेलगावी की सुरक्षा, एमईएस पर प्रतिबंध, महादयी परियोजना के कार्यान्वयन और उत्तरी कर्नाटक के विकास की मांग को लेकर 22 मार्च को कर्नाटक बंद का आह्वान किया है। उन्होंने चेतावनी दी राज्य में एमईएस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए था। लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने ऐसा नहीं किया। अगर एमईएस पर जल्द ही प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो आने वाले दिनों में बेलगावी में विधानसभा का शीतकालीन सत्र आयोजित नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए कहा हर महीने तीन मंत्रियों को सुवर्ण विधान सौधा में आकर लोगों की समस्याएं सुननी चाहिए। बेलगावी के नेताओं को वोट के लिए मराठियों को लुभाना नहीं चाहिए। अगर वे चाहते हैं तो उन्हें महाराष्ट्र भी जाना चाहिए। उन्होंने कहा 22 तारीख को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बंद रहेगा। उस दिन बेलगावी आने या न आने पर फैसला लिया जाएगा।

# सरकार पर्यटकों की सुरक्षा को गंभीरता से ले रही है : एचके पाटिल



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** गंगावती तालुक के सनापुर में एक इजरायली महिला और एक होमस्टे मालिक के साथ मारपीट और बलात्कार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एचके पाटिल ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार पर्यटकों की सुरक्षा को मजबूत करने के तरीकों पर गंभीरता से विचार कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। पाटिल ने कहा कि वह गृह मंत्री जी परमेश्वर से इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाने का अनुरोध करेंगे। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हम्पी और उसके आसपास ऐसा अपराध हुआ है।

वास्तव में, सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है, आरोपियों को खोजने के लिए हर संभव कदम उठाए हैं और हम पीड़ितों को आश्वस्त करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

सरकार पर्यटकों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के बारे में गंभीरता से सोच रही है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ सख्त कदम उठाएंगे कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

# अभिनेत्री शबाना आजमी लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने बेंगलूरु में आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के तहत भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री और बहुभाषी कलाकार शबाना आजमी को उनके कावेरी स्थित आवास पर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार के साथ 10 लाख रुपए का चेक भी दिया गया। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध कवि और गीतकार जावेद अख्तर भी मौजूद थे।

आरा तनिष्क शोरूम लूटकांड : दो घंटे के अंदर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# लुटेरों से मुठभेड़, तीन झोले में आभूषण बरामद



**आरा (एजेंसियां)।** पूर्णिया में शुक्रवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जब दिन के करीब 12 बजे हथियारों से लैस चार से छह की संख्या में अपराधियों ने शहर के प्रमुख तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में करोड़ों की लूट को अंजाम दिया। घटना ने पुलिस-प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

चश्मदीदों के मुताबिक, अपराधियों ने हथियार के बल पर शोरूम के कर्मचारियों और ग्राहकों को बंधक बनाया और फिर व्यवस्थित तरीके से शोरूम में रखे सभी कीमती गहनों को बैग में भरकर फरार हो गए। पुलिस शुरू में लूट की राशि दो से तीन करोड़ रुपये बता रही है, लेकिन शोरूम कर्मचारियों का दावा है कि करीब 20 करोड़ रुपये के जेवरात लूटे गए हैं।

भागने के दौरान एक अपराधी की बाइक असंतुलित होकर फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिर गया, लेकिन वह तुरंत उठकर फरार हो गया। इस अफरा-तफरी के बीच उसकी पिस्तौल सड़क पर गिर गई, जिसे एक ई-रिक्शा चालक मौके से उठा कर ले गया, जिससे मामले में एक नया मोड़ आ गया है।

घटना के बाद जब अपराधी डोरीगंज के रास्ते से छपरा की ओर भाग रहे थे, तब भोजपुर पुलिस को इसकी सूचना मिली। बड़हरा थाना की पुलिस ने बबुरा छोटी पुल के पास अपराधियों को रोकने की कोशिश की। जहां तीन बाइक पर सवार छह अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाई, जिसमें दो अपराधी घायल हो गए। घायल अपराधियों की पहचान सारण जिले के दिघवारा निवासी विशाल गुप्ता (पिता भुनेश्वर प्रसाद) और सोनोर के सेमरा गांव निवासी प्रदीप कुमार (पुत्र कुणाल कुमार) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से हथियार और कुछ लूटी गई ज्वेलरी भी बरामद की है।

पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है कि घटना के मुख्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और शेष फरार अपराधियों की तलाश के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

# शादी का झांसा देकर ग्रामीण चिकित्सक ने किया दो साल तक यौन शोषण

### जबरन कराया गर्भपात, अब दी हत्या की धमकी

**मुजफ्फरपुर (एजेंसियां)।** मुजफ्फरपुर जिले से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक तलाकशुदा महिला के साथ एक ग्रामीण चिकित्सक ने शादी का झांसा देकर दो वर्षों तक यौन शोषण किया। मामला तब और गंभीर हो गया जब महिला के गर्भवती होने पर आरोपी युवक ने जबरन उसका गर्भपात करवा दिया। अब आरोपी युवक महिला को हत्या की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने इस पूरे मामले को लेकर मुजफ्फरपुर महिला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

महिला ने पुलिस को दिए गए अपने बयान में बताया कि वह करजा थाना क्षेत्र की निवासी है। वर्ष 2019 में उसकी शादी नेपाल के रौतहट जिले के एक युवक से हुई थी। तीन वर्षों तक वैवाहिक जीवन बिताने के बाद 2022 में पति से तलाक हो गया। इसके बाद वह अपनी बेटी को लेकर मायके लौट आई और यहीं रहने लगी।

इसी दौरान गांव में एक ग्रामीण चिकित्सक, जो बच्ची के इलाज के सिलसिले में आता-जाता था, उससे बातचीत बढ़ाने लगा। धीरे-धीरे संबंध गहरे हुए और चिकित्सक ने शादी का प्रस्ताव देकर विश्वास जीत लिया। महिला ने बताया कि आरोपी ने वादा किया कि वह उसे जीवन भर साथ रखेगा और कोई तकलीफ नहीं होने देगा। इसी भरोसे में महिला उसके करीब आ गई और दोनों के बीच शारीरिक संबंध बनने लगे।

महिला का आरोप है कि 2023 में वह गर्भवती हो गई और जब उसने आरोपी से शादी करने के लिए दबाव बनाया, तो आरोपी उसे एक निजी नर्सिंग होम ले गया और जबरन गर्भपात करवा दिया। इसके बाद उसका व्यवहार बदल गया और अब वह लगातार हत्या की धमकी देने लगा है, जिससे डरी-सहमी पीड़िता कुछ समय के लिए अपने नाना के घर शरण लेने को मजबूर हो गई।

इस संबंध में महिला थाना प्रभारी अंजली कुमारी ने बताया कि महिला द्वारा दर्ज कराए गए आवेदन की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी युवक भी करजा थाना क्षेत्र का ही निवासी है। सभी पहलुओं पर पड़ताल हो रही है और जल्द ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com